हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 03 जुलाई, 2025 वर्ष : 13 अंक : 44 मूल्य : 3 रुपए

www.koylanchalsamvad.com

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

कोविड के बाद अचानक मौतों पर स्टडीः आईसीएमआर का दावा... | बिग ब्यूटीफुल बिल बना ट्रंप के लिए जी का जंजाल ? | अब ओला-उबर राइड पर लगेगा दोगुना किरायाः केंद्र...

## आज 3 बजे होगा एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन, यात्रा तीन मिनट में होगी पूरी

# नितिन गडकरी आज रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर और गढ़वा में रेहला फोर लेन रोड का करेंगे उद्घाटन

**रांचीः** रांची वासियों को 3 जुलाई को बड़ी सौगात मिलने वाली है. केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे. इसके बाद कॉरिडोर आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा. इस मौके पर ओटीसी मैदान में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इस सभा को संबोधित करेंगे. उद्घाटन को लेकर तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है. मंत्री आज रांची के साथ ही गढ़वा में भी एनएचएआइ की योजनाओं का उदघाटन करेंगे.

उद्घाटन कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. कॉरिडोर से जुड़े सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि उद्घाटन के समय हर व्यवस्था दुरुस्त रहे. कार्यक्रम को लेकर एनएचएआई को केंद्रीय मंत्रालय से अनुमति पत्र प्राप्त हो चुका है. उद्घाटन कार्यक्रम में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, एनएचएआई के अधिकारी व अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद रहेंगे.

### गढ़वा में करेंगे फोर लेन सड़क का उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई की सुबह 10.40 बजे दिल्ली से रांची आयेंगे. इसके बाद गढ़वा के हूर गांव जायेंगे. वहां दिन के 12 बजे मंत्री रेहला फोर लेन सड़क का उदघाटन करेंगे. यहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वह हेलीकॉप्टर से दिन के 2:15 बजे रांची लौटेंगे. रांची में मंत्री नितिन गडकरी सबसे पहले बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे. यहां से रातू रोड पहुंचेंगे और करीब 3 बजे एलिवेटेड कॉरिडोर का उदघाटन करेंगे.



**आठ हजार से अधिक चार, तीन व दो पहिया वाहनों को मिलेगी रफ्तारः** रातू रोड एलिविटेड कॉरिडोर बनने से लगभग लाखों लोगों को जाम से निजात मिलेगी. इसमें रातू, पिस्कामोड, इटकी, हेसल, रवि स्टील, ब्रॉम्बे के लोगों को जाम से निजात मिलेगा. साथ ही विद्यार्थियों भी समय पर स्कूल-कॉलेज पहुंच सकेंगे. कॉरिडोर के बनने से लगभग करीब 8 हजार चार पहिया और तीन पहिया की गति को रफ्तार मिलेगी.

### एलिवेटेड कोरिडोर के नीचे सर्विस लाइन बनकर तैयार

एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे सर्विस रोड भी पूरी तरह बनकर तैयार हो गया है. नाली निर्माण भी लगभग पूरा हो गया है. एलिवेटेड कॉरिडोर से पानी निकासी के लिए पाइप लगाए जा रहे हैं. पिलर और दीवारों पर रंग-रोगन का कार्य तेजी से चल रहा है. पिस्का मोड़ और इटकी रोड के हिस्से में कुछ कार्य बाकी हैं, जिन्हें तेजी से पूरा किया जा रहा है.

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का पूरा कार्यक्रम

- दिल्ली से रांची आगमन : सुबह 10:40
- गढ़वा के हूर गांव में रेहला फोर लेन सड़क का उद्घाटन : दोपहर 12 बजे
- रांची लौटनाः हेलीकॉप्टर से 2:15 बजे
- बिरसा चौक पर माल्यार्पण : भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण
- रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन : करीब 3 बजे
- मोटरसाइकिल जुलूस : ओटीसी ग्राउंड में
- एनएच परियोजनाओं की आधारशिला रखना
- कार्यक्रम के दौरान फ्लाइओवर का जायजा लेना
- होटल रेडिशन ब्लू में एनएच परियोजनाओं की समीक्षा और ट्रांसपोर्ट मुद्दों पर चर्चा
- वापस दिल्ली प्रस्थान : शाम 6:45 बजे एयरपोर्ट से

### ढाई साल में बनकर तैयार हुआ, 45 मिनट की यात्रा 3 मिनट में होगी पूरी

करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से बने इस कॉरिडोर का निर्माण नवंबर 2022 में शुरू हुआ था और महज ढाई वर्षों में यह बनकर तैयार हो गया है. 4.2 किमी लंबे इस कॉरिडोर में 101 पिलर और 102 स्लैब लगाए गए हैं. यह एलिवेटेड कॉरिडोर न केवल शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाएगा, बल्कि इसकी सुंदरता और तकनीकी विशेषताएं भी लोगों को आकर्षित करेंगी. एलिवेटेड कॉरिडोर के दोनों ओर चमचमाती स्टील शील्ड लगाई गई है, जिससे इसका लुक अत्याधुनिक दिखता है. इतना ही नहीं अब पिस्का मोड़ से राजभवन तक की यात्रा 45 मिनट के बजाय महज 3 मिनट में पूरी हो सकेगी.

### झारखंड के लिए एनएच परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे मंत्री

गडकरी झारखंड के लिए एनएच परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे. इस मौके पर एनएचएआइ के कई अधिकारी मौजूद रहेंगे. यहां पर सभा भी की जायेगी. यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान गडकरी फ्लाइओवर का भी जायजा लेंगे. इसके बाद होटल रेडिशन ब्लू जायेंगे. वहां पर अधिकारियों के साथ एनएच की परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे. इस बैठक में ट्रांसपोर्ट के मुद्दे पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देंगे.

## संक्षिप्त खबरें

### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवानाःजम्मू में एलजी मनोज सिन्हा ने हरी झंडी दिखाई



**जम्मूः**अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी। वहीं, पंजाब के पठानकोट से भी यात्रियों के जत्थे को रवाना किया गया। यहां से श्रद्धालु बालटाल होकर बाबा बर्फानी की गुफा पहुंचेंगे। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। यात्रा में ऊनी कपड़े, रेनकोट, ट्रैकिंग स्टिक, पानी बॉटल और जरूरी दवाओं का बैग अपने साथ रखें।

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई अब 14 को

नई दिल्ली,(ईएमएस)। साल 2018 के राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में सुनवाई फिर टल गई है।



इस बार इस मामले में गवाह ही हाजिर नहीं हुआ। इसलिए कोर्ट ने मामले की सुनवाई को आगे बढ़ा दी। एमपी-एमएलए अदालत गवाह के न आने पर अदालत ने अगली सुनवाई 14 जुलाई तय की है। यह मामला वर्ष 2018 का है, जब बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। मिश्रा का आरोप था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इस मामले में पिछली सुनवाई एक जून को हुई थी। एमपी-एमएलए अदालत ने दिसंबर 2023 को राहुल गांधी के खिलाफ वारंट जारी किया था। फरवरी 2024 में राहुल अदालत में पेश हुए और उन्हें 25-25 हजार रुपये के दो मुचलकों पर जमानत दे दी गई। इसके बाद 26 जुलाई 2024 को राहुल ने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था। उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा था कि उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश हो रही है।

### धन शोधन मामले में ईडी दिल्ली में कई स्थानों पर मारे छापे

नई दिल्ली,(ईएमएस)। ईडी ने चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों द्वारा 900 करोड़ रुपए से ज्यादा की साइबर धोखाधड़ी करने से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत बुधवार को दिल्ली में कई स्थानों पर छापे मारे। ईडी ने इस धोखाधड़ी की जांच के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शिनदाई टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के खिलाफ जांच के सिलसिले में दिल्ली में पांच जगह तलाशी ली। आरोप है कि कंपनी ने निवेश के नाम पर आम लोगों को धोखा दिया और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक का इस्तेमाल करके धन शोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक चीनी नागरिक और कुछ अन्य लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में अपराध के जरिए करीब 903 करोड़ रुपए प्राप्त किए जाने का आरोप है।

## रांची की वुशू स्टार तनुश्री द्विवेदी तैयार, जॉर्जिया में डालेगी गोल्ड की उड़ान

**रांची** : रांची की बिटिया तनुश्री द्विवेदी वुशू में झारखंड का नाम रोशन कर रही हैं. वह जॉर्जिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगी. एक से छह अगस्त 2025 तक बाटुमी इंटरनेशनल टूर्नामेंट (वुशू) का आयोजन किया जा रहा है. इसमें भाग लेने के लिए वह 27 जुलाई को रवाना होंगी. रांची की डीएसपीएमयू (डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी) में वह बीकॉम की स्टूडेंट हैं.



### तीसरी-चौथी क्लास से खेल रही हैं वुशू

तनुश्री तीसरी-चौथी क्लास से ही वुशू खेल रही हैं. वह बताती हैं कि दीदी-जीजा जी ने उन्हें वुशू खेलने के लिए प्रेरित किया. 2014 से उन्होंने सब जूनियर खेलना शुरू किया. रांची के मोरहाबादी मैदान में कोच दीपक गोप ने उन्हें तरासा. धीरे-धीरे उनकी प्रतिभा निखरती गयी. कई नेशनल टूर्नामेंट्स में उन्होंने मेडल जीते हैं. अगस्त 2025 में वह जॉर्जिया में वुशू में अपना दम दिखाएंगी. तनुश्री ने वुशू में अब तक कई मेडल जीते हैं. जम्मू कश्मीर में आयोजित सब जूनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं. हरियाणा के फतेहाबाद में उन्होंने जूनियर वुशू नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अपने नाम किया. महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित सीनियर नेशनल वुशू चैंपियनशिप में इन्हें ब्रॉन्ज मेडल मिला. रांची के खेलगांव में आयोजित वुशू फेडरेशन कप में इन्होंने दो गोल्ड मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल जीता. छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित वुशू फेडरेशन कप में एक सिल्वर मेडल औक एक ब्रॉन्ज मेडल जीता. जम्मू कश्मीर में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में तनुश्री ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एक गोल्ड मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया.

## सहायक आचार्य के गणित व विज्ञान का रिजल्ट जुलाई के दूसरे हफ्ते में होगा जारी : जेएसएससी

रांची : जेएसएससी प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के गणित और विज्ञान का रिजल्ट जुलाई के दूसरे हफ्ते में जारी करेगा. सामाजिक विज्ञान का रिजल्ट जुलाई के तीसरे या चौथे हफ्ते में जारी करेगा. जेएसएससी ने झारखंड हाईकोर्ट में इस बाबत शपथ पत्र दायर किया है. पिछली सुनवाई में झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रगति रिपोर्ट पर नाराजगी जाहिर की थी और समय सीमा निर्धारित करते हुए शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया था. प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की ओर से जनहित याचिका दायर की गयी है. झारखंड हाईकोर्ट ने प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति मामले में पिछली सुनवाई में जेएसएससी पर नाराजगी जाहिर की थी. जेएसएससी ने 26 हजार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए समय सीमा देने का आग्रह किया था, लेकिन उसके अनुसार भी नियुक्ति प्रक्रिया में प्रगति नहीं हुई थी.

## नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बारिश नहीं बनेगी बाधा, तैयार हुई स्मॉल एक्शन टीम

**पलामूः** नक्सलियों के खिलाफ अभियान में बारिश बाधा नहीं बनेगी. झारखंड पुलिस ने बारिश के दौरान भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाने की योजना तैयार की है. झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और एसएसबी को मिलाकर स्मॉल एक्शन टीम बनाई गई है. प्रत्येक टीम में 10 से 15 जवान और अधिकारी शामिल किए गए हैं. यह टीम किसी भी समय और किसी भी मौसम में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी. पूरे पलामू जोन में स्मॉल एक्शन टीम की तैनाती की गई है. दरअसल, पलामू जोन लातेहार और छत्तीसगढ़ की सीमा से सटा हुआ है. इसी इलाके में बूढ़ापहाड़ भी मौजूद है. पलामू का इलाका बिहार से सटे सीमावर्ती जिलों से सटा हुआ है. सीमावर्ती इलाकों पर पुलिस और सुरक्षा बलों की खास नजर है. इन इलाकों में स्मॉल एक्शन टीम की तैनाती की गई है. स्मॉल एक्शन टीम को बारिश के दौरान नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उपकरण भी मुहैया कराए गए हैं.



*"बारिश का मौसम आ गया है, सभी एसपी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं. स्मॉल एक्शन टीम का गठन कर दिया गया है. सभी को निर्देश जारी कर दिए गए हैं, खुफिया सूचना के आधार पर अभियान नहीं रुकना चाहिए. स्मॉल एक्शन टीम का गठन कर दिया गया है. फोकस इस बात पर है कि खुफिया जानकारी कैसे जुटाई जाए और कार्रवाई कैसे की जाए. सटीक सूचना मिलने पर एक्शन टीम तैयार है और कार्रवाई करेगी. इसमें सीआरपीएफ, एसएसबी व अन्य बलों के साथ समन्वय बनाया गया है. पुलिस लगातार नक्सलियों से आत्मसमर्पण करने की अपील कर रही है. पुलिस अभियान चला रही है."* – ***सुनील भास्कर, जोनल आईजी, पलामू***

### छत्तीसगढ़ व बिहार टीम के रडार पर कई टॉप नक्सल कमांडर

छत्तीसगढ़ व बिहार सीमा पर पुलिस व सुरक्षा बलों ने कई नक्सल कमांडरों को रडार पर लिया है और उनके खिलाफ खुफिया जानकारी जुटाई जा रही है. बिहार सीमा पर 15 लाख रुपये के इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव, 10 लाख रुपये के इनामी संजय गोदराम, टीएसपीसी के 10 लाख रुपये के इनामी शशिकांत गंझू, 5 लाख रुपये के इनामी मुखदेव यादव को निशाने पर लिया गया है. जबकि चतरा लातेहार सीमा पर 10 लाख के इनामी माओवादी कमांडर मनोहर गंझू, 15 लाख के इनामी रवींद्र गंझू और छत्तीसगढ़ सीमा पर 10 लाख के इनामी मृत्युंजय भुइयां को निशाने पर लिया गया है.

दरअसल, बिहार के चकरबंधा और छत्तीसगढ़ सीमा पर बूढ़ापहाड़ कॉरिडोर के बीच के इलाके पर स्मॉल एक्शन टीम की खास नजर है. इस कॉरिडोर में विभिन्न पुलिस पिकेट और कैंपों में जवानों को तैनात किया गया है. एक्शन टीम बरसात के मौसम में पिकेट में तैनात जवानों की मदद भी करेगी.

## टूथपेस्ट, कपड़े, जूते और बर्तन सस्ते हो सकते हैंः सरकार इन आइटम्स का जीएसटी स्लैब 12% से घटाकर 5% करने की तैयारी कर रही

**नई दिल्लीः** टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े, जूते जैसे आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स जल्द ही सस्ते हो सकते हैं। इस साल की शुरुआत में इनकम टैक्स में कई रियायतें देने के बाद केंद्र सरकार अब मिडिल-क्लास और लोअर-इनकम फैमिली को गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी में कटौती कर राहत देने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार 12% जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने या वर्तमान में 12% टैक्स वाले आइटम्स को 5% स्लैब में ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, इस रिस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव में मिडिल-क्लास और इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन के यूज में आने वाले आइटम्स शामिल होंगे।




### इस कदम से सरकार पर 50,000 करोड़ का बोझ पड़ेगा

अगर प्रस्तावित बदलाव लागू होते हैं, तो इनमें से कई आइटम्स सस्ते हो जाएंगे। सरकार इजी-टु-कंप्लाय यानी आसान जीएसटी पर भी विचार कर रही है। सूत्रों के अनुसार, इस कदम से सरकार पर 40,000 करोड़ रुपए से 50,000 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा, लेकिन वह शुरुआती असर को झेलने के लिए तैयार है। इससे खपत में बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्र का मानना है कि कम कीमतों से बिक्री बढ़ेगी, जिससे टैक्स-बेस बढ़ेगा और लॉन्ग टर्म जीएसटी कलेक्शन में ग्रोथ होगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में एक इंटरव्यू में जीएसटी रेट्स में संभावित बदलावों का संकेत देते हुए कहा था कि सरकार जरूरी वस्तुओं पर मिडिल-क्लास को राहत देने पर विचार कर रही है।

### केंद्र के दबाव के बावजूद राज्यों के बीच सहमति नहीं

केंद्र के दबाव के बावजूद राज्यों के बीच आम सहमति नहीं बन पाई है। जीएसटी के तहत दरों में बदलाव के लिए जीएसटी काउंसिल से रिकमेंडेशन की जरूरत होती है, जहां हर राज्य को मतदान का अधिकार है। वर्तमान में पंजाब, केरल, मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल से विरोध की खबरें आ रही हैं। आज तक जीएसटी काउंसिल के इतिहास में सिर्फ एक बार ही मतदान हुआ है। हर फैसला आम सहमति से लिया जाता है। इस मुद्दे पर 56वीं जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में चर्चा होने की उम्मीद है, जो इस महीने के आखिरी में बुलाई जा सकती है। नियम के अनुसार, काउंसिल को बुलाने के लिए कम से कम 15 दिन का नोटिस दिया जाता है। भारत में 12% जीएसटी स्लैब में आम तौर पर वे आइटम्स शामिल होते हैं, जो मिडिल-क्लास और लोअर-इनकम फैमिली के लिए आम यूज के होते हैं।

## एशिया कप 5 से 21 सितंबर तक हो सकता हैः रिपोर्ट्स में दावा; टूर्नामेंट में 6 टीमें शामिल होंगी

**एशिया** कप 5 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरू हो सकता है। टूर्नामेंट का फाइनल 21 सितंबर को खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज और सुपर-4 फॉर्मेट के तहत एशिया कप में भारत और पाकिस्तान का पहला मुकाबला 7 सितंबर को खेला जाएगा। अगर दोनों टीमें सुपर-4 में पहुंचती हैं, तो इनकी दूसरी टक्कर 14 सितंबर को हो सकती है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इससे पहले, एशिया कप की मेजबानी भारत के पास थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से यूएई को टूर्नामेंट होस्ट करने को कहा गया है। 17 दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 6 टीमें भाग लेंगी। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) ने अगले 3 एशिया कप साइकल के बारे में भी बताया है। 2027 में पाकिस्तान में यह टूर्नामेंट वनडे फॉर्मेट में खेला जाएगा। वहीं 2029 में बांग्लादेश और 2031 में श्रीलंका इसे होस्ट करेगा। बीसीसीआई ने मंजूरी दी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अपनी-अपनी सरकारों से टूर्नामेंट खेलने की मंजूरी लगभग मिल चुकी है। टूर्नामेंट के ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर सोनी स्पोर्ट्स ने प्रमोशनल पोस्टर भी जारी कर दिया है।



### जानिए एशिया कप 2025 के बारे में

- टूर्नामेंट T-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा और भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई टीमें हिस्सा लेंगी।
- अभी तक कोई आधिकारिक फैसला नहीं हुआ है, लेकिन एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) इस हफ्ते फैसला ले सकती है।
- एसीसी अगले 2-3 दिन में टूर्नामेंट का शेड्यूल जारी कर सकती है।
- इस बार भारत को मेजबान देश बनाया गया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से टूर्नामेंट को न्यूट्रल वेन्यू (यूएई) पर कराने की बात चल रही है।

अप्रैल में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से 6-7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया था। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध खराब हैं। ऐसे में एशिया कप में पाकिस्तान के भारत आने की संभावना खत्म हो गई है। इसलिए एसीसी टूर्नामेंट को यूएई में कराने पर विचार कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें...

### सलैया मोड़ से कोनहराखुर्द को जोड़ने वाली मार्ग पर बनी पुल का अप्रोच पथ बहा



बरकट्ठा(हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलैया मोड़ से कोनहराखुर्द को जोड़ने वाली मार्ग पर बनी पुल का अप्रोच पथ बह गया है।जानकारी हो कि प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर की दूरी पर सलैया मोड़ से प्लस टू हाई स्कूल मार्ग को जोड़ती है।जिसके आवागमन के लिए बनाए गये नवनिर्मित पुल के अप्रोच पथ पहली मानसून के बारिश को नहीं झेल पाया और उसके नीचे की मिट्टी धंसकर बह गया।मिट्टी बहने के कारण अप्रोच पथ का भी कुछ भाग क्षतिग्रस्त हो गया है।मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत बरसोती नदी पर पुल निर्माण के साथ-साथ कालीकरण सड़क भी बनना है। सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है वहीं लगातार बारिश से मिट्टी धंसने की फोटो और विडियो सोशल मीडिया पर जोरों से वायरल हो रहा है।जिसकी गुणवत्ता को लेकर संवेदक की कार्यशैली पर लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं।

### अदाणी फाउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों के बीच बांटे निःशुल्क पोषण किट




बड़कागांव(हजारीबाग)। गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी रोगियों के लिए निःशुल्क पोषण किट वितरण किया गया। इस अवसर पर इलाजरत 80 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया। मौके पर मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिथु हलदार ने टीबी बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।उन्होंने अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगातार चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों ने समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पोषण किट वितरण कार्यक्रम में गैर सरकारी संस्था हेल्पेज इंडिया के डॉ बीपी श्रीवास्तव, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दीपक कुमार,सोशल प्रोटेक्शन ऑफिसर विक्रम कुमार, फार्मासिस्ट ब्रजेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी ने विभिन्न विकास योजनाओं का किया उदघाटन



बरकट्ठा(हजारीबाग)। विभिन्न विकास योजनाओं का बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी ने बुधवार को उदघाटन किया। सर्वप्रथम कुमकुम देवी ने ग्राम बरवां में विवाह मंडप निर्माण कार्य का उदघाटन किया। इसके पश्चात ग्राम कपका रामेश्वर टोला शिव मंदिर में विवाह मंडप का उदघाटन किया। दोनों योजनाएं 15 वीं वित्त आयोग मद अंतर्गत जिला परिषद से क्रमशः पांच-पांच लाख रुपये की लागत से किया गया है. कुमकुम देवी ने कहा कि विवाह मंडप के बनने से बरवां और कपका गांव के आसपास के लोगों को शादी विवाह के मौके पर काफी सुविधा होगी।मौके पर मुखिया कमलेश कुमार,अर्जुन महतो,मोतीलाल मंडल, दीना महतो, भागीरथ प्रसाद, रामजी मंडल, छोटी मंडल,जीबलाल राणा, रंजीत मंडल रवि मंडल, बालो मिस्त्री, गुजरू महतो, छेदन महतो, त्रिवेणी महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### तस्करी को ले जाए जा रहे 13 मवेशी चक्रधरपुर से बरामद

चाईबासाः पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के भलियाकुदर के पास से पुलिस ने बुधवार को तस्करी के लिए ले जाए जा रहे 13 पशुओं को बरामद कर लिया. पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भलियाकुदर के रास्ते से तस्कर पशुओं को ले जा रहे हैं. चक्रधरपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पशुओं को जब्त कर लिया. पुलिस को देख तस्कर फरार हो गए. पुलिस पशुओं को थाना ले आई. थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि मवेशियों को तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था. इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही हैं. इधर, पशुओं के पकड़ाने की सूचना मिलने पर ग्रामीण उन्हें लेने के लिए थाना का चक्कर लगा रहे हैं. ज्ञात हो कि गोवंश के पकड़ाने पर ग्रामीणों को खेती के लिए मुफ्त में एक जोड़ी पशु दिया जाता रहा है. यही वजह है कि पशुओं के पकड़ाने की सूचना पर किसान उन्हें लेने थाना पहुंच रहे हैं.

### 10 साल पहले लापता चक्रधरपुर की महिला का नहीं चला पता



चाईबासाः पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर की एक महिला वी राज लक्ष्मी दस साल पहले लापता हो गई थी. उसका अब तक कोई पता नहीं चल पाया है. परिजन उसकी खोज में दर-दर भटक रहे हैं. लापता महिला के पुत्र शशिभूषण राव व पुत्री वी लक्ष्मी शैलजा ने बताया कि 31 मई 2016 की शाम करीम चार बजे उनकी 40 वर्षीय मां चक्रधरपुर एलआईसी कार्यालय के समीप रिटायर्ड कॉलोनी स्थित घर से कहीं चली गईं. चक्रधरपुर थाने में उनकी गुमशुदगी का मामला भी दर्ज कराया गया था. उनलोगों ने सभी रिश्तेदारों के यहां मां की खोज की, लेकिन कहीं पता नहीं चल सका. इस सदमे में पिछले 19 फरवरी को पिता का निधन हो गया. लापता मां को ढूंढकर पूरे परिवार के सदस्य थक गए हैं. चक्रधरपुर के अलावा दूसरे राज्यों के शहरों में भी उनकी खोजबीन की गई. शशिभूषण राव व वी लक्ष्मी शैलजा ने बताया कि मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है. अगर किसी को उनका कुछ पता चले, तो इसकी सूचना तुरंत दें.

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति एवं विधि व्यवस्था की बैठक संपन्न

## शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी - उपायुक्त




हजारीबागः मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक स्थानीय नगर भवन सभागार में बुधवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारगी के प्रतीक हैं। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्व मनाने तथा अनुशासन और आत्मसंयम बनाए रखने के लिए अपने आस पास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही। छड़वा डैम में लगने वाले मेला पर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक तैयारियों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया है।इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी व सुरक्षा के लिहाज से जिला कंट्रोल रूम जिसका संपर्क नंबर 8002529349 (24x7) रूप से कार्यरत है। डीसी ने शांति समिति के सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजन करने की अपील की।अंचल स्तर पर शान्ति समिति की बैठक कर प्रशासन के दिशा निर्देशों के बारे में सभी को जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुहर्रम त्योहार को लेकर जिलास्तर पर जारी होने वाले संयुक्त आदेश के उपरान्त सभी संबंधित दंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति के दौरान अलर्ट मुद्रा में रहने का निर्देश दिया।वहीं पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने व सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर थाना को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थों का प्रयोग न करने, तय मार्ग व समय पर जुलूस को निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपके और पुलिस प्रशासन के सहयोग से विधि व्यवस्था संधारित होगी। असमाजिक तत्वों की पहचान करते हुए इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाना को देंगे ताकि उनपर कठोर कानूनी कार्रवाई जा सके। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो, शॉर्ट्स, फ़ोटो मिले तो तुरंत संबंधित थाने को सूचना देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा की किसी भी तरह के प्री रिकॉर्डेड भड़काऊ गाने एवं डीजे के प्रयोग पर रोक रहेगी। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों ने भी अपनी बाते प्रशासन के समक्ष रखी और शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया। विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों ने अपने अपने क्षेत्रों से निकलने वाले जुलुस मार्गों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए सूखे पेड़ों, बिजली के झूलते तारों तथा रोड किनारे पार्किंग व्यवस्था आदि को दुरुस्त करने की गुजारिश की।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, सदर एसडीओ बैद्यनाथ कामती, बरही एसडीओ जोहन टुडू, डीएसपी एसडीपीओ, सिविल सर्जन एवं सभी प्रखंडों के बीडीओ/सीओ व बड़ी संख्या में शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## झारखंड कॉलेज के 11वीं की परीक्षार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत, सौरव राज 224 अंक लाकर बना कॉलेज टॉपर



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। झारखंड कॉलेज बड़कागांव में इंटरमीडिएट ग्यारवीं के सभी संकाय के सभी परीक्षार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की । विज्ञान में 24 , आर्ट्स में 210, और वाणिज्य में 6 विद्यार्थी ने परीक्षा में शामिल हुए । विज्ञान में सौरभ कुमार ने 224 अंक, आर्ट्स में नेहा कुमारी ने 210 अंक, वाणिज्य में मोहम्मद आदिल 171 अंक लाकर कॉलेज टॉपर बना। अन्य विद्यार्थी में करण कुमार 218, अनुज कुमार दांगी 215, राहुल कुमार 214, शिवम राज213, बादल कुमार तिवारी 194, आनंद कुमार 206, मोनिका कुमारी 197, मून कुमारी 194, जया यादव 191, सोनू कुमार 194, लुबना निशात182, दिनेश कुमार यादव177, पूजा साहू 177, मनीषा कुमारी187, लक्ष्मी कुमारी 157, गोपी कुमार 151, सरस्वती कुमारी 170, चितरंजन कुमार 175 अंक लाकर कॉलेज का नाम रौशन किया। कॉलेज प्राचार्य विनोद यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की एवं बताया कि झारखंड कॉलेज बड़कागांव लगातार 12 वर्षों से बेहतर रिजल्ट देने का काम करते हुए आ रहा है। कॉलेज सचिव श्याम सुंदर तिवारी, प्रबंधक मोहम्मद शमशेर अंसारी, प्रो रंजीत कुमार साव,मुदस्सर आलम,सुरज कुमार दास, धर्मनाथ कुमार,सत्यनारायण साव,किरण कुमार,सफाईकर्मी हुलास देवी सभी परीक्षार्थियों की उज्जवल भविष्य कि कामना की.

## माइक्रो फाइलेरिया से बचाव को लेकर शिविर का आयोजन, 532 लोगों का लिया गया ब्लड सैंपल



बड़कागांव(हज़ारीबाग)। बड़कागांव प्रखंड के तलसवार पंचायत में फाइलेरिया हाथी पांव से बचाव हेतु जिला स्वास्थ समिति हजारीबाग एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सक प्रभारी डॉ अविनाश कुमार के द्वारा संयुक्त टीम पलाडू,कोयलंग के टोला परेवातरी, लंबकीटांड़, निमियाटोला ,सिमरातरी में रात्रि 8बजे के बाद फाइलेरिया रात्रि रक्त पट कार्यक्रम किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया का उन्मूलन करना है।जिसकी जानकारी भी बी डी सुपरवाइजर तरूण शर्मा ने दी, तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी के द्वारा इस कार्यक्रम का उदघाटन किया गया और लोगों से अपील की गई कि पंचायत के लोग जांच अवश्य कराए। शिविर में कुल 522 लोगों का ब्लड सैम्पल जांच के लिए लिया गया। मौके पर उपस्थित वार्ड सदस्या काजो देवी,स्वास्थ्य उपकेंद्र पलांडू के सी एच ओ मुकेश गोस्वामी,मनोज,नितेश,कमलेश, अवधेश,मुकेश,प्रीति,राखी,सबिता एल टी सहिया मंजू, उषा, रीना,कंचन,मीना,कंचन,अनीता, जीरवा,नमिता,ग्रामीणों में अजय कुमार, नारायण प्रसाद,रंजीत कुमार, नागेश्वर महतो,कैलाश महतो , पारसनाथ,रेखा देवी, बसंती, तिलासो, आरती सहित सैकड़ों महिलाएं एवं पुरुष मौजूद थे ।

### नप मुख्यालय में मुहर्रम का निकला पहला जुलूस,कई गण्यमान लोगो को पगड़ी बांध कर किया गया सम्मानित



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय में मुहर्रम पर्व का पहला जुलूस निकाला गया। जुलूस की शुरुआत दर्जी मुहल्ला से अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो नगर भ्रमण के बाद बस स्टैंड होते हुये स्थानीय जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में पहुंचा। जहां जुलूस में शामिल लोगों ने कई खेल व कर्तव्य दिखाया। जुलूस की अगुआई मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर आजम सिद्दीकी कर रहे थे। जुलूस समापन से पहले सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। जहां मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी द्वारा स्थानीय पुलिस प्रसाशन व कई गण्यमान लोगो को पगड़ी बांध कर सम्मानित भी किया गया। वही हाजी तस्लीम अख्तर ने भी मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर इदरिश हवारी,शफी आलम,युशूफ अंसारी,जलालुद्दीन सिद्दीकी,कमरोज आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज की मांग को लेकर ध्याान आकर्षण पदयात्रा




लातेहारः लातेहार जिले के टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर कई वर्षों से फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही है. चार साल पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री व मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन ने टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण के लिए ऑनलाइन शिलान्या स भी किया था. लेकिन आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ. इसे लेकर चंदवा-टोरी के किसान आंदोलनरत हैं. पिछले दिनों किसानों ने जल समाधि सत्याग्रह किया था. अब बुधवार से दो दिवसीय ध्या.न आकर्षण पदयात्रा शुरू की है. इसके तहत किसान केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीर के साथ बैनर लेकर गांव-गांव घूम रहे हैं. पदयात्रा का नेतृत्व किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयूब खान कर रहे हैं. यह पदयात्रा ऐसे समय में शुरू की गई है, जब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी तीन जुलाई को रांची के रातू रोड फ्लाईओवर का उद्धाटन व पलामू प्रमंडल के गढ़वा में नेशनल हाइवे का उद्धाटन करने वाले हैं.

अयूब खान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के पलामू आगमन पर उनका ध्यान आकर्षित कराया जायेगा कि शिलान्या स होने के चार वर्षों बाद भी फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है. उन्होंने कहा कि टोरी रेल सेक्शन में ट्रेनों का आवागमन ज्यादा रहता है. एनएच पर टोरी रेलवे क्रॉसिंग होने से फाटक घंटों बंद रहता है. जिसके कारण अक्सर जाम लगता है. इस जाम में कई बार एंबुलेंस भी फंस जाती हैं, जिससे मरीज की मौत का खतरा रहता है. पदयात्रा में किसान सनीका मुंडा, संजय राम, मोबीन खान, असरीता देवी, एतवरिया देवी, शीला देवी, सरहुलिया देवी, राजेश परहिया, सीताराम परहिया, राजेश राम, विशाल परहिया, रोहित परहिया, बुटन परहिया, रमेश परहिया, दिलीप परहिया, भुनेश्वर परहिया, धर्मदेव परहिया, चुनकु परहिया समेत कई लोग शामिल थे.

### अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव बने दिलीप कुमार रवि



हज़ारीबाग। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने हजारीबाग सुलमी निवासी दिलीप कुमार रवि को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है । जिला के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि श्री रवि के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, भैया असीम कुमार, विजय कुमार सिंह, अमृतेष रंजन, अनिल कुमार भुईंया, अर्जुन नायक, मिन्हाज अंसारी, राम अनुज सिंह, सरयु यादव, नरसिंह प्रजापति, अर्जुन रविदास, सदरूल होदा के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों हर्ष व्यक्त किया है और रवि को बधाई दी है ।

### बीएलओ को नजरी नक्शा तैयार करने का दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बुधवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सहायक निर्वाचक निबंध पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश तिवारी ने बीएलओ नजरी नक्शा तैयार करने के लिये प्रशिक्षण दिया गया। श्री तिवारी ने सुपरवाइजर व बीएलओ को उनके दायित्व व कर्तव्य के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया। शिविर में ब्लॉक कोड़ीनेटर अंकित श्रीवास्तव,अंचल अमीन अरविंद कुमार,अंचल निरीक्षक विजय चौबे,प्रदीप कुमार,कौशिक कुमार,सुरेंद्र कुमार,चंद्रवती सिन्हा सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

## संवेदक की लापरवाही से सड़क किनारे नही गिरा मोरम, साइड लेने में वाहनों को हो रही परेशानी, लग रहा जाम




संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर-पांडु मुख्य पथ थाना मोड़ से ब्लॉक मोड़ तक संवेदक द्वारा पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य कराया गया है। लेकिन नवनिर्मित पीसीसी सड़क के किनारे संवेदक द्वारा मोरम-मिट्टी नही गिराया गया। जिससे सड़क किनारे दोनों तरफ एक से दो फीट गड्ढा है। जिसके कारण छोटी-बड़ी सभी वाहनों को साइड लेने में काफी परेशानी हो रही है। और प्रतिदिन घंटो जाम लग रही है। हलाकि स्थानीय पुलिस प्रसाशन के द्वारा जाम को किसी तरह हटाया जा रहा है। इस तरह लग रहे प्रतिदिन जाम से स्थानीय लोगो,राहगीरों व दुकानदारों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि संवेदक द्वारा सड़क तो बनवा दिया गया। लेकिन सड़क के दोनों तरफ एक से दो फीट गड्ढा है। जिसमे मोरम भी नही डलवाया गया। और तो और सड़क किनारे पहले से बने कई नालियों को भी बंद कर दिया गया। जिसके चलते सड़क के किनारे तथ कई गली में पानी जमा रह रहा है। जिससे लोगो को काफी दिक्कत हो रही है। आये दिन जाम की स्थिति भी बनी रही है। लोगो ने कहा कि अगर सड़क के किनारे मोरम-मिट्टी डलवा दिया जाए तो छोटी-बड़ी सभी वाहन आसानी से निकल जायेगी। और जाम की स्थिति नही रहेगी।

## पत्थर खदान से प्रभावित 300 आदिवासी परिवारों ने CM हाउस पहुंच सौंपा ज्ञापन



बगोदरः बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीचटन व बासवा टांड़ गांव के लगभग 300 आदिवासी परिवार पत्थर खदान के कारण गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं. रविवार को सामाजिक कार्यकर्ता रेणुका तिवारी और सीता स्वासी के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों ने मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और खदान बंद करने की मांग की.ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खदान का विरोध करने पर पुलिस प्रशासन, खनन माफियाओं से मिलकर उन्हें डराता-धमकाता है और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है.

पीड़ितों ने बताया कि विरोध जताने पर थाना प्रभारी महिलाओं और पुरुषों को जबरन थाना ले जाकर धमकाते हैं. ग्रामीणों ने बगोदर के अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी से कई बार शिकायत की,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. इसी से आक्रोशित होकर उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश की, हालांकि मुलाकात संभव नहीं हो सकी. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे मुख्यमंत्री आवास के सामने धरना प्रदर्शन करेंगे.

### स्कूल और घर के पास चल रही है खदान

स्थानीय लोगों ने बताया कि पत्थर खदान गांव से मात्र 50 मीटर और स्कूल से 100 मीटर की दूरी पर स्थित है. पत्थर तोड़ने के दौरान घरों में कंपन होता है, दीवारों में दरारें आ गई हैं और लोग भय के कारण घर छोड़कर बाहर भागने को मजबूर हैं. बावजूद इसके 24 मई को प्रशासन ने पुलिस छावनी बनाकर खदान को दोबारा शुरू करवा दिया.

### महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार

ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि विरोध के दौरान पुलिस उन्हें जबरन उठा ले जाती है और थाने में दुर्व्यवहार करती है.

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

01/07/2025

TENDER CANCELLATION NOTICE

NIT No: - JUIDCO/NIT/Rehla Bishrampur/UWSS/25/648
Tender ID: - 2024_UDD_98265_1
PR No:- 334752
Project Title: **Rehla Bishrampur Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**

The tender publishing notice having the PR No. – 334752 is being cancelled due to some unavoidable reason. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding above tender.

PR 356320 Urban Development and Housing (25-26)_D

Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi

Directorate of Tourism, Government of Jharkhand
MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi - 04Tele Fax : 0651- 2331828
Email: dirjharkhandtourism@gmail.com / jtdcltd@gmail.com

Ref. No.:- 584/2025 Date : 01/07/2025

TENDER NOTICE

**Request for Proposal (RFP) for Empanelment of Agencies for Hiring of Taxi/ Bus Services.**

The detailed RFP document can be downloaded from the website and submit their offline application by **26/07/2025 at 17:00 hours**. The details of our website is : https://tourism.jharkhand.gov.in

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the above website.

PR 356318 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(25-26)#D

Sd/-
Deputy Director

# रांची में राज्यपाल से मिला संथाल आदिवासियों का प्रतिनिधिमंडल

## मरांग बुरु की सुरक्षा और प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्रामसभा को देने की मांग



**रांची:** मरांग बुरु फाउंडेशन के प्रतिनिधि मंडल ने गिरिडीह के पीरटांड में मरांग बुरु, जिसे पारसनाथ पर्वत भी कहा जाता है, को संथाल आदिवासी समुदाय का तीर्थस्थल घोषित करने की मांग की है. इसके साथ ही उन्होंने उस क्षेत्र की सुरक्षा, प्रबंधन, निगरानी और नियंत्रण की जिम्मेदारी ग्राम सभा को सौंपने की मांग उठाई है. इस संबंध में मरांग बुरू फाउंडेशन की ओर से राज्यपाल को एक ज्ञापन भी सौंपा गया है.

रांची में राज्यपाल से मिलने पहुंचे प्रतिनिधियों ने कहा कि मरांग बुरु पर्वत, संथाल आदिवासियों के लिए न केवल एक प्राकृतिक संरचना है बल्कि यह उनके ईश्वर 'मरांग बुरू' का प्रतीक भी है. यह स्थल युगों-युगों से पूजा जाता रहा है और यहां धार्मिक आस्था, परंपरा एवं आदिवासी संस्कृति गहराई से समाई हुई है. पर्वत की चोटी पर युग जाहेर थान (सरना) और तलहटी में दिशोम गौझी धान्न स्थित है, जो इस समुदाय के दो प्रमुख पूजा स्थल हैं.

**मरांग बुरु युग जाहेर दिशोम महापूजा का होता है आयोजन:** दरअसल, हर साल फाल्गुन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर युग-जाहेर थान में मरांग बुरु युग-जाहेर दिशोम महापूजा महोत्सव का आयोजन होता है. इस पूजा में पारंपरिक रूप से बलि चढ़ाई जाती है और चावल समेत हड़िया का तपन अर्पित किया जाता है. इसी प्रकार वैशाख पूर्णिमा के अवसर पर धार्मिक शिकार सेंदरा और लो-बीर बैसी का आयोजन होता है, जिसमें आदिवासी समुदाय पारंपरिक रीति से पर्वत क्षेत्र में प्रवेश कर धार्मिक शिकार करते हैं. यह शिकार बीमार और कमजोर वन्य जीवों तक सीमित होता है और इसका मकसद आध्यात्मिक अनुष्ठान होता है.

**मरांग बुरु पर्वत पर बाहरी हस्तक्षेप के खिलाफ आदिवासी:** संथाल आदिवासी समाज की धार्मिक आस्थाओं और पारंपरिक रीति नीति की रक्षा के लिए, मरांग बुरु पर्वत पर बाहरी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए. इसके संरक्षण, अनुश्रवण और प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी संविधान के अनुच्छेद 244 और पेसा अधिनियम के तहत गठित ग्रामसभा को सौंपी जानी चाहिए.

**मरांग बुरु को संवैधानिक अधिकार देने की वकालत:** फाउंडेशन ने यह भी उल्लेख किया है कि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (CNT Act) के तहत आदिवासियों की परंपरागत भूमि, पूजा पद्धति और स्थानीय स्वशासन प्रणाली की रक्षा की गारंटी दी गई है. इसलिए मरांग बुरु को केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि एक संवैधानिक अधिकार से जुड़ा हुआ स्थल माना जाना चाहिए.

**प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मांग:** राजभवन पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से अनुरोध किया है कि वे इस पवित्र तीर्थस्थल को आदिवासी समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता देकर, इसके संरक्षण की दिशा में आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दें।

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने इलाजरत गुरुजी शिबू सोरेन से दिल्ली में की मुलाकात



**संवाददाता रांची:** नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत देशोम गुरु शिबू सोरेन से पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने मुलाकात किया एवं उनके कुशलक्षेम जाना। पूर्व मंत्री ने झारखंड आंदोलनकारी के शीर्ष नेता एवं झारखंड आंदोलन के पुरोधा शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। पूर्व मंत्री ने नई दिल्ली न्यू झारखंड भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की एवं गुरु जी के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूर्व मंत्री को गुरु जी के स्वास्थ्य संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

पूर्व मंत्री ने अस्पताल में गुरु जी से मुलाकात के बाद कहा कि शिबू सोरेन जी के अस्वस्थ होने का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है, वे झारखंड को अलग राज्य दिलाने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई हैं यही वजह है कि उनके आंदोलनकारी छवि के स्वयं पूर्व मंत्री भी कायल है। आगे उन्होंने कहा कि गुरु जी के आंदोलनकारी नेतृत्व से काफी प्रेरणा मिली है जिसके कारण बड़कागांव विधानसभा वासियों के हक अधिकार दिलाने हेतु मैंने भी संघर्ष किया है। योगेंद्र साव ने बताया कि झारखंड की कण कण से जुड़े हुए ऐसे व्यक्तित्व का अस्वस्थ होना पूरे झारखंड वासियों के लिए काफी गहरी चिंता का विषय है।

पूर्व मंत्री ने मां अष्टभुजी से प्रार्थना करते हुए गुरु जी के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने व उन्हें दीर्घायु बनाने की कामना की है ताकि वे सदैव हम सबका मार्गदर्शन करते रहें और जल्द ही हम लोग के बीच आएं। योगेंद्र साव ने कहा कि गुरु जी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए वे खुद विशेष पूजा अर्चना भी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड आंदोलनकारी जेम्स बॉन्ड खलखो के आकस्मिक निधन पर मनाया गया शोक

**संवाददाता रांची** : झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने झारखंड आंदोलनकारी जेम्स बॉन्ड खलखो के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. जेम्स बॉन्ड खलखो ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन यथा बंद, आर्थिक नाकेबंदी, जुलूस, रैली, धरना- प्रदर्शन वगैरा कार्यक्रमों में सक्रियता के साथ वर्ष 1989 से भाग लिया था. शोक व्यक्त करते हुए आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा है जीते जी झारखंड आंदोलनकारियों को गृह कारा व आपदा विभाग, जांच अधिनियम 1952 के तहत राजकीय मान सम्मान मिलना चाहिए एवं अंतिम संस्कार भाई राजकीय मान सम्मान के साथ किया जाना चाहिए. राज्य सरकार का यह संकल्प भी है लेकिन जिला के अधिकारी पदाधिकारी इसका पालन नहीं करते हैं और आंदोलनकारियों की उपेक्षा करते हैं ,यह बड़ा दुखद एवं विडंबना है.

### सीएनजी गैस की कमी के कारण ऑटो चालक हो रहे हैं परेशानः दिनेश सोनी

**संवाददाता रांची:** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया है कि पूर्व में रांची शहर में डीजल ऑटो और पैट्रोल ऑटो का परिचालन होता था तब किसी ऑटो चालकों का डीजल की किल्लत या कमी नहीं होता था परंतु जब से सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन शहरी क्षेत्र में किया गया है और रांची शहर में सीएनजी ऑटो का गैस भरने के लिए कई जगह पंप में व्यवस्था भी की गई थी परंतु पूर्व में सीएनजी गैस की कमी के कारण बहुत सा ऑटो चालक मालिक को किश्ती या कमाई करने में बहुत दिक्कत होता था जिसके लिए सभी जगह सीएनजी गैस का इंतजाम किया गया था परंतु आज फिर से रांची शहर में सीएनजी गैस ऑटो चालक को नहीं मिल रहा है और 4 घंटा 6 घंटा 8 घंटा तक लाइन लगाना पड़ रहा है तब जाकर उन ऑटो चालक को सीएनजी गैस मिल रहा है अगर सीएनजी गैस का इंतजाम सरकार या जिला प्रशासन जल्द से जल्द नहीं करता है तो महासंघ के ओर से मांग किया जाता है कि जैसे डीजल ऑटो का पूर्व में परिचालन होता था उसी तरह से फिर से हो डीजल ऑटो का परिचालन हो ताकि किसी प्रकार का तेल या गैस में किल्लत न हो।

### नई जिम्मेदारियों की शपथः सरला बिरला पब्लिक स्कूल की इनवेस्टिचर सेरेमनी

**संवाददाता रांची:** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में इनवेस्टिचर सेरेमनी बड़े ही गर्व और उत्साह के साथ आयोजित की गई। यह एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए नव-निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल का औपचारिक रूप से गठन किया गया। यह आयोजन लीडरशिप, जिम्मेदारी और स्कूल द्वारा संजोए गए मूल्यों का उत्सव था। समारोह की शुरुआत नव-निर्वाचित काउंसिल मेंबर्स के मार्च पास्ट से हुई, जिसमें यूनिटी और टीमवर्क की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों को उनका पद प्रदान करना और शपथ ग्रहण करना था, जिसमें हेड बॉय, हेड गर्ल और अन्य सेक्रेटरीज को स्कूल की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर द्वारा बैज और सैश प्रदान किए गए। नव-नियुक्त लीडर्स ने ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने और विद्यालय के आदर्शों को बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### आउटसोर्स कर्मियों को न्यूनतम वेतन देने के हाईकोर्ट के आदेश का संघ ने किया स्वागत

**संवाददाता रांची:** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन देने के संबंध में पारित किए गए ऐतिहासिक निर्णय का जोरदार स्वागत किया है। संघ ने इसे श्रमिकों के अधिकारों की दिशा में एक मील का पत्थर बताया है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यह निर्णय उन हजारों श्रमिकों के आत्मसम्मान और जीवनयापन के अधिकार की रक्षा करता है, जो वर्षों से ठेकेदारों के माध्यम से सरकारी संस्थानों में कार्यरत हैं, परंतु उन्हें अब तक न्यूनतम मजदूरी तक नहीं दी जा रही थी। राय ने कहा, "माननीय न्यायालय ने संविधान और मानवीय मूल्यों की रक्षा करते हुए यह स्पष्ट किया है कि श्रमिक चाहे प्रत्यक्ष रूप से नियोजित हो या किसी एजेंसी के माध्यम से, उसे उसके श्रम के अनुपात में सम्मानजनक पारिश्रमिक मिलना चाहिए।

### राष्ट्रीय कलाकार संघ की अध्यक्ष बनी आभा भारती

**संवाददाता रांची:** अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सज्जन की सुपुत्री आभा भारती को उनकी विशिष्ट कला साधना एवं बहुआयामी रचनात्मक योगदान के लिए राष्ट्रीय कलाकार संघ द्वारा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। आभा भारती, जो अंग्रेजी एवं फाइन आर्ट्स में स्नातकोत्तर हैं, बिहार सरकार से पंजीकृत शाकुंतलम कला संस्कृति मंच की संयोजक भी हैं। कोरोना काल के दौरान आपने अंतरराष्ट्रीय कला चित्रांकन अभियान और फाइन आर्ट्स समूह के संयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई, जिसने देश-विदेश के अनेक कलाकारों को एक मंच पर जोड़ा। आपकी कला प्रदर्शनी अब तक मुजफ्फरपुर, पटना, और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में आयोजित हो चुकी है, जहाँ आपकी प्रतिभा को व्यापक सराहना मिली है। आपको राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में आप दिल्ली के उत्तम नगर, राजापुरी स्थित अपने मंच "भारती एकाडमी"के माध्यम से कला प्रेमी छात्र-छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण दे रही हैं और नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना का संचार कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्य एवं कला जगत में हर्ष की लहर है।

## रोटरी क्लब ने छोटानागपुर गर्ल्स स्कूल को लिया गोद




**संवाददाता रांची:** रोटरी क्लब ऑफ रांची के सदस्यों ने थरपखना स्थित छोटानागपुर गर्ल्स प्राइमरी एवं उच्च विद्यालय को गोद लेकर उसे हैप्पी स्कूल के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया है। बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा 2 के विद्यार्थियों के लिए 10 नए डेस्क-बेंच एवं एक अलमारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अजय छाबड़ा एवं राजीव मोदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर रोट्रैक्ट क्लब ऑफ राइजिंग के सदस्यों ने छात्रों के लिए तकनीक, कला, कौशल विकास एवं सामान्य ज्ञान जैसे विषयों पर निरंतर कक्षाएं शुरू करने की पहल की। यह कक्षाएं अब नियमित रूप से संचालित की जाएंगी।बच्चो के बीच फ़ूड पैकेट्स भी वितरित की गई। विद्यालय के खेल मैदान को बैडमिंटन कोर्ट एवं फुटबॉल खेलने के लिए उपयुक्त बनाया जाएगा, जिससे छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा मिले। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने बताया कि हैप्पी स्कूल अभियान के माध्यम से हम शिक्षा, संसाधन और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में बच्चों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराना चाहते हैं। इस पुनीत कार्य में डॉ. अनिल पांडेय, आस्था बेहल, मुकेश तनेजा, शाहिद पाल, अजय वाधवा, जसदीप, कांता मोदी, प्रकाश सरावगी, भावना तनेजा, रश्मि अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल एवं ऋचा की प्रमुख भूमिका रही।

## गुरु जी अवश्य स्वस्थ होकर वापस आएंगेः अंतु तिर्की



**संवाददाता रांची** : तेतर टोली सरना स्थल मोरहाबादी में झारखंड निर्माता दिशुम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। अतु तिर्की के नेतृत्व में तेतर टोली सरना स्थल पर रूढ़ि वादी विधि विधान से मोरहाबादी मौजा के मुख्य पाहन सनी मुंडा के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। अंतु तिर्की ने कहा हम सबों के आदर्श आदरणीय दिशुम गुरु शिबू सोरेन जी पर सरना माता की कृपा बनी रहेगी और वे शीघ्र स्वास्थ्य होकर वापस लौटेंगे। उनके शीघ्र स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थना एवं पूजा अर्चना की गई। विशेष प्रार्थना एवं पूजा कार्यक्रम में कार्तिक तिर्की, राम सहाय सिंह मुंडा, बीरू साहू, विनोद तिर्की, महादेव मुंडा, बजरंग लोहरा, विलियम रिचर्ड, फैयाज साह, कृष्णा मुंडा, अमित तिर्की, दीपक तिर्की, दीपक लोहरा, अशेशर रजवार, राखी देवी, सोमारी देवी, चामू बेक अनिल, रोशन सहित अन्य लोग शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की स्वास्थ्य में सुधार, संजय सेठ ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल



**रांची:** झारखंड के अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा की स्थिति पहले से सुधर रही है. वे रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं, जहां उनके सिर में लगी गंभीर चोट के बाद इलाज चल रहा है. बुधवार को रांची के सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ अस्पताल पहुंचे और विमल लकड़ा के स्वास्थ्य की जानकारी ली. उन्होंने चिकित्सकों से मिलकर पूरी स्थिति को समझा और कहा कि सरकार उनकी हर संभव सहायता करेगी.

संजय सेठ ने कहा कि विमल लकड़ा जैसे खिलाड़ी राज्य और देश का गौरव हैं, और ऐसे समय में पूरा देश उनके साथ खड़ा है. संजय सेठ ने कहा कि जब वह पहली बार मेडल जीत कर झारखंड पहुंचे थे, तो उस दौरान मैं बैंक में नौकरी करता था. और उन्हें सम्मानित करने का मौका मिला था. उनके लिए झारखंड ही नहीं बल्कि पूरा देश खड़ा है, इस दौरान चिकित्सक संजय कुमार ने कहा कि पहले से स्थिति सुधर रही है ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ेगी. मेडिसिन से ही ठीक होने की संभावना ज्यादा है, लगातार चिकित्सकों की टीम मॉनिटरिंग कर रही है.

गौरतलब हो कि सोमवार को सिमडेगा जिले के अपने पैतृक गांव में खेत में काम करने के दौरान विमल लकड़ा अचानक बेहोश होकर गिर पड़े थे. परिवारजनों और ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचाया. प्रारंभिक जांच में सिर में गंभीर चोट और ब्रेन क्लॉटिंग की आशंका जताई गई, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें रांची रेफर कर दिया. रांची के क्यूरेस्टा अस्पताल में उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है. चिकित्सकों के अनुसार, ब्रेन में खून के थक्के जमने की पुष्टि हुई है और उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा है.

विमल लकड़ा की गंभीर स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार भी सक्रिय हुई है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को निर्देश दिया है कि इलाज में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए. साथ ही राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को भी अस्पताल जाकर स्थिति का जायजा लेने को कहा गया. मंत्री सोनू ने मंगलवार को अस्पताल पहुंचकर परिजनों से भेंट की और डॉक्टरों से विमल लकड़ा की स्थिति की जानकारी ली।

## एसबीयू में हुआ रिकॉर्ड प्लेसमेंट



सरला बिरला विश्वविद्यालय में इस साल का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। अब तक विवि के विभिन्न संकायों के 407 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हो चुका है। यह प्रक्रिया अब भी जारी है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से एसबीयू के विद्यार्थियों को देश की नामी-गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर हासिल होगा। इससे इन विद्यार्थियों के अभिभावकों में भी खुशी की लहर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरिबाबू शुक्ला ने बताया कि इस वर्ष प्लेसमेंट में संस्थान के छात्र को अधिकतम 9 लाख रूपये प्रति वर्ष का पैकेज मिला। इस वर्ष का औसतन पैकेज चार लाख रूपये रहा है। इस बार संस्थान में देश विदेश की 150 से अधिक कंपनियों ने प्लेसमेंट प्रक्रिया में भाग लिया।

## शैक्षणिक अनियमितताओं को लेकर युवा आजसू ने राज्यपाल से की मुलाकात



**संवाददाता रांची** : युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अजीत कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल महोदय से मुलाकात कर झारखंड में शिक्षा व्यवस्था और विशेष रूप से खुला विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्यपाल के समक्ष जो मांगें रखी गईं हैं उनमें- रांची विश्वविद्यालय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति शीघ्र की जाए। राज्य के चार विश्वविद्यालयों में प्रो-वीसी (प्रो-वाइस चांसलर) की नियुक्ति अविलंब की जाए। सभी विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराने हेतु कुलपतियों को निर्देशित किया जाए। सभी छात्रों के लिए सामूहिक बीमा योजना शुरू की जाए। राज्य के सभी कॉलेजों में बस सेवा आरंभ की जाए। छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की भारी कमी को अविलंब दूर किया जाए। रांची विश्वविद्यालय का नाम डॉ. रामदयाल मुंडा विश्वविद्यालय किया जाए तथा इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने हेतु भारत सरकार से अनुशंसा की जाए। खुला विश्वविद्यालय के लिए स्थायी भवन का निर्माण कराया जाए। खुला विश्वविद्यालय में 2 करोड़ की लागत से डिजिटल स्टूडियो का निर्माण बिना टेंडर के किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जाए। विश्वविद्यालय में किताबों की खरीद में करोड़ों रुपये की अनियमितता की गई है। ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को GEM पोर्टल के माध्यम से टेंडर दिए जा रहे हैं। खुला विश्वविद्यालय का वर्षवार लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए। खुला विश्वविद्यालय के लिए रांची के अनगड़ा में जमीन उपलब्ध कराई गई है फिर भी रेंट की जगह पर 2 करोड़ अनुमानित दर से डिजिटल स्टूडियो बनाई जा रही है जो की सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग हो रहा है। खुला विश्वविद्यालय में ई लाइब्रेरी खोला गया पर अभी तक छात्राओं से इस्तेमाल नहीं कराया गया और ना ही इसका सर्वर चालू है। इन बिंदुओं के अलावा भी कई अन्य छात्रहित के मुद्दों पर महामहिम राज्यपाल को ध्यानाकर्षित कराया गया। इस अवसर पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक चेतन प्रकाश, उज्ज्वल महतो, दीपक महतो, आलिया सिंह, मनीष कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वीडियो मैगज़ीन समय की मांग है : प्राचार्य



**संवाददाता रांची:** गोस्सनर कॉलेज, मास कम्युनिकेशन विभाग के अर्धवार्षिक वीडियो मैगज़ीन "गोस्सनर टाइम्स" को प्राचार्य प्रो इलानी पूर्ति के द्वारा रिलीज़ किया गया। इस वीडियो मैगज़ीन में जनवरी से जून 2025 तक के शैक्षणिक भ्रमण, प्रैक्टिकल, कार्यशालाएं, सत्रों, फिल्म फेस्टिवल सहित विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने इसे तैयार किया हैं। स्क्रिप्ट लेखन, कैमरा, संपादन, एंकरिंग, शोध सहित सभी कार्य विद्यार्थियों ने ही किया हैं।

इसे हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में तैयार किया गया है। हिन्दी भाषा से प्रस्तुत वीडियो मैगज़ीन में *सहायक निर्देशक के रूप में रिया, स्क्रिप्ट लेखन में कशफ, संपादक में अनूप तथा अर्चना, कैमरा में सलिल, एंकर के रूप में संजना शामिल थी। अंग्रेजी भाषा से बने वीडियो मैगज़ीन के सह निर्देशक के रूप में उदित, एंकरिंग में रिमी, स्क्रिप्ट लेखक में ख़ुशरुबा, संपादक में प्रेरणा और कैमरा में रजनी शामिल थी।

प्राचार्य प्रो इलानी पूर्ति ने कहा " कि समय के साथ बहुत कुछ बदल रहा है इसलिए इसी तरह के ही प्रॉडक्शन होने चाहिए। सभी विद्यार्थियों को दृढ़इच्छा शक्ति के साथ काम करना चाहिए। यह वीडियो मैगज़ीन आज की मांग है और विद्यार्थियों को अनुभव प्राप्त करने का मौका भी देता है।

कोर्स कॉर्डिनेटर प्रो आशा रानी केरकेट्टा ने कहा कि "यह वीडियो मैगज़ीन विद्यार्थियों को एक प्लेटफॉर्म प्रदान करता है जहां से सीख कर वे विभिन्न चैनलों में नौकरियां हासिल कर सकते है। जितना अधिक सीखेंगे उतना अधिक अवसर भी प्राप्त होंगें।"

हिन्दी वीडियो मैगज़ीन की सह निर्देशक रिया ने कहा "कि मैं पहली बार इसका निर्देशन कर रही हूं और दूसरे प्रोडक्शन से यह बिल्कुल अलग है। समय से पूरा करना एक बहुत बड़ी चुनौती थी लेकिन सभी ने मिल कर इसे संभव कर दिया। सभी सदस्यों ने अलग अलग इसे बनाने से पहले दूसरे वीडियो को देखकर बनाने के तरीके को देखा, समझा और इसका निर्माण किया।"

इस अवसर पर बर्सर प्रो प्रवीण सुरीन , सहायक प्राध्यापक महिमा गोल्डेन बिलुंग, सहायक प्राध्यापक मीना सिन्हा, संतोष कुमार, अनुज कुमार सहित विभाग के विद्यार्थी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड तथा भारतीय डाक विभाग, झारखंड के बीच समन्वय बैठक



**संवाददाता रांची:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड तथा भारतीय डाक विभाग, झारखंड के बीच समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शशि प्रकाश झा, अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के द्वारा की गई। बैठक में भारतीय डाक विभाग झारखंड की ओर से निरंजन कुमार, सहायक निदेशक तथा प्रेमजीत कुमार, डाक अधीक्षक ने भाग लिया। अभियान निदेशक ने कहा कि स्वच्छ झारखंड सुखी झारखंड में भारतीय डाक की सहभागिता से लाभुक को सामान के साथ-साथ प्रचार प्रसार के माध्यम से स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त होगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड अंतर्गत परिवार नियोजन कार्यक्रम की सेवाओं को राज्य स्तरीय भंडार गृह से पूरे राज्य के विभिन्न जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए बातें हुई। अभियान निदेशक ने कहा कि परिवार नियोजन के सेल्फ केयर किट को प्रमुख डाकघर के पब्लिक हॉल में प्रतिस्थापित करना है। परिवार नियोजन के संदेशों को डाकघर के पोस्टकार्ड पर मुद्रित कर लोगों में प्रचार प्रचार हेतु राज्य के अंतिम पंचायत के लोगों तक स्वास्थ्य योजनाओं का संदेश देना है। इस अवसर पर परिवार नियोजन के नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा, उपनिदेशक डॉ लाल मांझी, परिवार नियोजन समन्वयक गुंजन खलखो, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कू, समन्वयक नवल किशोर यादव अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

Ministry of Culture
Government of India

संगीत नाटक अकादेमी Sangeet Natak Akademi

Sangeet Natak Akademi, Ministry of Culture Govt. Of India Announces Call for Nominations for Prestigious Award

The Sangeet Natak Akademi India's national academy for music, dance and drama has announced the commencement of the nomination process for its prestigious awards : the Sangeet Natak Akademi Puraskar (Award) and the Ustad Bismillah Khan Yuva Puraskar. The Akademi is accepting both the nominations and self-nominations to recognize and honor outstanding talent and significant contributions in the diverse fields of performing arts.

The Akademi invites submissions from individuals and organizations actively engaged in music, dance and drama. These awards aim to acknowledge excellence across a broad spectrum of artistic expressions, encompassing both traditional and contemporary forms.

Nominations are open for the years 2024 and 2025 in the following categories.
**Sangeet Natak Akademi Puraskar (Award)** : Recognizing sustained individual excellence and significant contribution to the respective art forms of music, dance and drama
**Ustad Bismillah Khan Yuva Puraskar** : Recognizing outstanding talent in young artists in the fields of music, dance and drama.
Detailed guidelines for nominations, including eligibility criteria and the nomination form are available on the official website of the Sangeet Natak Akademi : **https://sangeetnatak.gov.in/award-honours/nomination**. The deadline for submitting nominations is **July 14, 2025**.

**Secretary**
**Sangeet Natak Akademi**

**Cbc 09114/12/0009/2526**

# चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने वनांचल कॉलेज टंडवा के नवनिर्मित सभागार का किया उद्घाटन

कोयलांचल संवाद संवाददाता

टंडवा(चतरा)आम्रपाली-चन्द्रगुप्त परियोजना टंडवा। आम्रपाली-चन्द्रगुप्त परियोजना के सौजन्य से नवनिर्मित वनांचल महाविद्यालय, टंडवा के सभागार का भव्य उद्घाटन बुधवार को चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई, जहां सांसद के कॉलेज पहुंचने पर झारखंडी संस्कृति के प्रतीक ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात सांसद श्री सिंह ने विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर सभागार भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वनांचल महाविद्यालय के सचिव श्री अक्षयवट पांडे ने गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति रहें। उद्घाटन के बाद सांसद श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का सशक्त होना आवश्यक है। यह सभागार आने वाले समय में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और सांस्कृतिक, शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर सिमरिया के विधायक कुमार उज्जवल दास, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति चंद्रभूषण शर्मा जी, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुनील चौरसिया, मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, विकास कुमार मालाकार, मिथिलेश गुप्ता, विजय दांगी सहित अन्य लोग मौजूद रहें, टंडवा के सभागार का भव्य उद्घाटन बुधवार को चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह ने किया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई, जहां सांसद के कॉलेज पहुंचने पर झारखंडी संस्कृति के प्रतीक ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात सांसद श्री सिंह ने विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर सभागार भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वनांचल महाविद्यालय के सचिव श्री अक्षयवट पांडे ने गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं, शिक्षकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति रहें। उद्घाटन के बाद सांसद श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का सशक्त होना आवश्यक है। यह सभागार आने वाले समय में विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और सांस्कृतिक, शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का माध्यम बनेगा। इस अवसर पर सिमरिया के विधायक कुमार उज्जवल दास, विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति चंद्रभूषण शर्मा जी, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, सांसद प्रतिनिधि सुनील चौरसिया, मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, विकास कुमार मालाकार, मिथिलेश गुप्ता, विजय दांगी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।









## संक्षिप्त खबरें...

### इरबा उर्दू मिडिल स्कुल में स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी की 121वीं जयंती मनायी गई



ओरमांझी(मोहसीन): अब्दुल कय्यूम अंसारी उर्दू मिडिल स्कूल इरबा में स्वतंत्रता सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी की 121वीं यौमे पैदाइश स्कूली बच्चों एंव शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई।मौके पर विधालय के शिक्षक अबू अबूलैश प्यामी ने अब्दुल कयूम अंसारी की जीवनी को बच्चों को बताते हुए कहा की बाबा-ए-कौम अब्दुल कयूम अंसारी साहब की सच्ची जयंती तभी मनाई जाएगी,जब उन्हें भारत रत्न की उपाधि से नवाजा जाएगा।अब्दुल कय्यूम अंसारी ने हमेशा राष्ट्रीय एकता सामाजिक समरसता और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया।वहीं स्कूल की प्रधान अध्यापिका विभा कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की हम सभी को अब्दुल कय्यूम अंसारी की जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है,उन्होंने बहुत कम उम्र में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ गये,वे राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द के समर्थक थे।असहयोग और खिलाफत आंदोलन के समय उन्होंने सरकारी स्कूलों का बहिष्कार करने वाले छात्रों के लिए राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना की थी। बुनकर समाज के उत्थान के लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। वे बिहार सरकार में लगातार 17 वर्षों तक मंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक समरसता और विकास को प्राथमिकता दी।इस अवसर पर विद्यालय के सचिव अनवार अहमद अंसारी तथा विधालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से 318 छात्र-छात्राओं को कोपी और कलम वितरण किया गया,इस कार्यक्रम में विधालय के प्रधानाध्यापिका विभा कूमारी,निखत आरा,मो० अबूलैश प्यारी,बाबर आजाद,तबस्सुम परवीन,रफत मतीन,शहला निगार, अशफाक अंसारी सभी सहायक शिक्षक शिक्षिकाऐं उपस्थित थे।

### वन विभाग के लिए ऋषभ कुमार को जिला सांसद प्रतिनिधि बनाया गया



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः सांसद कालीचरण सिंह ने हंटरगंज प्रखंड के गढ़केदली गांव निवासी ऋषभ कुमार को वन विभाग के लिए जिला प्रतिनिधि बनाया है। ऋषभ कुमार लंबे समय से वृक्षारोपण, पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण को लेकर सक्रिय रहे है। सांसद ने उम्मीद जतायी हैं कि वन विभाग से संबंधित सभी जनहित योजनाओं की निगरानी व शिकायतो का समाधान अब अधिक तत्परता से होगा। रिसव को यह जिम्मेवारी विशेष रूप से वन क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की निगरानी, आम लोगो की भागीदारी व पारदर्शिता बनाये रखने के लिए दी गयी है। सांसद प्रतिनिधि बनने पर ऋषभ कुमार ने सांसद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी सौंपी गयी हैं। उसे ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करूंगा। वन विभाग से जुड़े कार्यो में पारदर्शिता व आम लोगो की समस्या को समाधान कराया जायेगा। सांसद प्रतिनिधि बनने पर कई लोगो ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालो प्रेम कुमार सिंह, कुंदन कुमार, विपिन कुमार सिंह, अमन कुमार, छोटू कुमार, कुमार चंदन, सौरव कुमार, देव कुमार सिंह, गौतम कुमार सिंह समेत कई शामिल है।

### आकांक्षी जिला चतरा में खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण योजनाओं की समीक्षा हेतु केंद्रीय दल का दौरा



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराः खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड, रांची के निर्देशानुसार तथा भारत सरकार, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से आकांक्षी जिला चतरा में केंद्रीय दल ने दौरा किया। मंगलवार देर शाम चतरा परिसदन पर यह दल पहुंचा। परिसदन आगमन पर केन्द्रीय दल के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री गोकुल नगरकोटी, निदेशक एवं श्री रामानंद मीणा, सेक्शन ऑफिसर का स्वागत अपर समाहर्ता अरविंद कुमार एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी मनिंदर भगत के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। बुधवार को केंद्रीय टीम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से एफसीआई गोदाम (कुल्लू मोड़, उंटा), हफुआ, टीकर तथा चतरा सदर प्रखंड के विभिन्न जन वितरण प्रणाली की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में लाभुकों से संवाद कर वितरण की प्रक्रिया, स्टॉक की उपलब्धता, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता की स्थिति का गहनता के साथ अवलोकन किया गया। निरीक्षण के उपरांत केंद्रीय दल ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बेहतरी और सुधार के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा योजनाओं के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन हेतु राज्य एवं जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

### दैहर पंचायत में जनजातीय उत्कर्ष अभियान का शिविर लगा, सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया लाभ



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) दैहर पंचायत भवन में बुधवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुड़िया, सहजना, पथलगाड़ा, करगा और दुरागड़ा समेत आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। मुखिया ब्रमदेव भुइंया ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कल्याण पदाधिकारी मुकेश कुमार व समाजसेवी नागेंद्र कुमार ने एसटी समुदाय को मिलने वाली सरकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगाए गए जांच शिविर में ग्रामीणों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। मौके पर कृषि विभाग, आधार सेवा, प्रज्ञा केंद्र समेत विभिन्न विभागों के कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। पंचायत सचिव शैलेंद्र पासवान ने कई पेंशन फार्म पर हस्ताक्षर किए। प्रज्ञा केंद्र की भूमिका इस दौरान सराहनीय रही। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका और सहिया दीदियों की भी उपस्थिति रही।

## जामताड़ा में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत

जामताड़ाः जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के शहरडाल कोलपाड़ा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 23 वर्षीय मोनिका राय के रूप में हुई है। मोनिका की शादी वर्ष 2021 में कोलपाड़ा निवासी दीपक राय से हुई थी। दोनों की एक तीन साल की बेटी भी है। घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है।

पुलिस ने शव भेजा पोस्टमॉर्टम के लिए, UD केस दर्ज घटना की जानकारी मिलते ही मिहिजाम थाना प्रभारी गुलशन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस ने यूडी केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

मोनिका के मायकेवालों ने उसके ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि मोनिका की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। मोनिका मिहिजाम के हांसीपहाड़ी की रहने वाली थी। वहीं, उसका पति दीपक राय निजी वाहन चालक का काम करता है।

### पुलिस ने कहा- जल्द होगा खुलासा

पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी विवेकानंद दूबे ने बताया कि मामले में सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर संबंधित लोगों से पूछताछ भी की जाएगी। परिजनों के आरोपों और पुलिस की जांच के बाद आने वाली रिपोर्ट से ही स्थिति साफ हो सकेगी।



## बोकारो में चोरी के 4 मामलों का खुलासाः सेक्टर-4 में रेकी करते पकड़ा गया आरोपी

### सोने के गहने और साइकिल बरामद

बोकारोः बोकारो पुलिस ने शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर कार्रवाई करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। एसपी के निर्देश पर नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे सघन छापेमारी अभियान के दौरान यह सफलता मिली।

### पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ लिया

1 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति सेक्टर-4/डी में रेकी कर रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी को पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू उर्फ आलम अंसारी उर्फ बादशाह खान के रूप में हुई। यह 53 वर्षीय आरोपी चास मंदिर के पीछे चेकपोस्ट का रहने वाला है।

आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का सामान बरामद किया।




इसमें सोने के तीन आभूषण-मंगलसूत्र, चेन और बालियों का जोड़ा शामिल है। साथ ही रेंजर साइकिल और 10 अन्य लावारिस साइकिलें भी मिली हैं।

### चोरी और डकैती के कई मामले दर्ज हैं

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास लंबा है। बीएस सिटी और सेक्टर-4 थाने में इसके खिलाफ चोरी और डकैती के कई मामले दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी से सेक्टर-4 थाने में दर्ज चार चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई पर संतोष जताया है।

## आईएएस प्रशिक्षु आंनद कुमार ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया गहन जांच

### अधुरे भवन और गिरी हुई चारदीवारी पर जतायी नाराजगी- आंनद कुमार

कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण( हजारीबाग) चौपारण प्रखंड में बेहतर शिक्षा का संचालन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मानगढ़, चौपारण में इकलौता विद्यालय है।

इस विद्यालय में प्रखंड के सभी कोटि की बालिकाएं रहती है।

बेहतर शिक्षा के लिए वार्डेन संघमित्रा नन्दनी ने सभी शिक्षकों को समय-समय पर आवश्यक निर्देश, गतिविधि और कुशल विचारों का आदन प्रदान कर शिक्षा का बेहतर माहौल बनाने का हमेशा प्रयास किया है।

जिसका परिणाम है शत-प्रतिशत रिजल्ट घोषित होना। विद्यालय में बेहतरीन रख- रखाव सर सफाई और कुशल संचालन के लिए जाना जाता है कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय मानगढ़। आज आईएएस प्रशिक्षु आंनद कुमार और प्रखंड निति आयोग के पदाधिकारी सुरेश कुमार ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण व जांच करने में कोई असर नही छोड़ा।



बच्चों का शयन का देखा गया, कार्यालय की सम्पूर्ण व्यवस्था और विद्यालय रिकॉर्ड को खंगाला गया, बालिकाओं से भी पूछताछ की गई। रसोई घर और शौचालय को भी देखा गया। और उन्होंने कहा व्यवस्था में सुधार कर और बेहतर करने का प्रयास कीजिए।

बहुत दिनों से अधुरा पड़ा हुआ भवन और चारदीवारी गिरा हुआ देख कर नाराजगी जताई। इन्होंने ने कहा चारदीवारी का निर्माण कार्य शीघ्र किया जाएगा। और अधुरा भवन निर्माण पर जिला की आवशयक बैठक में विचार किया जाएगा,और ठिकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

विद्यालय को और अच्छे से संचालन के लिए वार्डेन संघमित्रा नन्दनी को अति आवश्यक निर्देश भी जारी किया।

मौजूदा हालात में बेहतरीन संचालन के लिए वार्डेन संघमित्रा नन्दनी को धन्यवाद के साथ सही मार्गदर्शन भी किये।

## रोहनडीह के ग्रामीण सांसद आदित्य प्रसाद साहू से मिल मांग पत्र सौंपा



ओरमांझी(मोहसीन): ओरमाझी प्रखंड क्षेत्र के रोहनडीह गांव के लोगों ने बुधवार को राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू से उनके आवास पर मिले और लिखित आवेदन देकर कहा कि भारत माला एक्सप्रेसवे रोड़ निर्माण कार्य में रोहनडीह गांव जाने वाले मार्ग पर अभी काफी कम उच्चाई का अण्डर पास बनाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानीयो का सामना करना पड़ेगा जिसे देखते हुए उस अण्डर पास को चौदह फीट ऊंचाई करने की मांग किया गया.इस पर सांसद ने विभाग के अधिकारीयों से बात कर सामाधान निकलवाने का कोशिश करने का आश्वासन दिया.मौके पर राजेंद्र महतो मोहन महतो प्रवीण कुमार मन किशोर मेहता प्रोजेश कुमार घनश्याम महतो धरमु महतो मनीश कुमार राजा महतो रमेश महतो धनेश्वर महतो पुरन महतो मुकेश महतो बनेश महतो विनोद महतो प्रमोद महतो दिनेश महतो कार्तिक कुमार विरेन्द्र महतो कलेश्वर महतो मदन महतो बिगलेश्वर महतो संजय कुमार राकेश कुमार बलकु महतो सुरेन्द्र महतो सिबु महतो राकेश कुमार महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हरचण्डा मोहर्रम मेला 7 जुलाई को, मेला की तैयारी को लेकर हुई बैठक



ओरमांझी(मोहसिन आलम): ओरमांझी के हरचण्डा में लगने वाला मोहर्रम मेला इस वर्ष 7 जुलाई को धूमधाम से लगेगा,जिसकी जानकारी सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सलीम अंसारी ने पत्रकारों को दी,वहीं उन्होंने बताया की हरचण्डा मोहर्रम मेला की तैयारी को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित किया गया था,जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र के समाज सेवी व सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सलीम अंसारी ने किया,सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष सलीम अंसारी ने बताया की आगामी मुहर्रम मेला शांतिपूर्ण एकता व सदभाव के साथ मनाने के लिए सेंट्रल मोहर्रम कमेटी अपने स्तर से तैयारी कर रही है,मेला में आने वाले लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए प्रशासन की मदद ली जाएगी,इस के अलावा सेंट्रल मोहर्रम कमेटी अपने वालंटियर तैयार करेगी,जो सुरक्षा व्यवस्था को देखेंगे,कुटे में 6 जुलाई को ओरमांझी पूर्वी क्षेत्र का मोहर्रम मेला हैं,जिसको देखते हुए एक दिन बाद हरचण्डा मोहर्रम मेला का आयोजन किया गया हैं,मेला में अधिक से अधिक लोग आये इसकी कोशिश की जायेगी,मेला को लेकर प्रशासन को जानकारी दी जायेगी, ताकि मेला के दिन यातायात बाधित ना हो भीड़ भाड़ की व्यवस्था ठीक ठाक कर सकें, पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए निश्चित रहेगी,. वहीं उन्होंने बताया की हरचण्डा मेला में आने वाले गाँवो के खलीफा को अपील किया गया हैं की मेला में सही समय पर पहुंचे,जुलूस यातायात को बाधित न करें, जुलुस में शामिल होने वाले लोगों से कहा हैं की प्रशासन की मदद करते हुए सरकार द्वारा दिए गए गाइडलाइन के अनुसार जुलूस में शामिल हो,एवं पारंपरिक हथियार के साथ जुलूस में शामिल हो.मेला में आने वाले लोगों का भव्य स्वागत पगड़ी बांध कर किया जायेगा,बैठक में पश्चिम सेन्ट्रल मोहर्रम कमेटी के सचिव जियाउल अंसारी ने बताया की हरचण्डा मोहर्रम मेला इस वर्ष धूमधाम से लगाया जायेगा,मोहर्रम मेला को बेहतर तरीके से सजाया जाएगा,मेला के दिन मेला टाड़ में हथियार के खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जाएगा, इसके अलावा मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों की सुविधा का भी ख्याल रखा जाएगा।

## महाकालेश्वर धाम उलातु में श्रावणी मेला को लेकर बैठक, ग्यारह जूलाई को निकाली जाएगी कांवड़ सह जल यात्रा



ओरमांझी(मोहसीन):ओरमांझी प्रखंड के उलातु गांव स्थित गगारी पहाड़ में विराजमान महाकालेश्वर धाम में लगने वाले एक महिने का श्रावणी मेला का शुभारंभ सावन मास के पहले दिन ग्यारह जूलाई को कांवड़ सह जल यात्रा के साथ किया जाएगा इसके सफल आयोजन के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमाझी परिसर में विशेष बैठक महाकालेश्वर धाम मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष सोनाराम मुण्डा की अध्यक्षता में किया गया बैठक में काफी गहनता पुवक चर्चा किया गया और कांवड़ यात्रा राधा कृष्ण मंदिर परिसर से निकाल कर डोमा नदी छठ घाट से विधि-विधान पूर्वक जल उठा कर महाकालेश्वर धाम में जल अर्पित किया जाएगा इसके प्रचार प्रसार और अधिक से अधिक भक्त गण का समावेश हो इसके लिए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई साथ मातृशक्ति के साथ रविवार को चलिए दुर्गा महादेव मंदिर ओरमांझी में बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया साथ ही मंदिर के पास लगे बिजली के टासफमर जो काफी दिनों से खराब है उसे बनवाने के लिए राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू से मिलने की बात कही गई बैठक का संचालन समिति के के सचिव दिलीप मेहता ने किया बैठक में मुख्य रूप से अमरनाथ चौधरी मानकी राजेंद्र साही ललीता मेहता उमाशंकर साहू सत्यनारायण तिवारी दिलीप मेहता राजेश गुप्ता महेंद्र मुण्डा संतोष कुशवाहा किरन देवी ऊषा देवी ममता देवी छेदी महतो विक्रांत तिवारी अजय मुण्डा शशी मेहता अजित कुमार अरूण मण्डल राजकिशोर साहू बब्लू कुमार अरविंद नीरज कुमार पाण्डेय नन्द किशोर महतो खलेश्वर महतो कृष्णा महतो राजकिशोर शुक्ला महेश महतो प्रयाग महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें...

### तेजस्वी बोले-चुनाव आयोग भाजपा आयोग बन गया है:मिलने के लिए समय मांगा, नहीं मिला

पटना. वोटर लिस्ट को लेकर तेजस्वी यादव लगातार सरकार और चुनाव आयोग को घेर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने कहा- 'हम लगातार चुनाव आयोग से समय मांग रहे हैं कि हमारा प्रतिनिधिमंडल आपसे मिलना चाहता है। दुख की बात है कि जिस राज्य में चुनाव होने वाले हैं, वहां विपक्ष अगर चुनाव आयोग से मिलना चाहता है तो चुनाव आयोग मिलने का समय नहीं दे रहा है।' 'ये लोग लोकतंत्र को खत्म करने पर तुले हुए हैं, चुनाव आयोग संविधान की धज्जियां उड़ाने पर तुला हुआ है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने खुद चुनाव आयोग को पत्र लिखा है लेकिन कोई जवाब नहीं आया। ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग भाजपा का आयोग बन गया है।' 'भाजपा, नीतीश कुमार चुप हैं, ये लोग हार रहे हैं, इसलिए चुनाव आयोग पीछे से उनकी मदद कर रहा है। आज तक ऐसा कभी नहीं हुआ कि चुनाव आयोग समय न दे रहा हो। ये एक राष्ट्र एक चुनाव की बात करते हैं, एक जगह चुनाव ठीक से नहीं हो रहे हैं, बेईमानी हो रही है।'

### 16 धुर जमीन को लेकर 2 पक्षों में विवाद:5 घायल

गोपालगंज. गोपालगंज के बरौली बाजार में 16 धुर जमीन के विवाद ने बुधवार को हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट और चाकूबाजी में महिला सहित 5 लोग घायल हो गए। घायलों में बरौली निवासी साकेत कुमार (30), उनकी मां मानकी देवी (60), बहन प्रीति देवी, पत्नी मैना देवी (25) और मुन्ना महतो की पत्नी मीना देवी (40) शामिल हैं। प्रीति देवी मायके आई हुई थीं और झगड़े में बीच-बचाव करने गई थी। बरौली बाजार में स्थित इस जमीन के मालिकाना हक को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। आज सुबह दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों तरफ से लाठी-डंडे और धारदार हथियार निकल आए। घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया।

### भवानीपुर में करंट लगने से बेटे की मौत

दरभंगा. दरभंगा के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भवानीपुर पंचायत में बुधवार को बिजली के करंट से एक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान मुसाफिर यादव के पुत्र रविषेक कुमार यादव (18) के रूप में हुई है। वह बीए का छात्र था। मृतक के पिता मुसाफिर यादव ने बताया कि वह घर के बाहर थे। इसी दौरान रविषेक को बिजली का करंट लग गया। उन्होंने बेटे को बचाने की कोशिश की। इस दौरान उन्हें भी करंट लगा, लेकिन वे बच गए। रविषेक की मौके पर ही मौत हो गई।

### मुंगेर में वारंटी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से झड़प

मुंगेर. मुंगेर के गुलजार पोखर मोहल्ले में एजुकेशन लोन मामले के फरार वारंटी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम के साथ झड़प का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस जब वारंटी साबिर अहमद को गिरफ्तार करने पहुंची, तो उसके परिजनों ने पुलिस से बदसलूकी कर उसे छुड़ा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारंटी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शब्बीर अहमद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद एहतेशाम और शाहिना परवीन शामिल हैं। सभी आरोपी गुलजार पोखर मोहल्ले के रहने वाले हैं। सदर डीएसपी अभिषेक आनंद ने बताया कि सभी आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### दरभंगा में ट्रक ने 7 लोगों को रौंदा, बवाल

दरभंगा. दरभंगा में मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार हाइवा ने अलग-अलग जगहों पर 7 लोगों को रौंद दिया। करीब 4 किलोमीटर के दायरे में ड्राइवर लोगों को रौंदता रहा। घटना से गुस्साए लोगों ने ड्राइवर और खलासी की पिटाई की है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में करीब 50 लोग गाड़ी का पीछा करते दिख रहे हैं। एक घायल को लोगों ने ई-रिक्शा से डॉक्टर के पास पहुंचाया। हाइवा की हरकत देख कुछ लोग बाइक से उसका पीछा करने लगे। पीछा करते देख चालक ने रफ्तार और बढ़ा दी। हाइवा लहेरियासराय थाना क्षेत्र के रहमगंज मुहल्ले तक पहुंचा। सामने से आ रही एक ट्रक के कारण उसकी रफ्तार धीमी हुई।पीछा कर रहे लोगों ने ड्राइवर को पकड़ लिया। गाड़ी से उतारकर बीच सड़क पर उसकी जमकर पिटाई की गई है। क्लीनर को भी पीटा गया। करीब आधे घंटे तक दोनों की पिटाई होती रही। चालक का चेहरा खून से लथपथ हो गया।

### तलाक लेने आए थे जीजा, सालों ने हाथ-पैर तोड़ दिया

मुजफ्फरपुर. बिहार में अनबन के बाद पत्नी से तलाक लेने आए सीतामढ़ी के छोटका कुंआ निवासी बहनोई मो. उजाले शेख का सालों ने मार-मार कर हाथ-पांव तोड़ दिया। दरभंगा फोरलेन पर संगमघाट के पास बहनोई को बस से खींचकर सालों ने रॉड से मारा। उजाले ने अपने सालों पर 4.50 लाख रुपये भी छीन लेने का भी आरोप लगाया है। मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाने में इसको लेकर एफआईआर दर्ज करवाई गई है। घायल मो. उजाले विजय छपरा स्थित समीप निजी अस्पताल के आईसीयू में इलाजरत हैं। पुलिस को दिये बयान में उन्होंने कहा है कि उनकी शादी औराई थाने के चंडिया गांव निवासी मुस्कान परवीन से हुई थी। उनका एक पुत्र भी है। लेकिन विवाद के कारण पत्नी मायके में रह रही है। 27 जून को तलाक के लिए पक्की सराय स्थित एक मदरसा में खोला कराने आए थे। इसमें शादी पर हुए तमाम खर्च भी पत्नी को अदा करना था। इसके लिए 4.50 लाख रुपये भी वो साथ लेकर आए थे। मदरसा में बात के दौरान पत्नी पुत्र को लौटाने को तैयार नहीं हुईं। इस वजह से तलाक पर बात नहीं बनी।

### बिहार में 21 अक्टूबर से छह चरणों में मतदान, 24 नवंबर को रिजल्ट? चुनाव आयोग ने कहा- खबर फर्जी है

पटना. बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव की तारीखें अभी घोषित नहीं हुई हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर बिहार चुनाव 21 अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच 6 चरणों में कराए जाने का दावा किया जा रहा है। चुनाव आयोग ने इस दावे का खंडन किया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि बिहार विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम अभी घोषित नहीं किया गया है। इसलिए सोशल मीडिया पर चल रहीं खबरों को गलत बताया है। चुनाव आयोग के बयान में कहा गया है कि विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों में बिहार विधानसभा चुनाव छह चरणों में 21 अक्टूबर से 20 नवंबर के बीच कराने और रिजल्ट 24 नवंबर को घोषित होने की खबरें चल रही हैं। यह दावा पूरी तरह से भ्रामक और असत्य है। सच्चाई यह है कि देश में चुनावों की तारीखें केवल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित की जाती हैं। आयोग की आधिकारिक घोषणा के बिना किसी भी तरह की तारीख या चरणों की जानकारी का प्रचार करना गैरकानूनी है और मतदाताओं को भ्रमित करने वाला है।

### मुंगेर में वारंटी की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस से झड़प

मुंगेर. मुंगेर के गुलजार पोखर मोहल्ले में एजुकेशन लोन मामले के फरार वारंटी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम के साथ झड़प का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस जब वारंटी साबिर अहमद को गिरफ्तार करने पहुंची, तो उसके परिजनों ने पुलिस से बदसलूकी कर उसे छुड़ा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारंटी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में शब्बीर अहमद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद एहतेशाम और शाहिना परवीन शामिल हैं। सभी आरोपी गुलजार पोखर मोहल्ले के रहने वाले हैं।

### हो गई प्रशांत किशोर और मनीष कश्यप की मुलाकात

पटना. बिहार के चर्चित और विवादित यूट्यूबर मनीष कश्यप की प्रशांत किशोर से मुलाकात हो गई है। मनीष कश्यप 7 जुलाई को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल होंगे जो बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन के अलावा वोटर के सामने तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रही है। मनीष कश्यप के भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) छोड़ने के बाद से उनके जन सुराज पार्टी में शामिल होने की अटकलें थीं। बुधवार को पटना में प्रशांत किशोर ने मनीष कश्यप से मुलाकात की, जिसके बाद उन्हें जन सुराज में लेने को हरी झंडी मिली है। मनीष पहले पार्टी के संस्थापक नेता वाईवी गिरी से भी मिले थे।

# 1200 नेताओं की बैठक में लालू यादव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित, आंबेडकर के 'अपमान' पर भाजपा गर्म



पटना. बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव द्वारा कथित तौर पर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान किए जाने पर सियासत गर्माई हुई है। भारतीय जनता पार्टी अब इसे लेकर मुखर हो गई है। पटना में बुधवार को बिहार बीजेपी की हुई बैठक में लालू के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत बिहार में बीजेपी के विधायक, सासंद, एमएलसी और पदाधिकारी समेत 1200 से ज्यादा नेता मौजूद रहे। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हाल ही में देश की अंतर्आत्मा को झकझोर देने वाला दृश्य सबने देखा था। लालू यादव के जन्मदिन पर आंबेडकर की तस्वीर आरजेडी सुप्रीमो के पैरों के पास रखी गई थी। यह कोई सामान्य गलती नहीं थी। उनके सामने दलित के अधिकार और सम्मान की जगह नहीं है। इनके दिल में बाबा साहेब के लिए सम्मान नहीं है। वे कभी पश्चाताप नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा आंबेडकर के मूल्यों को अपने दिल में बसाती है। भाजपा सरकार ने बाबा साहेब के विचारों को नीति में बदला है। उनके दिखाए रास्ते और मूल्यों का अनुसरण किया है। उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए भाजपा सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने काम किया है। बीजेपी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा समेत कई मंत्री और वरीय नेता मौजूद रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लालू यादव ने पिछले दिनों आंबेडकर का अपमान किया था। इसे लेकर बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया है। बता दें कि 11 जून को जन्मदिन के मौके पर लालू यादव अपने आवास पर समर्थकों से मिले थे। उस दिन का एक वीडियो वायरल हो गया। इसमें लालू सोफे पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं और स्वास्थ्य कारणों की वजह से सामने कुर्सी पर उन्होंने अपने पैर लंबे किए हुए हैं। एक समर्थक उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने आता है। वह लालू के पैरों के पास खड़ा होकर आंबेडकर की तस्वीर को खकैमरे की तरफ रखकर फोटो खिंचाता है। पीछे बैठे लालू को पता नहीं होता कि वह तस्वीर किसकी है। हालांकि, भाजपा नेताओं ने इसे मुद्दा बनाया और आरोप लगाया कि लालू ने आंबेडकर की तस्वीर को अपने पैरों के पास रखकर उनका अपमान किया है।

## दरभंगा में युवक की पीट-पीटकर हत्या: घर से 500 मीटर दूर ले गए बदमाश; पिता-भाई जेल में

दरभंगा. दरभंगा में मंगलवार को पुरानी रंजिश में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इलाज के दौरान युवक की मौत हुई है। वह अपने छोटे भाई सुशील यादव की शादी की तैयारी के लिए गांव आया था। शादी 7 जुलाई को होने वाली है। युवक को बदमाश घर से करीब 500 मीटर दूर खींचकर ले गए। फिर लाठी, ईंट, रॉड और राइफल से बुरी तरह से पीटा। गंभीर हालत में उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से डीएमसीएच रेफर किया गया। इलाज के दौरान मंगलवार रात उसकी मौत हो गई। 4 महीने पहले जमीन के विवाद में शिक्षक का मर्डर हुआ था। इस मामले में मृतक के पिता और भाई जेल में बंद है। उनके ही परिजनों पर हत्या का आरोप है। मदन खाद-बीज की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो बेटे और एक बेटी हैं। मामला कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के बहेड़ा गांव का है। मृतक की पहचान मदन



यादव (33) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अंकित चौधरी ने बताया कि घायल मदन यादव की कमर से एक देसी कट्टा भी बरामद हुआ है। घटना की जानकारी मृतक के भाई ने पुलिस को दी थी। सुशील कुमार यादव के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। 17 लोगों को नामजद और 8-10 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। फिलहाल, ये फरार है।

### हत्या के आरोप में पिता जेल में बंद

स्थानीय लोगों के अनुसार, जनवरी में इसी गांव के शिक्षक रामाश्रय यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उस मामले में मदन यादव के पिता लालो यादव और भाई हीरा यादव जेल में हैं। तभी से गांव में तनाव बना हुआ है। बताया जा रहा है कि पहले से ही दोनों पक्षों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। मृतक के छोटे भाई सुशील कुमार यादव ने बताया कि वह गांव गए हुए थे। पूरा परिवार कुशेश्वरस्थान बाजार में रहता है। सुजीत कुमार लाइनिंग का काम किया है। उसके कुछ लोगों ने घर से उठाकर बंदूक से मारा और फेंक दिया। पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। टीचर का गलत रिलेशन किसी के साथ था। इस कारण उसका मर्डर हुआ था। हम लोगों को मर्डर मामले में जानबूझ कर फंसाया गया है। साजिश के तहत भाई का मर्डर हुआ है। प्रशासन को पहले ही सूचना दी गई थी, लेकिन समय पर पुलिस नहीं पहुंची। इसी कारण भाई की जान चली गई है। चचेरे भाई ललित कुमार यादव ने बताया कि छोटे भाई सुशील की शादी होने वाली थी। तैयारी के लिए वह गांव गया था। उसी दौरान सुजीत को 40-50 लोगों ने घर से खींचकर ले जाया। पप्पू यादव, राम सकल यादव, भूपी यादव, शिवधारी यादव, लाल मोहर यादव समेत कई लोगों ने चारों तरफ से घेरकर ईंट, लाठी, रोड और राइफल के कुंदे से मारा। मारपीट इतनी बुरी थी कि डीएमसी में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## लाठी से पीटकर मर्डर, नदी किनारे फेंकी लाश: घर से 300 मीटर की दूर मिला शव

नालंदा. नालंदा में एक युवक की हत्या कर शव को घर से 300 मीटर दूर नदी किनारे फेंक दिया गया। नदी किनारे लाश मिली है। मां छठिया देवी का कहना है कि कल पड़ोसी से बेटे की कहासुनी हुई थी। उसने कहा था कि मार देंगे। मुझे नहीं पता है कि बेटे को किसने मारा है। मैं सो रही थी। आज सुबह घटना की जानकारी मिली है। मामला बिन्द थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंभरी नदी का है। मृतक की पहचान बिन्द गांव निवासी शिवालक रविदास के बेटे राजू रविदास (36) के रूप में की गई है। राजू रविदास की मां छठी देवी ने कहा कि मंगलवार की शाम कुछ लोग बुलाकर ले गए थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा, सुबह जब गांव के लोग शौच के लिए नदी किनारे गए तो शव पर नजर पड़ी, जिसके बाद घटना का खुलासा हुआ। छठी देवी ने बताया कि पड़ोसी से किसी बात को लेकर मंगलवार को कहासुनी हुई थी। वो कह रहे थे की बेटे को मार देंगे। हालांकि, उसकी हत्या किसने और क्यों की है, यह उन्हें नहीं पता है। ईंट और लाठी से पीट कर बेटे की



हत्या कर दी गई है। उसके शव को नदी में फेंक दिया गया है।

राजू रविदास हरियाणा में ईंट भट्ठा पर काम करता था। वह 10 दिन पहले ही अपने गांव आया था। दो दिन पहले उसकी पत्नी रेखा देवी मायके चली गई थी। राजू रविदास की दो बेटी और दो बेटा हैं। जिनमें एक बेटी की शादी हो गई है। पति की मौत की खबर पाकर पत्नी मायके से घर आ रही है। बिन्द थाना अध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। हत्या किसी और जगह करके शव को नदी में लाकर फेंक दिया गया है। एफएसएल की टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है। फिलहाल, घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## पूर्णिया में टॉप-10 की लिस्ट में शामिल बदमाश अरेस्ट: 25 हजार का इनाम था, 7 महीने पहले बाइक-मोबाइल समेत 23 हजार रुपए लूटे थे

पूर्णिया. पूर्णिया के टॉप-10 अपराधियों की लिस्ट में शामिल बदमाश अरेस्ट हुआ है। वांटेड हनी सिंह उर्फ नितिन को बनमनखी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हनी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। एसटीएफ को उसके बनमनखी में छिपे होने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने दबिश दी और हनी सिंह को धर दबोचा। पिछले 8 महीने से पुलिस को हनी की तलाश थी। हनी पर बीएनएस एक्ट के बनमनखी और सरसी थाना में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस ने वांटेड को गिरफ्तार कर लिया है और उससे आगे की पूछताछ जारी है। पकड़े गए बदमाश की पहचान बनमनखी थाना क्षेत्र के धीमा पोखर गांव का निवासी हनी सिंह उर्फ नितिन कुमार सिंह के रूप में हुई है। बनमनखी थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि हनी सिंह उर्फ नितिन जिले के टॉप-10 अपराधियों की लिस्ट में था। हनी पर बनमनखी थाना में बीएनएस की धारा 309 (4) में संगीन मामला दर्ज है। मामला 21 नवंबर 2024 का है। इसके अलावा उस पर बनमनखी और सरसी थाना क्षेत्र में लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट से जुड़े 3 मामले दर्ज हैं। जिसके चलते उसके ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित था। एसपी के निर्देश पर वांटेड की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम बनाई गई थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। मगर हर बार वो पुलिस से बचकर भाग निकलता था। एसटीएफ को उसके बनमनखी में छिपे होने की सूचना मिली थी। बनमनखी पुलिस की विशेष टीम ने मिली इनपुट पर दबिश दी और हनी सिंह को अरेस्ट कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे कड़ी सुरक्षा के बीच जेल भेज दिया गया है। 22 नवंबर को बनमनखी थाना के हृदयनगर गांव के बड़ी नहर के पास गुंजन कुमार से तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर बाइक, मोबाइल समेत 23,780 रुपए कैश लूट लिए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए बनमनखी पुलिस की एक विशेष टीम ने लूटकांड में शामिल तीन बदमाशों को पहले ही धर दबोचा था।

## पटना के दानापुर की इमारत में भीषण आग से हड़कंप

पटना. बिहार की राजधानी पटना से सटे दानापुर की एक इमारत में बुधवार दोपहर को भीषण आग लग गई। खगौल रोड पर स्थित जुडियो शोरूम के ऊपर चौथे फ्लोर पर मौजूद सेलम रेस्टोरेंट यह हादसा हुआ। आग की लपटें उठते देख इलाके में दहशत मच गई। सूचना मिलने पर दमकल की लगभग एक दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की वजह से इमारत को खासा नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार अगलगी के समय इमारत में कई लोग मौजूद थे। जिस रेस्टोरेंट में आग लगी, वहां कुछ लोग फंस गए। प्रशासन की ओर से उन्हें निकालने के लिए मौके पर क्रेन बुलाई गई। बताया जा रहा है कि सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आग बुझाने के बाद दमकल कर्मियों ने रेस्टोरेंट के अंदर जाकर जांच की। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस और प्रशासन की ओर से जांच शुरू कर दी गई है। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, असली




वजह जांच के बाद ही पता चल पाएगी। आग लगने की वजह से मेन रोड पर भारी भीड़ जुट गई। हाल के दिनों में दानापुर में अगलगी की यह दूसरी बड़ी घटना है। बीते 20 जून को तकियापुर पुलिस चौकी के पास शॉर्ट सर्किट से फास्टफूड की दुकान में आग लग गई थी। आग ने आसपास की तीन और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया था। इस घटना में चारों दुकानों में 10 लाख से ज्यादा का सामान जलकर राख हो गया था।

## सहरसा : मालगाड़ी की दो पहिए ट्रैक से उतरी

सहरसा. सहरसा जंक्शन पर बुधवार सुबह एक मालगाड़ी की अंतिम बोगी पटरी से उतर गई। हादसा सुबह 7 बजे हुआ, जब सीमेंट अनलोड करने के बाद मालगाड़ी को यार्ड की ओर संटिंग किया जा रहा था। इसी दौरान अंतिम बोगी के दो पहिए ट्रैक से उतरकर करीब 50 मीटर तक घिसटते चले गए। गनीमत रही कि बोगी पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव विशेष ट्रेन से दोपहर 12 बजे सहरसा जंक्शन पहुंचे। उन्होंने रैक पॉइंट का निरीक्षण किया और रेल अधिकारियों से पूरी घटना की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद डीआरएम ने बताया कि हादसे की गंभीरता को देखते हुए पांच सदस्यीय जांच टीम बनाई गई है, जो 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी। निरीक्षण के दौरान



डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि अगर जांच में किसी तरह की लापरवाही या नियमों की अनदेखी सामने आती है, तो दोषी कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान रेलवे के इंजीनियरिंग और ऑपरेशन विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस घटना से मालगाड़ी के संचालन पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ा है। फिर भी ऐहतियात के तौर पर संबंधित ट्रैक पर निगरानी बढ़ा दी गई है और तकनीकी टीम स्थिति की सतत जांच कर रही है।

## वरीय अधिकारी मेरे पति को मारना चाहते हैं, बोलीं रीतलाल यादव की पत्नी- नाम लूंगी तो बच्चों को भी मार देंगे

पटना. अभी एक दिन पहले ही यह खबर आई थी कि भागलपुर की जेल में बंद राजद विधायक रीतलाल यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस खबर के सामने आने के बाद रीतलाल यादव की पत्नी का एक वीडियो सामने आया था। इस वीडियो में राजद विधायक रीतलाल यादव की पत्नी ने आरोप लगाया था कि उनके पति को मारने की साजिश हो रही है। अब रीतलाल यादव की पत्नी रिंकू देवी ने पटना में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव से मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद रिंकू देवी ने कहा



कि एक वरीय अधिकारी उनके पति को मारना चाहते हैं। हालांकि, रिंकू देवी ने वरीय अधिकारी का नाम नहीं बताया। आरजेडी विधायक की पत्नी रिंकू देवी ने विधानसभाध्यक्ष नंद किशोर यादव से मिलकर पुलिस-प्रशासन की खूब शिकायत की है। इस मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए रिंकू देवी ने कहा, 'कहीं से कोई जगह नहीं मिला तो इनके पास मिलने के लिए आए हैं। इन्होंने कहा है कि ठीक है हम प्रशासन से बात करते हैं। हम बोले कि हमलोग प्रशासन से तंग आ गए हैं। मेरे पति के साथ ऐसा हो रहा है और हमारे घर में जाकर भी ये लोग ऐसा कर रहे हैं।'

रिंकू देवी ने आगे कहा कि हमने विधानसभाध्यक्ष से कहा कि मेरे पति माननीय हैं और उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। मेरे घर में पुलिस रात में आती है और चहारदीवारी कूद जाती है। इसे देखते हुए आप हमारी कुछ मदद करें। रिंकू देवी ने कहा कि हमें उम्मीद है इसलिए हमने गुहार लगाई है। इसके बाद रीतलाल यादव की पत्नी ने कहा कि 'उनको (पति) मारने की साजिश की जा रही है। जब उनसे पूछा गया कि कौन उनके पति को मारने की साजिश रच रहा है? तब इसपर रिंकू देवी ने कहा कि एक वरीय अधिकारी हैं। अभी हम उनका नाम नहीं लेंगे क्योंकि वो मुझे भी फंसा देंगे और मेरे बच्चों को मार देंगे। इसकी वजह से हम उनका नाम नहीं ले रहे हैं। रिंकू देवी ने कहा कि वरीय अधिकारी हैं जो हमको और मेरे पति को मारना चाहता हैं। अगर हम उनका नाम ले लेंगे तो हमको और मेरे बच्चों सबको मार देंगे। मेरे पति अभी उनके बस में हैं, इसलिए हम नहीं बोल रहे हैं।

## समस्तीपुर की किशोरी को प्रेमी ने 1.20 लाख में बेचा: अमृतसर से मिली लड़की

समस्तीपुर. समस्तीपुर की लड़की को उसके प्रेमी ने 1.20 लाख रुपए में बेच दिया। ये मंगलवार ये पंजाब के अमृतसर से मिली है। लड़के ने 2 महीने पहले किशोरी (17) को प्यार के जाल में फंसा लिया। फिर उसे उत्तर प्रदेश के बड़ौत में बेच दिया। खरीदने वाला अधेड़ लड़की को पंजाब ले गया। उससे शादी कर पति-पत्नी की तरह रहने लगा। वो ढाबा में काम करता था। पुलिस ने लड़की को बेचने और खरीदने वाले दो लोगों को पंजाब से अरेस्ट किया है। लड़की को उसके परिजनों को पुलिस ने सौंप दिया है। मामला उजियापुर थाने के एक गांव का है।



लड़की खरीदने वाले की पहचान बारी लाल, बढौत उत्तर के रूप में की गई है। जबकि, बेचने वाला उजियारपुर थाने के महेशपट्टी गांव का प्रदीप पासवान है। अब दोनों ही अरेस्ट हो गए है।

### शादीशुदा प्रदीप ने लड़की को फंसाया

दलसिंहसराय के डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि लड़की की मां ने 2 महीने पहले बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। दो महीने पहले प्रदीप पासवान ने गांव की घास काटने वाली लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया। जबकि, प्रदीप शादीशुदा है। लड़की को यहां से भगाकर सड़क के रास्ते लेकर पटना पहुंच गया।

बदमाश लड़की को पटना से ट्रेन से लखनऊ ले गया। वहां से जयपुर होते हुए बड़ौत शहर पहुंचा। वहां गांव के कुछ लोग पहले से काम करते हैं। एक सप्ताह तक वो वहां रुका। इस दौरान उसके साथ कई बार संबंध बनाया। इस दौरान प्रदीप की जान पहचान बारी लाल नाम के अधेड़ से हुई।

### 1.20 लाख में लड़की का सौदा किया तय

बारी लाल की पत्नी नहीं थी। इससे लड़की को बेचने की बात कही। बारी लाल ने 1.20 लाख में सौदा तय कर राशि का भुगतान किया। प्रदीप ने लड़की को उसे सौंप दिया और वहां से खिसक गया। बारी लाल लड़की को बडौत से पंजाब के अमृतसर ले गया। जहां एक ढाबा में काम करने लगा। वहीं पर उसने लड़की से शादी कर ली और पति-पत्नी की तरह रखने लगा। डीएसपी ने बताया कि इस घटना में जांच के आधार पर पहले प्रदीप की गिरफ्तारी हुई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसने लड़की को वह बारी लाल के हाथों बेच दिया है। पुलिस प्रदीप को लेकर बारी लाल के पास पहुंची, तो वह गड़ैत में नहीं मिला। पूछताछ के दौरान पता चला कि वह पंजाब के एक ढाबा पर काम करता है। पुलिस अमृतसर के ढाबा में पहुंची, जो स्टेशन के पास था। छापेमारी के दौरान बारी लाल को गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद ढाबा के पास ही एक घर से लड़की को बरामद किया गया। डीएसपी ने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपी को मंगलवार शाम जेल भेज दिया गया। बरामद लड़की परिवार के लोगों को सौंप दी गई है।

# सम्पादकीय

**कोयलांचल संवाद**

रांची, गुरुवार, 03 जुलाई, 2025

www.ksnewsupdates.com




# बिग ब्यूटीफुल बिल बना ट्रंप के लिए जी का जंजाल ?

डोनाल्ड ट्रंप का प्रस्तावित बिग ब्यूटीफुल बिल से अमेरिकी संसद में तूफान खड़ा हो रहा है। इसे ट्रंप प्रशासन की दूसरी पारी का ब्लूप्रिंट माना जा रहा है। जो उनके चुनावी वादों को पूरा करने के रूप में देखा जा रहा है। इस बिल के पीछे की सच्चाई और इसके संभावित परिणामों को लेकर अमेरिका तथा भारत जैसे देशों के लिए इस बिल के परिणाम बड़े घातक हो सकते हैं। इस बिल का मुख्य उद्देश्य टैक्स कटौती, सीमा सुरक्षा, और सामाजिक योजनाओं में बदलाव के ज्यादा अधिकार राष्ट्रपति को देता है। इसमें सरकार द्वारा 2017 के टैक्स कट्स को स्थायी करने, व्यक्तिगत और कॉरपोरेट टैक्स दरों में कमी करने ओवरटाइम व टिप्स पर टैक्स छूट जैसे प्रावधान शामिल हैं। इस बिल में बॉर्डर, अवैध प्रवासियों के डिपोर्टेशन के लिए 4.5 ट्रिलियन डॉलर का भारी-भरकम खर्च प्रस्तावित है। दूसरी ओर सरकार मेडिकेड और खाद्य सुरक्षा जैसी योजनाओं में कटौती कर सकती है। जिसके कारण गरीब और मध्यम वर्ग को भारी नुकसान होना तय है। भारत एवं भारतीयों के लिए सबसे चिंताजनक विदेशी धन-प्रेषण पर 3.5 से 5% टैक्स भारतीय-अमेरिकी समुदाय को सीधे प्रभावित करेगा। भारत को भेजे जाने वाले धन पर यह टैक्स भारतीय रुपये को और भी कमजोर कर सकता है। जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ना तय है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का यह बिल उनके धनाढ्य समर्थकों और पूंजीपतियों के लिए को फायदा पहुंचाने का बिल माना जा रहा है। भारत में जिस तरह से इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से राजनैतिक दलों के लिये बिल लाया गया था, इस बिल के माध्यम से मोदी सरकार को सबसे ज्यादा चंदा मिला। चंदे के आधार पर ठेके दिये गए। बिग ब्यूटी बिल के माध्यम से ट्रम्प को जो अधिकार मिलेंगे, उससे वह चंदा और परिवार के निजी कारोबार को बढ़ाने के लिये उपयोग करेंगे। यह आशंका अमेरिका में व्यक्त की जा रही है। डेमोक्रेट्स इसे अमीरों का बिल बता रहे हैं। वहीं रिपब्लिकन भी अमेरिका के ऊपर बढ़ते कर्ज जो 2.4 से 4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, उसको लेकर चिंतित हैं। अमेरिकी सांसद बर्नी सैंडर्स ने इस बिल को भ्रष्ट वित्त प्रणाली का प्रतीक बताया है। उनका कहना है राष्ट्रपति ट्रंप अपने अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए इस बिल को पास कराने जा रहे है। राष्ट्रपति और ट्रंप के पूर्व सहयोगी एलन मस्क ने भी इसका विरोध किया है। इस विरोध के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच तकरार बढ़ी है। एलन मस्क ने धमकी दी है, वह अमेरिका में तीसरी पार्टी बनाएंगे। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने एलन मस्क को अमेरिका से बाहर निकालने तक की बात कह दी है। भारत के लिए यह बिल बिग एंड बैड साबित हो सकता है। भारत सरकार की खामोशी हैरान करने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस बिल के बारे में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उनकी चुप्पी से यह धारणा बनने लगी है, भारत अमेरिकी दबाव के सामने नतमस्तक है? गौतम अडानी जैसे कारोबारियों के हितों की रक्षा में क्या भारत सरकार राष्ट्रीय हितों को नजरअंदाज कर रही है? यह बिल अमेरिकी संसद में पारित होने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसका दूरगामी दुष्प्रभाव होगा। भारत सरकार का मौन न केवल निराशाजनक है, बल्कि भारत सरकार की अर्थव्यवस्था एवं भारतीयों के लिए यह बिल खतरनाक भी है। ट्रंप के लिए यह बिल उनकी सत्ता और उनके परिवार के कारोबार को बढ़ाने के लिए हो सकता है। भारत सहित दुनिया के कई देशों के लिए यह बिल आर्थिक फंदा बन सकता है। अमेरिका के माध्यम और गरीब वर्ग के लिए भी इस बिल से भारी नुकसान होने की संभावना है। जिसके कारण अमेरिका में इस बिल का बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। इस बिल से भारत की प्रभावित हो रहा है। भारत सरकार की चुप्पी से सभी को आश्चर्य हो रहा है। भारत सरकार को भारतीय मूल के नागरिकों और भारत के आर्थिक एवं राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए तुरंत सक्रिय होने की आवश्यकता है।

## भारत का जीएम सोयाबीन संकट

भारत सरकार का जीएम (जेनेटिकली मोडिफाइड) सोयाबीन आयात की अनुमति देना, लेकिन घरेलू खेती पर प्रतिबंध लगाना, एक गंभीर नीतिगत विरोधाभास है। यह नीति 70 लाख सोयाबीन किसानों को नुकसान पहुंचा रही है। विदेशी जीएम उत्पादकों को भारतीय बाजार में प्रवेश की छूट है, लेकिन स्थानीय किसानों को ऐसी फसलें उगाने से रोका जा रहा है। यह दोहरा मानक न केवल किसानों की आजीविका को खतरे में डालता है, बल्कि आर्थिक वास्तविकताओं को नजरअंदाज करता है तथा गैर-जीएम बाजार में भारत की संभावनाओं को कमजोर कर रहा है। तिलहन में आत्मनिर्भरता और किसानों की सुरक्षा के लिए एक सुसंगत, विज्ञान-आधारित नीति की तत्काल जरूरत है। अगस्त 2021 में, पोल्ट्री फीड की कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने 12 लाख टन जीएम सोयाबीन मील आयात की अनुमति दी, यह दावा करते हुए कि डी-ऑयल्ड केक में कोई जीवित जीएम तत्व नहीं होते। अक्टूबर 2021 तक केवल 6.5 लाख टन आयात होने पर, सरकार ने सितंबर 2025 तक 5.5 लाख टन और आयात की मंजूरी दी है एक तरफ भारत में जीएम सोयाबीन की खेती पर सख्त पाबंदी है, वहीं दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट जीएम सरसों की मंजूरी पर जैव-सुरक्षा जोखिमों और अपर्याप्त परामर्श के कारण सुनवाई कर रहा है। जीएम सोयाबीन आयात को हरी झंडी देना, लेकिन इसकी खेती पर रोक की यह नीति भारतीय किसानों के हितों की अनदेखी करते हुए बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्राथमिकता दे रही है। अमेरिका के साथ इस महीने होने वाले संभावित व्यापार समझौता में सरकार को समझना होगा कि इस समझौते से भारतीय किसानों के हितों की अनदेखी ना हो।

जीएम सोयाबीन आयात करके, देश में तेल निकालने और मील को निर्यात करने का प्रस्ताव आर्थिक रूप से अव्यवहारिक है। भारत के ज्यादातर सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन प्लांट मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बंदरगाहों से 800–1,500 किमी दूर हैं। सोयाबीन को इन प्लांटों तक और मील को वापस बंदरगाहों तक ले जाने में प्रति टन 5,000–7,000 की लागत आती है, जिससे भारतीय मील वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाता। बंदरगाहों पर प्रसंस्करण संयंत्रों की कमी इस मॉडल को और मुश्किल बनाती है। निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सरकार को या तो ट्रांसपोर्ट और निर्यात सब्सिडी देनी होगी या बंदरगाहों पर प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने होंगे। पोल्ट्री फीड में डिस्टिलर्स ड्रायड ग्रेन्स विथ सॉल्यूबल्स (DDGS) के बढ़ते उपयोग ने भारत के फीड बाजार को बदल दिया है। मक्का और चावल से इथेनॉल उत्पादन का यह उप-उत्पाद अब 25% सोयाबीन मील की जगह ले रहा है, जिससे सालाना 3 लाख टन मांग कम हो गई है। DDGS, सोयाबीन मील से 30–40% सस्ता होने के कारण, सोपा ने 2024–25 के लिए घरेलू खपत अनुमान को 80 लाख टन से घटाकर 63 लाख टन कर दिया है। इसको मद्देनजर रखते हुए देश में अब जीएम सोयाबीन का आयात अप्रासंगिक प्रतीत होता है क्योंकि मील के इस घटते मांग को स्थानीय आपूर्ति एवं विकल्प से पूरा किया जासकता है। भारत का गैर-जीएम सोयाबीन उत्पादन वैश्विक बाजार में एक रणनीतिक संपत्ति है। यूरोप और अमेरिका में गैर-जीएम उत्पादों को प्रीमियम कीमत मिलती है। हालांकि, 283.91% की काउंटरवेलिंग ड्यूटी ने अमेरिकी बाजार में भारत की पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। सोयाबीन एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन इस पहुंच को बहाल करने की मांग कर रहा है ताकि निर्यात और किसानों की आय बढ़ सके। जैसा कि विदित है गैर-जीएम खेती बीज संप्रभुता को बनाए रखती है, जिससे छोटे किसानों को बहुराष्ट्रीय बीज कंपनियों को रॉयल्टी देने से मुक्ति मिलती है।

उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए सरकार द्वारा जीएम आयात की अनुमति देना, लेकिन खेती पर प्रतिबंध लगाना, वैज्ञानिक सुसंगतता और निष्पक्षता की कमी को दर्शाता है। ऐसे आयात ना सिर्फ किसानों को सोयाबीन उगाने से हतोत्साहित करेंगे, उनकी आजीविका को खतरे में डालेंगे बल्कि तिलहन में भारत के आत्मनिर्भरता के राष्ट्रीय लक्ष्य को कमजोर करेंगे। बिना बंदरगाह-आधारित प्रसंस्करण संयंत्रों के आयात-प्रसंस्करण-निर्यात मॉडल अव्यवहारिक है, और अस्थायी आयात अनुमतियाँ मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं करती। भारत सरकार को एक सुसंगत, विज्ञान-आधारित जीएम नीति अपनाने की आवश्यकता है जो आयात और घरेलू खेती पर समान जैव-सुरक्षा मानक लागू करे। बंदरगाह-आधारित प्रसंस्करण संयंत्रों में निवेश से सोयाबीन प्रसंस्करण व्यवहार्य हो सकता है। गैर-जीएम बाजारों तक पहुंच बढ़ाने से निर्यात को बल मिलेगा। गैर-जीएम लाभ का उपयोग करके और नीतिगत विरोधाभासों को दूर करके, भारत अपने किसानों की रक्षा कर सकता है, अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकता है और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकता है। अस्थायी समाधान अब काम नहीं करेंगे—भारत के सोयाबीन क्षेत्र को किसान-केंद्रित सुधारों की तत्काल जरूरत है।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

> बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है।

डॉ. आशीष वशिष्ठ

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पे शल इन्टेन्सिव रिवीजन—एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, "...क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी।"

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण "पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम" है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है।

संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के - चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फ़ायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद का वोट शेयर बढ़ा था। राजद को 23.11 फीसदी वोट मिले। भाजपा को 19.46 प्रतिशत ही वोट मिले, जदयू के खाते में 15.42 प्रतिशत वोट आया। 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा और जेडीयू ने 12-12 सीटें जीती।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाएं

> महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया।

ललित गर्ग

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी मंज पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी। महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, जनसरोकार के प्रतिक

हेमेन्द्र क्षीरसागर

3 सितंबर 1964 को मथुरा में जन्में मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल वाणिज्य और कानून में जेएच गवर्नमेंट कॉलेज, बैतूल से स्नातक हैं। उन्हें संगठन निष्ठा, राजनीति और समाजसेवा के संस्कार अपने पिता विजय कुमार खंडेलवाल से विरासत में मिले। हेमंत खंडेलवाल को बैतूल में 'विकास पुरुष' कहा जाता है। विधायक रहते हुए उन्होंने कभी सुरक्षा गार्ड नहीं रखा। न ही गाड़ी पर नाम पट्टिका लगाई, सरकारी आवास लिया। वे हमेशा सादगी और सादा जीवन, उच्च विचार के मूल्यों पर चलते रहे। आज भी देर रात आमजन और पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर उनकी समस्या सुलझाते हैं। उन्होंने कदापि अपने आपको एक नेता नहीं अपितु कार्यकर्ता के तौर पर माना। यथेष्ट, उनको करीब से जानने वाले उन्हें राजनीति के संत और जनसरोकार के प्रतिक मानते हैं।

स्तुत्य, भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक, राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रेरक विजय कुमार खंडेलवाल भाजपा से बैतूल सांसद रह चुके हैं। हेमंत खंडेलवाल अपने पिता के समय से ही जनसेवा के लिए समर्पित रहे। पिता के निधन से बैतूल लोकसभा सीट खाली हो गई। इस दौरान हुए उपचुनाव 2007 में भाजपा ने हेमंत खंडेलवाल को टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा और वे लोकसभा पहुंचे। इसके बाद 2010 से 2013 तक बैतूल के जिलाध्यक्ष रहे। 2013 से 2018 तक बैतूल से विधायक निर्वाचित हुए । 2014 से 2018 तक प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे। 2021 पश्चिम बंगाल चुनाव में प्रवासी कार्यकर्ता का प्रभार मिला। 2022 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 15 जिलों के समन्वय प्रभारी बनाए गए। 2023 बैतूल विधान सभा से विधायक निर्वाचित हुए। वर्तमान में कुशाभाऊ ठाकरे ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। कर्तव्य निष्ठा, संगठन की गहरी समझ रखने वाले गंभीर व्यक्तित्व के धनी हेमंत खंडेलवाल ने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी है। क्षेत्र के विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और किसानों के मुद्दों पर वे हमेशा मुखर और सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से बैतूल में कई विकास योजनाएं क्रियान्वित की गईं, जिनका आमजन को सीधा लाभ मिला है।

ऐसे अभूतपूर्व जनसेवा से उन्होंने अपनी पहचान बनाई। साथ ही प्रदेश एवं भाजपा के सभी जिला कार्यालय निर्माण संबंधी डिजाइन, निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं को बखूबी देखते रहे। शायद प्रदेश में सबसे अच्छा डिजिटल और सटीक आंकड़ों या संपर्क के मामले में उनका स्वयं का कार्यालय है। जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं तक उनका सीधा संवाद उन्हें आम आदमी का खास मनाता है।

वस्तुतः आज के दौर में शुचिता की राजनीति ऐसी अनूठी मिसाल दुर्लभ है। संवाहक हेमंत खंडेलवाल जनसरोकारी जनप्रतिनिधि के साथ कुशल संगठक की निर्णायक भूमिका भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के दायित्व को संगठन ही सेवा और सेवा ही समर्पण के भाव से अक्षरशः निर्वहन करेंगे। तभी तो राजनीति के प्रतिस्पर्धा के समय में भाजपा जैसे 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य वाली दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। जो हेमंत खंडेलवाल के समर्पण और जनसेवा पर अपनी मुहर लगाता है। निश्चित ही आपके कुशल नेतृत्व में भाजपा प्रदेश में सबका साथ, सबका विश्वास, सबके प्रयास से अर्जित करेंगी। अभिभूत आपके भाजपा प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने से पार्टी में काम कर रहे हे आम कार्यकर्ताओं में यह संदेश जाएगा कि आज हम जो संगठन और जन सेवा कर रहें हैं उसका परिणाम अवश्य सम्मानित होता है जो आपके नव दायित्व से परिलक्षित होता है।

## दलित बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास, एक लाख जुर्माना भी लगाया

बहराइच,(ईएमएस)। बहराइच जिले की एक अदालत ने एक 11 साल की नाबालिग दलित बच्ची से दुष्कर्म करने के आरोप में दोषी व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह जानकारी बुधवार को अधिकारी ने दी। पॉक्सो अधिनियम मामलों की विशेष अदालत के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दीपकांत मणि ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए दोषी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया।

मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि जुर्माना राशि पीड़िता को उसके चिकित्सा खर्च के लिए दी जाएगी। एसपी ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव आराजीजोत केशव निवासी कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा के घर पर 19 अप्रैल 2024 को शादी का कार्यक्रम था जहां साफ-सफाई के लिए उसने दलित बच्ची को बुलाया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान कृष्ण मुरारी ने बच्ची से दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां की शिकायत पर 22 अप्रैल 2024 को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। एसपी ने बताया कि 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता व अभियोजन टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ 24 मई 2024 को आरोपपत्र दाखिल कर दिया। उन्होंने बताया कि अदालत ने आरोपी कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा को आजीवन कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## रुस से व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका लगाएगा 500 फीसदी टैक्स

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अमेरिका ने रूस के साथ व्यापार करने वाले देशों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। रूस की यूक्रेन के खिलाफ जंग के तीन साल बाद भी कुछ देश, खासकर भारत और चीन, रूस से तेल खरीद रहे हैं। इसके बाद अब अमेरिका में एक बिल को पेश किया गया है। इसमें रूस से व्यापार करने वाले देशों पर 500 फीसदी टैरिफ लगाने की बात कही जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस बिल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन मिला है। इस बिल के पास होने से भारत जैसे देशों के लिए खतरा पैदा हो गया है, जो रूस से सस्ता तेल खरीद रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है ट्रंप ने इस बिल को जुलाई की छुट्टियों के बाद वोट के लिए लाने की हरी झंडी दे दी है। ये बिल रूस की जंगी मशीनरी को कमजोर करने और राष्ट्रपति पुतिन को यूक्रेन मसले पर बातचीत की मेज तक लाने का हथियार है। ये बिल रूस से तेल और अन्य सामान खरीदने वाले देशों, खासकर भारत और चीन पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की बात कर रहा है। अमेरिकी सीनेटर का कहना है कि भारत और चीन, रूस का 70 फीसदी तेल खरीदते हैं। इस बिल के जरिए अमेरिका इन मुल्कों पर दबाव बनाना चाहता है ताकि वह रूस से व्यापार बंद कर दें। उन्होंने ये भी साफ किया कि बिल में ट्रंप के पास वीटो का अधिकार होगा, यानी वह इसे लागू करने या न करने का फैसला ले सकते हैं। इस बिल को 84 सीनेटरों का समर्थन मिला हुआ है। अमेरिरी सीनेटर ने कहा कि हम ट्रंप को एक ऐसा हथियार दे रहे हैं, जो उनके पास अभी नहीं है।

## नशीले पदार्थों के मामले में पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल को 10 साल की सजा

पाकयोंग,(ईएमएस)। सिक्किम के पाकयोंग जिले की एक विशेष अदालत ने नशीले पदार्थों से जुड़े एक गंभीर मामले में सख्त रुख अपनाते हुए पूर्व पुलिस हेड कांस्टेबल पेम शेरिंग भूटिया को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने भूटिया पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने यह सजा सिक्किम नशीले पदार्थ रोधी अधिनियम (साडा) के तहत दी है। भूटिया को 2021 में व्यावसायिक उद्देश्य से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ रखने का दोषी पाया गया था। फैसले के बाद पाकयोंग जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पारू रुचल ने कहा कि यह फैसला एक सख्त और स्पष्ट संदेश देता है— कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है, चाहे वह आम नागरिक हो या कोई पुलिसकर्मी। उन्होंने आगे कहा, कि पुलिस बल का कोई भी सदस्य यदि मादक पदार्थों से संबंधित किसी अपराध में शामिल पाया जाता है, तो उसे भी आम अपराधियों की तरह ही सख्त कानूनी सजा का सामना करना होगा।

क्या था मामला? 2021 में भूटिया के पास से व्यावसायिक मात्रा में प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद किया गया था।

## अरुणाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा कार्बन सिंक बनकर उभरा

ईटानगर,(ईएमएस)। अरुणाचल प्रदेश देश का सबसे बड़ा कार्बन सिंक बनकर उभरा है। इसकी जानकारी अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने खुद दी है। सीएम ने बताया कि हिमालय की गोद में बसा अरुणाचल भारत के नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य में अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने एक पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने अरुणाचल को भारत का सबसे बड़ा कार्बन सिंक बताया। साथ ही कुछ डेटा भी शेयर किया है, जिसमें वन क्षेत्र, कार्बन अवशोषण और नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य के बारे में बताया गया है। मुख्यमंत्री खांडू ने लिखा, भारत का सबसे बड़ा कार्बन सिंकः अरुणाचल प्रदेश। यहां 79 प्रतिशत वन क्षेत्र है, जो भारत के कुल कार्बन अवशोषण में 14.38 प्रतिशत योगदान दे रहा है। इसके अलावा, यहां 1,021 मिलियन टन कार्बन स्टॉक है, जो देश में सबसे अधिक है। हिमालय की गोद में बसे अरुणाचल प्रदेश की 2070 तक भारत के नेट-जीरो उत्सर्जन लक्ष्य में बेहद अहम भूमिका है। राज्य के घने जंगल और जैव-विविधता न केवल जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद कर रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन को भी बनाए रख रहे हैं।

## पाकिस्तान की गलती ने दो भारतीयों की जान ले ली

चंडीगढ़,(ईएमएस)। पाकिस्तान की गलती ने दो भारतीयों की जान ले ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के ड्रोन के टुकड़ों से घायल हुए पंजाब के एक बुजुर्ग की मौत हुई है। वह, डेढ़ महीने से ज्यादा समय से अस्पताल में भर्ती थे। खास बात है कि घायल हुईं उनकी पत्नी का पहले ही निधन हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को 65 साल से लखविंदर सिंह की लुधियाना स्थिति अस्पताल में मौत हो गई। वे फिरोजपुर जिले के खाई गांव के निवासी थे। इससे पहले 13 मई को पत्नी सुखविंदर कौर की भी मौत हो चुकी है। भारत-पाक संघर्ष के दौरान जम्मू और कश्मीर के बाहर हुई यह पहली आम नागरिक की मौत थी। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ ड्रोन लांच किए थे। भारतीय वायुसेना ने इन्हें तबाह किया था। इनके मलबे से लखविंदर, सुखविंदर और उनका बेटा मोनू झुलस गया था। हालांकि, कुछ समय बाद ही मोनू को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया था, लेकिन दोनों अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती रहे। शुरुआत में तीनों को फिरोजपुर शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में लुधियाना स्थिति अस्पताल में शिफ्ट कर दिया था।

# कोविड के बाद अचानक मौतों पर स्टडीः आईसीएमआर का दावा- वैक्सीन से इसका संबंध नहीं, 18 से 45 साल के लोगों पर हुई रिसर्च

**नई दिल्लीः** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने अपनी स्टडी में बताया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी। स्टडी में कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइडइफेक्ट के मामले रेयर हैं। स्टडी में बताया गया है कि अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत में दो कोविड वैक्सीन विकसित हुई थीं। भारत बायोटेक ने आईसीएमआर के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोवीशील्ड बनाई थी।



### मौत की वजह जानने के लिए आईसीएमआर और एनसीडीसी स्टडी कर रहे

आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक होने वाली मौतों की वजह समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इसके लिए दो रिसर्च स्टडी की जा रही हैं। पहली पिछले डेटा पर आधारित थी और दूसरी रियल टाइम इन्वेस्टिगेशन से जुड़ी है।

### पहली स्टडी- कोविड वैक्सीन से अचानक मौत का जोखिम नहीं

आईसीएमआर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी ने मई, 2023 से अगस्त, 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों पर स्टडी की। इसमें ऐसे लोगों का डेटा देखा गया जो स्वस्थ दिख रहे थे, लेकिन अक्टूबर, 2021 से मार्च, 2023 के बीच अचानक उनकी मौत हो गई। नतीजों से पता चला कि कोविड वैक्सीन अचानक मौत का जोखिम नहीं बढ़ाती।

### दूसरी स्टडी- अधिकतर मौतों का कारण जेनेटिक म्यूटेशन

यह ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस और आईसीएमआर की मदद से की जा रही है। इसका मकसद युवा वयस्कों की अचानक मौतों के कारण पता लगाना है। स्टडी के शुरुआती आंकड़ों से पता चला कि दिल का दौरा या मायोकार्डियल इंफार्क्शन) इस उम्र में अचानक मौत का प्रमुख कारण है। अहम बात यह है कि पिछले कई सालों में अचानक मौत के कारणों के पैटर्न में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। अधिकतर मौतों का कारण जेनेटिक म्यूटेशन है। यह स्टडी अभी जारी है। पूरी होने पर अंतिम परिणाम साझा किए जाएंगे।

### कोवीशील्ड और कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स के पहले हुए थे 2 दावे...

**पहला दावा- कोवीशील्ड वैक्सीन से टीटीएस हो सकता है, हार्ट अटैक का खतरा**

ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल, 2024 में माना था कि उनकी कोविड वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत रेयर (दुर्लभ) मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोवीशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है।

**दूसरा दावा- कोवैक्सिन से गुलियन बेरी सिंड्रोम, ब्लड क्लॉटिंग भी लक्षण**

इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से एक रिपोर्ट लिखी। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। स्टडी में 4.6% किशोरियों में मासिक धर्म संबंधी असामान्यताएं (अनियमित पीरियड्स) देखी गईं। प्रतिभागियों में आंखों से जुड़ी असामान्यताएं (2.7%) और हाइपोथायरायडिज्म (0.6%) भी देखा गया। वहीं, 0.3% प्रतिभागियों में स्ट्रोक और 0.1% प्रतिभागियों में गुलियन बेरी सिंड्रोम (GBS) की पहचान भी हुई।

# कोलकाता गैंगरेप, बैचमेट बोली-आरोपी कॉलेज लौटा तो एडमिशन घटे थेः कैंपस में लड़कियों की तस्वीरें लेता

**कोलकाताः** कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप के मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के बारे में नए खुलासे हो रहे हैं। उसकी बैचमेट रही एक लड़की ने कॉलेज में उसके आतंक के बारे में बताया है। लड़की के मुताबिक, कॉलेज में लौटने के बाद मोनोजीत ने सब कुछ कंट्रोल करना शुरू कर दिया था। मनोजीत से बचने के लिए ही उसने भी कॉलेज जाना छोड़ दिया था। दरअसल, मनोजीत ने 2022 में कॉलेज से ग्रेजुएशन कम्प्लीट किया था। 2 साल बाद 2024 में वह एडहॉक पर नौकरी शुरू की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस समय कॉलेज में एडमिशन रेट घट गया था। इतना ही नहीं, कुछ लड़कियों ने बताया कि मनोजीत की मौजूदगी में उन्हें डर बना रहता था।



वह कैंपस में लड़कियों तस्वीरें लेता, ग्रुप में पोस्ट करता था। हर दूसरी लड़की को प्रपोज करता था। आरोपी को छात्रों और प्रशासन के बीच देवता का दर्जा प्राप्त था। कैंपस के हर दस्तावेज तक उसकी पहुंच थी। हर स्टूडेंट की डीटेल, फोन नंबर और पते उसके पास होते थे। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी 2 आरोपी मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था। मामले में तीन आरोपियों की पुलिस हिरासत 8 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी की हिरासत भी 4 जुलाई तक बढ़ाई है।

### स्टाफ की कमी के चलते मनोजीत की हायरिंग हुई थी

लॉ कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल नयना चटर्जी ने बताया था कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा को कुछ महीने पहले ही अस्थायी फैकल्टी मेंबर के तौर पर नियुक्ति किया गया था। परमानेंट स्टाफ की कमी की वजह से हायरिंग की गई थी। चटर्जी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन को मीडिया के जरिए घटना की जानकारी मिली। पीड़ित छात्रा या किसी अन्य ने घटना के बारे में कोई शिकायत कॉलेज प्रशासन से नहीं की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना के एक दिन बाद कैंपस में प्रवेश करने की अनुमति मांगी थी। इस बारे में सिक्योरिटी गार्ड को भी न बताने को कहा गया था। पुलिस ने ग्राउंड फ्लोर के दो कमरे सील कर दिए हैं। वाइस प्रिंसिपल ने गार्ड के ठीक से ड्यूटी न करने की बात भी मानी है।

### मुख्य आरोपी मनोजीत के शरीर पर नाखूनों के निशान

पुलिस जांच में पता चला है कि मनोजीत के शरीर पर नाखूनों के निशान हैं, जिससे पता चलता है कि पीड़िता ने खुद को बचाने की कोशिश की थी। जांच के तहत पुलिस ने तीनों आरोपियों के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड खंगाले। इसमें पाया गया कि मनोजीत ने घटना के अगले दिन सुबह कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नयना चटर्जी को फोन किया था। इसके बाद पुलिस ने वाइस प्रिंसिपल से दो बार पूछताछ की है। इस बीच, साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज ने अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए मनोजीत मिश्रा की नौकरी खत्म कर दी और दोनों छात्र आरोपियों को कॉलेज से सस्पेंड कर दिया है।

## आडवाणी की रथयात्रा के रुट पर बम लगाने वाले फरार दो आतंकी गिरफ्तार

### -आतंकी नेटवर्क और वर्तमान सहयोगियों का पता लगा रही पुलिस

कोयंबटूर,(ईएमएस)। कोयंबटूर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो फरार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों आतंकवादी करीब तीन दशकों से तमिलनाडु पुलिस की मोस्ट वांटेड सूची में शामिल थे और देश के दक्षिणी हिस्से में कई बम धमाकों में शामिल थे। पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर दोनों को आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले से गिरफ्तार किया है। कोयंबटूर पुलिस को सूचना मिली थी कि नागोर निवासी अबुबकर सिद्दीक और मेलापलायम निवासी मोहम्मद अली बेंगलुरु में छिपे हैं। इसके बाद उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी गई और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए उनकी लोकेशन ट्रेस की गई। पुलिस टीम ने आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले में छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए जाने के बाद उन्हें चेन्नई लाया गया, जहां उन्हें तमिलनाडु की क्यू ब्रांच, राज्य की एंटी-टेररिज्म स्क्वाड के हवाले कर दिया है।

दोनों आतंकियों पर कई बड़ी आतंकी घटनाओं में शामिल होने के आरोप हैं। इनमें शामिल हैं 2011 में मदुरै के थिरुमंगलम में बीजेपी नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को निशाना बनाने के लिए पाइप बम लगाना। 1995 में चेन्नई के हिंदू मुनानी कार्यालय में बम विस्फोट करना। नागोर में बीजेपी नेता थंगम मुथुकृष्णन के घर पर पार्सल बम भेजकर हमला किया था। चेन्नई पुलिस कमिश्नर कार्यालय और कोयंबटूर पुलिस क्वार्टर्स में बम विस्फोट की साजिश रची थी। 2013 में बेंगलुरु के बीजेपी कार्यालय में बम विस्फोट किया था। जानकारी के मुताबिक इन दोनों के आतंकी नेटवर्क के कई पुराने और वर्तमान सहयोगियों की जानकारी मिल सकती है। पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या पिछले कुछ वर्षों में इन्होंने नए मॉड्यूल तैयार किए या अन्य राज्यों में भी नेटवर्क फैलाया।

## दिल्ली सीएम के बंगले का रेनोवेशन होगाः 24 एसी, 5 स्मार्ट टीवी लगेंगे; इसमें एलजी ऑफिस था

**नई दिल्लीः** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नए सरकारी बंगले (बंगला नंबर 1, राज निवास मार्ग) में जल्द ही मरम्मत और सजावट का काम शुरू होगा। यह बंगला पहले उपराज्यपाल सचिवालय के दफ्तर की तरह इस्तेमाल हो रहा था। अब इसे मुख्यमंत्री और उनकी फैमिली के रहने लायक बनाया जाएगा। बंगले में 24 एयर कंडीशनर, 5 स्मार्ट टीवी (चार 55 इंच और एक 65 इंच), 3 बड़े झूमर, 80 से ज्यादा पंखें लगाए जाएंगे। किचन में नई मशीनें जैसे गैस हॉब, इलेक्ट्रिक चिमनी, माइक्रोवेव, टोस्ट ग्रिल, वॉशिंग मशीन, डिशवॉशर, 50 लीटर प्रति घंटे की RO वॉटर प्लांट की सुविधा दी जाएगी।



रेनोवेशन के फर्स्ट फेज का कुल बजट 60 लाख रुपए है। अकेले एयर कंडीशनिंग पर 11 लाख रुपए से ज्यादा खर्च होगा और लाइट्स, झूमरों पर 6 लाख रुपए का बजट रखा गया है। बंगला नंबर 1 एक टाइप VII आवास है, जिसमें 4 बेडरूम, ड्राइंग रूम, विजिटर्स हॉल, नौकरों का कमरा, किचन, लॉन और बैकयार्ड शामिल हैं। पिछले साल पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के सरकारी बंगले के रेनोवेशन को लेकर विवाद हुआ था। तब भाजपा ने बंगले को केजरीवाल का शीशमहल बताया था।

पीडब्ल्यूडी के मुताबिक, बंगला नंबर 2 को मुख्यमंत्री का कैंप ऑफिस बनाया जाएगा, जहां आम जनता से मुलाकात की जाएगी। दोनों बंगलों को जोड़ने के लिए एक रास्ता भी बनाया जाएगा। फिलहाल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शालीमार बाग स्थित अपने निजी घर में रह रही हैं। सीएम रेखा गुप्ता ने चुनाव से पहले ही साफ कर दिया था कि वे पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल का आवास (6 फ्लैगस्टाफ रोड) नहीं लेंगी। इसे उन्होंने भ्रष्टाचार का प्रतीक कहा था। उस बंगले पर करीब 33.66 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, जिसे भाजपा ने शीश महल कहा। केंद्र सरकार ने 13 फरवरी को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले में रेनोवेशन की जांच के आदेश दिए थे। हालांकि, अभी तक इसकी कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई । भाजपा ने कहा कि 40 हजार वर्ग गज (8 एकड़) में बने बंगले के निर्माण में कई नियमों को तोड़ा गया। इसके रेनोवेशन में 45 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए। इसीलिए इसे शीशमहल कहना चाहिए। केजरीवाल यहां 2015 से 2024 तक रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना से शिकायत की थी कि केजरीवाल का बंगला 4 सरकारी संपत्तियों को गलत तरीके से मिलाकर बनाया गया है। इस प्रोसेस को रद्द कर दिया जाना चाहिए। भाजपा का मुख्यमंत्री शपथ के बाद इस बंगले में नहीं रहेगा।

## यूपी में स्कूलों को जोड़ने की नीति का एनएसयूआई कर रही विरोध

### -योगी सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो होगा बड़ा प्रदर्शन

लखनऊ,(ईएमएस)। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने यूपी की योगी सरकार के 50 से कम छात्रों वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को पास के संस्थानों के साथ जोड़े जाने के हालिया फैसले के खिलाफ प्रदर्शन किया। एनएसयूआई का दावा है कि इस कदम से 27 हजार से ज्यादा स्कूल बंद हो जाएंगे। एनएसयूआई के मध्य क्षेत्र के अध्यक्ष अनस रहमान और पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष ऋषभ पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने विधानसभा की ओर मार्च किया। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई। अनस ने कहा सरकार का लक्ष्य सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इसे बनाए रखने के बजाय, बीजेपी नेतृत्व वाली योगी सरकार असहमति को दबाने के लिए ग्रामीण छात्रों को शिक्षा से वंचित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर स्कूलों के समायोजन का निर्णय वापस नहीं लिया तो एनएसयूआई अगले 25 दिनों में बड़ा विरोध प्रदर्शन करेगी, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी भी शामिल होंगे। पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष ऋषभ पांडे ने योगी सरकार पर निजी स्कूलों का पक्ष लेने का आरोप लगाया।

## सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में हैः गडकरी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में है और हिंदुत्व किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी का मानना है कि किसी व्यक्ति का महत्व उसकी जाति, धर्म या लिंग से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों व चरित्र से तय होता है।

नितिन गडकरी मंगलवार को एक समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज सुधारकों ज्योतिबा फुले, शाहू महाराज और डॉ बी आर आंबेडकर के सामाजिक-आर्थिक समानता के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

हिंदुत्व कोई संकीर्ण शब्द नहीं है। धर्म का मतलब कर्तव्य है। एक शिक्षक कहता है कि मैं शिक्षक का धर्म मानता हूं, एक पत्रकार कहता है कि मैं पत्रकार का धर्म मानता हूं। यहां हिंदुत्व राष्ट्रवाद है, हिंदुत्व भारतत्व है। हिंदुत्व किसी धर्म के खिलाफ नहीं है, जिस धर्मनिरपेक्षता का प्रचार किया जाता है उसका मतलब धर्मनिरपेक्षता कहा जाता है, लेकिन सही मायने में धर्मनिरपेक्ष शब्द का मतलब सभी धर्मों के बीच सद्भाव है। हमने समानता के आधार पर, सद्भाव के आधार पर संकल्प लिया है। हमारी राजनीति विकास की राजनीति है। हम पानी, उद्योग, कृषि, उद्योग आदि सभी क्षेत्रों में उड़ान भरना चाहते हैं।

समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री रवींद्र चव्हाण को सर्वसम्मति से बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई का नया अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व किसी भी धर्म के खिलाफ नहीं है। सच्ची धर्मनिरपेक्षता सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करने में निहित है। उन्होंने कहा कि हमें समाज से अस्पृश्यता और जातिवाद को पूरी तरह से खत्म करने की दिशा में काम करना चाहिए। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने और सुशासन के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें राजनीतिक शक्ति का उपयोग केवल चुनाव जीतने के लिए नहीं, बल्कि समाज में बदलाव लाने के लिए करना चाहिए।

# बस में चढ़ने जितना आसान होगा हवाई सफरः एलएटी एयरोस्पेस छोटे शहरों में छोटे प्लेन चलाएगी, किराया भी काफी कम होगा

**नई दिल्लीः** आने वाले दिनों में हवाई जहाज से सफर करना उतना ही आसान हो सकता है जितना बस में चढ़ना। हवाई यात्रा सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं होगी, बल्कि हर किसी के लिए, हर जगह उपलब्ध होगी। एविएशन स्टार्टअप एलएटी एयरोस्पेस कुछ ऐसा ही भारत में करना चाहती है जिसमें जोमैटो के को-फाउंडर और सीईओ दीपिंदर गोयल ने निवेश किया है।

एलएटी एयरोस्पेस की को-फाउंडर सुरभि दास ने दीपिंदर के निवेश की जानकारी लिंक्डइन पोस्ट में दी है । सुरभि दास जोमैटो में चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर रह चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एलएटी एयरोस्पेस ने अब तक करीब 50 मिलियन डॉलर यानी करीब 417 करोड़ रुपए की फंडिंग जुटाई है। इसमें से 20 मिलियन डॉलर यानी, लगभग 167 करोड़ रुपए दीपिंदर गोयल ने खुद लगाए हैं।



### छोटे शहरों को हवाई यात्रा से जोड़ेगा स्टार्टअप

स्टार्टअप का मकसद हवाई यात्रा को आसान और सस्ता बनाना है । ये एविएशन स्टार्टअप छोटे शहरों और कस्बों (टियर 2 और टियर 3 सिटीज) को हवाई यात्रा से जोड़ेगा। सुरभि ने अपनी पोस्ट में लिखा, "जब हम जोमैटो के लिए पूरे भारत में उड़ान भर रहे थे, तब हम बार-बार एक ही सवाल पर अटक जाते थे- भारत में रीजनल एयर ट्रैवल इतना मुश्किल, महंगा और कम क्यों है?

### 12 से 24 सीटों वाले छोटे एयरक्राफ्ट बना रही कंपनी

कंपनी 12 से 24 सीटों वाले शॉर्ट टेकऑफ एंड लैंडिंग एयरक्राफ्ट बनाएगी, जो छोटे-छोटे 'एयर-स्टॉप्स' से उड़ान भर सकेंगे। ये एयर-स्टॉप्स पार्किंग लॉट जितने छोटे होंगे, जो लोगों के घरों के पास होंगे। न बैगेज बेल्ट, न सिक्योरिटी की लंबी लाइनें होंगी। लोग बस चलते हुए आएंगे और उड़ान भरेंगे। इनकी रेंज 1500 किमी तक हो सकती है, जो भारत की भौगोलिक और जनसांख्यिकीय जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए जाएंगे।

### 450 से ज्यादा एयरस्ट्रिप्स, केवल 150 का इस्तेमाल

भारत में 450 से ज्यादा एयरस्ट्रिप्स हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 150 पर ही कॉमर्शियल उड़ानें चलती हैं। यानी देश की दो-तिहाई एविएशन क्षमता का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। दूसरी तरफ, टियर 2 और टियर 3 शहरों में रहने वाले लाखों लोग सड़क या ट्रेन से घंटों, कभी-कभी तो दिनभर का सफर करते हैं, क्योंकि उनके लिए सस्ती और बार-बार चलने वाली फ्लाइट्स उपलब्ध नहीं हैं। एलएटी एयरोस्पेस का मिशन है कि इन शहरों को जोड़ा जाए।

एलएटी एयरोस्पेस ने अपनी टीम बढ़ाने की शुरुआत कर दी है। कंपनी एयरोस्पेस इंजीनियर्स, सिस्टम डिज़ाइनर्स और एविएशन के शौकीनों को हायर कर रही है। सुरभि दास ने अपनी लिंक्डइन पोस्ट में लिखा, "अगर आप एयरोस्पेस इंजीनियर हैं, सिस्टम डिज़ाइनर हैं या फ्लाइट्स के दीवाने हैं तो अपनी ईमेल हमें भेजें।

### कंपनी के सामने रेगुलेटरी और तकनीकी चुनौतियां

कंपनी के लिए रास्ता आसान नहीं है। एविएशन इंडस्ट्री में रेगुलेटरी मंजूरी, तकनीकी चुनौतियां और लोगों का भरोसा जीतना आसान नहीं होगा। भारत में हाल ही में हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 क्रैश जैसे हादसों ने एविएशन सेफ्टी को लेकर सवाल उठाए हैं। ऐसे में एलएटी एयरोस्पेस को सख्त नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करना होगा। साथ ही, ये देखना भी जरूरी होगा कि क्या लोग इस नए कॉन्सेप्ट को अपनाएंगे।

# क्वाड देशों ने की पहलगाम हमले की निंदा, पाक को दिया कड़ा संदेश
# भारत ने कहा आतंकी हमले से जुड़े हर गुनहगार को मिले सजा



वाशिंगटन,(ईएमएस)। वॉशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में एस जयशंकर पहुंचे हैं। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया देश हैं। विदेश मंत्रियों की बैठक में क्वाड ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया और पाकिस्तान को साफ संदेश दिया। क्वाड ने संयुक्त बयान में पहलगाम अटैक की निंदा की और दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने की बात कही। यह सब ऐसे वक्त में हुआ, जब कुछ दिन पहले ही आसिम मुनीर अमेरिका गए थे और डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच किया था। आसिम मुनीर को लगा था कि क्वाड में अमेरिका भारत का साथ नहीं देगा लेकिन जयशंकर की मौजूदगी ने सारा गेम पलट दिया। क्वाड बैठक में एक संयुक्त बयान पर सहमति बनी और इसमें पहलगाम अटैक को प्राथमिकता दी गई।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्वाड सभी प्रकार के आतंकवाद, हिंसा और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों की निंदा करते हैं। इसमें सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है। क्वाड के बयान में कहा गया कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की सबसे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम इस निंदनीय आतंकी कृत्य के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाने की मांग करते हैं और सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के तहत अपनी जिम्मेदारियों के मुताबिक इस संबंध में सभी प्रासंगिक अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें। क्वाड के संयुक्त बयान में पहलगाम अटैक की निंदा और आतंकियों को सजा देने की बात कहना अपने आप में पाक को कड़ा संदेश है। क्वाड में हुई विदेश मंत्रियों की बैठक में पहलगाम का जिक्र करवा कर और आतंकियों को सजा दिलवाने की बात कहकर विदेश मंत्री जयशंकर ने पाकिस्तान की 'लंच डिप्लोमेसी' को करारा जवाब दिया है।

### संयुक्त बयान पर अमेरिका ने भी किए हस्ताक्षर, पाकिस्तान के उड़ गए होश

अमेरिका में क्वॉड बैठक में सदस्य देशों ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का विरोध करते हुए संयुक्त बयान जारी किया है यह बयान दर्शाता है कि भारत की आवाज विश्व की आवाज बन गई है। क्वॉड का बयान देखकर पाकिस्तान के होश उड़ गए हैं क्योंकि इस पर अमेरिका ने भी हस्ताक्षर किए हैं। क्वॉड सदस्य देशों ने स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में लोकतांत्रिक देश एकजुट हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक क्वॉड बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर के संबोधन ने वैश्विक विस्तार की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने 'सीमापार आतंकवाद', ड्रोन आधारित हमले, साइबर आतंकवाद और आतंकी फंडिंग नेटवर्क्स पर विशेष चिंता जताई। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आतंकवाद अब केवल एक क्षेत्रीय या सीमित समस्या नहीं रही, बल्कि वैश्विक खतरा बन चुकी है, जिसका सामना बहुपक्षीय सहयोग और समन्वित रणनीति से ही किया जा सकता है। जयशंकर ने दोहराया कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति पर चलता है और उसे समर्थन देने वाले देशों व संगठनों को अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। बता दें इस समूह के सदस्य भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रियों ने पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की तीव्र निंदा की है। क्वाड ने संयुक्त बयान में कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी संबंधित प्राधिकारों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें। 'क्वाड' की बैठक में इस साल मुंबई में ''भविष्य के क्वाड बंदरगाह'' साझेदारी शुरू करने की योजना की भी घोषणा की गई। मंत्रियों ने कहा कि वे पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने चीनी सैन्य कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा कि हम किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध दोहराते हैं जिसमें बलपूर्वक या जबरन यथास्थिति को बदलने की कोशिश की जा रही हो। क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जिन मुद्दों पर सहमति बनी है उनमें आतंकी फंडिंग पर रोक लगाने के लिए संयुक्त वैश्विक तंत्रों को और प्रभावी बनाना है, इंटेलिजेंस साझा करना, खासकर इंडो-पैसिफिक और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में। डिजिटल आतंकवाद, साइबर कट्टरपंथ और सोशल मीडिया के जरिए भर्ती जैसे नए खतरों से निपटना और मानवाधिकारों तथा धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। बता दें विदेश मंत्री जयशंकर का भाषण और पहलगाम हमले पर क्वॉड देशों की संयुक्त प्रतिक्रिया ने यह दिखाया कि लोकतांत्रिक राष्ट्र आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। यह सहयोग केवल सांकेतिक नहीं, बल्कि व्यावहारिक स्तर पर साझा कार्रवाई की ओर संकेत करता है। यह भी साफ हो गया है कि भारत की भूमिका न केवल क्षेत्रीय स्थिरता बल्कि वैश्विक सुरक्षा संरचना में भी निर्णायक होती जा रही है।

## यूट्यूबर माइल्स रूटलेज ने भारतीयों को बताया चोर, सोशल मीडिया पर भड़के लोग

इस्लामाबाद (ईएमएस)। विवादित यूट्यूबर माइल्स रूटलेज एक बार फिर अपने विवादास्पद बयानों को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने दुबई में अपने चोरी हुए एयरपॉड्स की जिम्मेदारी भारतीयों पर डाल दी है और सोशल मीडिया के साथ-साथ पाकिस्तानी मीडिया में भी भारत विरोधी टिप्पणी की है। रूटलेज ने दावा किया कि दुबई में उनके एयरपॉड्स उस समय चोरी हो गए जब उन्होंने एक भारतीय सफाईकर्मी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ने एयरपॉड्स चुराकर पाकिस्तान में एक व्यक्ति को बेच दिए। आईफोन के लॉस्ट मोड के जरिए पता चला कि डिवाइस पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के झेलम इलाके में है। झेलम पुलिस ने जांच शुरू की और एयरपॉड्स बरामद कर लिए। एक पाकिस्तानी नागरिक ने स्वीकार किया कि उसने अनजाने में यह डिवाइस एक भारतीय से खरीदी थी। इस पूरे मामले के दौरान रूटलेज ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए कहा, भारतीय गाय की पूजा करते हैं, किसी असली मर्द की नहीं। उन्होंने भारत को 140 करोड़ समस्याओं का देश कहकर अपमानित किया। इससे पहले भी रूटलेज परमाणु बम को लेकर भारत पर विवादास्पद मजाक कर चुके हैं। सोशल मीडिया पर रूटलेज के इन बयानों की कड़ी निंदा हो रही है। यूजर्स उन्हें नस्लभेदी और भड़काऊ बता रहे हैं और यूट्यूब से उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मामला केवल एक चोरी नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राष्ट्रीय अपमान का प्रयास है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट में बताया गया है कि शख्स ने एयरपॉड्स होने की बात स्वीकार की है और कहा है कि उसने अनजाने में भारतीय शख्स से दुबई में इसे खरीदा था और यह जानकारी नहीं थी कि ये चोरी के हैं इसके कुछ देर बाद रूटलेज ने पाकिस्तान जाने की घोषणा की। एयरपॉड्स मिलने के बाद यूट्यूबर ने लिखा, पाकिस्तान झेलम पुलिस प्रमुख और लॉर्ड माइल्स की तरफ से चोरी हुए एयरपॉड्स के संबंध में घोषणा। मुझे 1 साल बाद मेरे एयरपॉड्स मिल गए हैं। एक भारतीय शख्स ने इसे पाकिस्तानी शख्स को बेच दिए थे और अब वह चोरी के सामान की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है।

## महिला टीचर ने छात्र से बनाए शारीरिक संबंध, 15 साल की हो सकती है जेल

फ्लोरिडा (ईएमएस)। टीचर और स्टूडेंट के पवित्र रिश्ते को तार-तार का मामला सामने आया है। 26 साल की एक महिला टीचर ने अपने 16 साल के छात्र को प्रेम जाल में फंसा लिया और कई साल तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। मामला अमेरिकी राज्य मिशिगन के वाटरफोर्ड का है। यहां स्कूल में पढ़ाने वाली पूर्व शिक्षिका जॉसेलिन सैनरोमन पर एक 16 साल के छात्र के साथ यौन संबंध बनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। सैनरोमान पोन्टिएक की रहने वाली हैं। यह घटना 2023 में उस समय घटी जब सैनरोमान वाटरफोर्ड टाउनशिप स्थित ओक्ससाइड प्रेप अकादमी में टीचर थीं। यह स्कूल डेट्रॉइट शहर से करीब 30 मील उत्तर-पश्चिम में स्थित है। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी वकीलो के हवाले से बताया गया है कि यह मामला तब सामने आया जब सैनरोमन ने अपने एक सहकर्मी को इस अवैध संबंध के बारे में बताया, जिसके बाद उस सहकर्मी ने अधिकारियों को बताया। सैनरोमन के खिलाफ तीन गंभीर थर्ड डिग्री क्रिमिनल सेक्सुअल कंडक्ट के आरोप लगाए गए हैं, जिनमें दोषी पाए जाने पर उन्हें 15 साल की जेल हो सकती है।सरकारी वकील ने बताया कि यह यौन संबंध 2023 में शुरू हुआ, जब सैनरोमन ओकसाइड प्रीप अकादमी में बतौर टीचर कार्यरत थीं। इस दौरान सैनरोमन ने एक 16 साल के छात्र के साथ यौन संबंध बनाए, जो कानूनन अवैध है, क्योंकि मिशिगन में शिक्षक और छात्र के बीच ऐसा कोई भी संबंध अपराध माना जाता है, मैकडोनाल्ड ने जोर देकर कहा कि कोई भी स्कूल कर्मचारी, चाहे वह शिक्षक हो या कोच, यदि वह किसी छात्र के साथ संबंध बनाने की कोशिश करता है, तो यह अपराध है, चाहे उसकी शुरुआत कोई भी करे। मैकडॉनल्ड ने कहा कि यह टीचर जिस पद पर थीं, वहां उन्होंने एक नाबालिग छात्र का शोषण कर विश्वासघात किया है। यह आरोप माता-पिता और समुदाय द्वारा शिक्षकों में रखे गए विश्वास का सबसे बड़ा उल्लंघन है।

# गाजा में इजराइल युद्धविराम को तैयार, ट्रंप बोले- विवाद को करेंगे खत्म

### -50-50 वोट के बाद भी ट्रंप का ब्यूटीफुल बिल अमेरिकी सीनेट में पास



वाशिंगटन,(ईएमएस)। इस समय दुनिया में कई देश या तो सीधे या कूटनीतिक रूप से युद्ध लड़ रहे हैं। वहीं लोगों सोच रहे हैं कि इस जंग का अंत कब और कैसे होगा। ईरान-इजराइल की जंग हो या फिर रूस-यूक्रेन की, ज्यादातर देशों का हित इनसे किसी न किसी तरह से जुड़ा है। इसी बीच गाजा में युद्धविराम की खबर राहत देने वाली है। हमास-इजराइल के बीच चल रहे युद्ध में पूरा गाजा शहर तबाह हो चुका है। इतने दिन मिसाइलें बरसाने के बाद आखिरकार इजराइल दो महीने के युद्धविराम के लिए तैयार हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि हमास को भी ये सीजफायर मानना चाहिए ताकि स्थितियां थोड़ी सुधरें। 60 दिनों के युद्धविराम के दौरान ट्रंप ने ये भी कहा है कि वे इस विवाद को खत्म करने की दिशा में भी काम करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप का महत्वाकांक्षी वन बिग ब्यूटीफुल बिल अमेरिकी सीनेट में पारित हो गया। इस बिल के विरोध में डेमोक्रैट्स के साथ-साथ खुद रिपब्लिकन पार्टी के भी सीनेट थे। इस विधेयक के पक्ष में 50-50 वोट पड़े, जिसके बाद उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना टाई ब्रेकिंग वोट डाला और विधेयक को मंजूरी मिल गई। ये विधेयक पिछले दिनों ट्रंप और एलन मस्क की लड़ाई की वजह से चर्चा में रहा था। अमेरिका के बी-2 बॉम्बर्स ने पिछले दिनों ईरान के न्यूक्लियर सेंटर्स पर हमला किया था। खासतौर पर फोर्दो न्यूक्लियर सेंटर को निशाने पर लेकर अमेरिका ने इसे बर्बाद करने का दावा किया था। हालांकि जब युद्धविराम हुआ तो ईरान एक बार फिर से इस सेंटर की मरम्मत में जुट गया है। वहीं ईरान अमेरिका से बातचीत को लेकर साफ कह चुका है कि बातचीत में देरी हो सकती है लेकिन परमाणु कार्यक्रम शुरू करने में नहीं। वहीं रूस-यूक्रेन युद्ध में हालात बिगड़ते जा रहे हैं। यूक्रेन के अंदर रूस के सैनिक पहुंच गए हैं और वे लगातार आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका के राजदूत कीथ केलॉग ने कहा था कि रूस शांति से पीछे हट रहा है और हमले करता जा रहा है। इस पर क्रैमलिन की ओर से सीधा जवाब दिया गया कि कोई किसी चीज़ में देरी नहीं कर रहा है। रूस की ओर से साफ कहा गया है कि हमें जो करना है, हम सैन्य ऑपरेशन के जरिये कर रहे हैं। इसी बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने 27 जून को कहा था कि वह बातचीत के नए दौर के लिए तैयार हैं।

### भूख से करीब 1 करोड़ 40 लाख लोगों की हो जाएगी मौत!

लोग भूख से तड़प-तड़प कर मर जाएंगे। पूरी दुनिया देखती रहेगी, मगर कोई इस विनाशलीला को नहीं रोक पाएगा। इस विनाशलीला में करीब 1 करोड़ 40 लाख लोग काल के गाल में समा जाएंगे। इसकी वजह अमेरिका है। एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी विदेशी सहायता में कटौती से 14 मिलियन से ज्यादा लोगों की मौत हो सकती है। मंगलवार को प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि ट्रंप प्रशासन की ओर से अमेरिकी विदेशी सहायता में की गई कटौती के कारण दुनिया के सबसे कमजोर लोगों में से 14 मिलियन से ज्यादा लोग यानी 1 करोड़ 40 लाख लोगों की मौत हो सकती है। इनमें सबसे ज्यादा मौतें बच्चों की होगी यानी मरने वालों में एक तिहाई छोटे बच्चे होंगे। रिपोर्ट में रिसर्च और स्टडी के सह-लेखक ने कहा कि कई निम्न और मध्यम आय वाले देशों के लिए परिणामी झटका वैश्विक महामारी या किसी बड़े सशस्त्र संघर्ष के पैमाने के बराबर होगा। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि विदेशी सहायता में कटौती से स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण कार्यक्रमों और अन्य महत्वपूर्ण सहायता पर निर्भर लाखों लोगों का जीवन खतरे में पड़ सकता है। इन कटौतियों का सबसे ज्यादा प्रभाव उन देशों पर पड़ेगा, जहां पहले से ही स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा की स्थिति नाजुक है। खास तौर पर छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुपोषण और अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के कारण मृत्यु का सबसे ज्यादा जोखिम है। अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि सहायता में कमी से टीकाकरण, स्वच्छ जल और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रभावित होंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि विदेशी सहायता न केवल मानवीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वैश्विक स्थिरता के लिए भी जरुरी है। सहायता में कटौती से सामाजिक अस्थिरता और प्रवास बढ़ सकता है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है।

# क्या पाकिस्तान अब्राहम अकॉर्ड में होगा शामिल! इजराइल को देगा मान्यता

### -पाक रक्षामंत्री बोले- हम अपने हित देखेंगे, प्रपोजल आया तो करेंगे विचार

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजरायल के साथ संबंधों को सामान्य करने के संकेत दिए हैं। अब्राहम अकॉर्ड में पाकिस्तान के शामिल होने पर आसिफ ने कहा कि ऐसी कोई स्थिति आती है तो हम अपने फायदे को सबसे ऊपर रखने के बारे में फैसला लेंगे। आसिफ का ये बयान इसलिए खास है क्योंकि एक हफ्ते पहले तक वह ईरान के समर्थन में मुस्लिम दुनिया से एकजुट होने की अपील कर रहे थे। अब उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने पर विचार करेगा।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आसिफ ने भारत-पाक तनाव, गाजा युद्ध, ईरान-इजराइल संघर्ष और पश्चिम एशिया में अमेरिका की भूमिका जैसे मुद्दों पर बात की है। आसिफ से सवाल किया गया कि पाकिस्तान पर अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने का दबाव आया तो उनकी सरकार क्या करेगी। इस पर उन्होंने कहा कि हम अपने हित देखेंगे। अभी ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है, अगर प्रपोजल आया तो हम इस पर विचार किया जाएगा। पाकिस्तान सरकार इजराइल के खिलाफ सख्त रुख अपनाती रही है। ऐसे में आसिफ का अब्राहम अकॉर्ड में शामिल होने से इनकार नहीं करना देश के दक्षिणपंथी गुटों को नाराज कर सकता है। आसिफ ने खुद ईरान-इजराइल संघर्ष के दौरान कहा था कि इजराइल एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है और मुस्लिम वर्ल्ड को एकजुट होकर इसका सामना करना चाहिए। ट्रंप प्रशासन की ओर से अब्राहम अकॉर्ड-2 पर आगे बढ़ने के संकेत दिए हैं। इजराइल को मान्यता देने वाले इस समझौते पर साल 2020 में अमेरिका की कोशिश से बहरीन और यूएई ने अब्राहम अकॉर्ड्स पर हस्ताक्षर किए थे। बाद में मोरक्को और सूडान भी इसमें शामिल हो गए। ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद सऊदी अरब और पाकिस्तान जैसे देशों के अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल होने की चर्चा है, जिससे इजराइल को मुस्लिम दुनिया में मान्यता मिल सके। आसिफ ने दावा किया कि हम कह रहे हैं कि हम बातचीत करने को तैयार हैं। हम चाहते हैं कि अमन कायम हो और कश्मीर मुद्दे का हल निकले लेकिन भारत आक्रामकता दिखा रहा है। सिंधु जल संधि से जुड़े विवाद पर आसिफ ने कहा कि हम भारत को ऐसा नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि अगर भारत ने पानी रोका तो इसे पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। सिंधु संधि के तहत मिला पानी पाकिस्तान का अधिकार है और इससे कोई भी हमें वंचित नहीं कर सकता है। हम इसके लिए लड़ेंगे।

## सीजफायर की शर्तों पर इजराइल ने जताई सहमति, हमास भी करें हस्ताक्षरः ट्रंप

ह्यूस्टन,(ईएमएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास से 60 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की है। ट्रंप ने कहा कि इस प्रस्ताव की जरूरी शर्तों पर इजराइल ने भी सहमति जताई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा- मुझे उम्मीद है कि मिडिल ईस्ट की भलाई के लिए हमास इस समझौते पर हस्ताक्षर करेगा। इस दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करेंगे।
उन्होंने कहा कि मेरे प्रतिनिधियों ने गाजा पर इजराइल के साथ लंबी बातचीत की। इसके साथ ही ट्रंप ने बताया कि कतर और मिस्र अंतिम प्रस्ताव पेश करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक नए प्रस्ताव में हमास की कुछ चिंताओं को दूर करने की कोशिश की गई है। सीजफायर के दौरान फिलिस्तीनी कैदियों के बदले इजराइली बंधकों को रिहा किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पिछले सप्ताह ट्रंप ने उम्मीद जताई थी कि अगले एक सप्ताह में गाजा में सीजफायर हो सकता है, लेकिन उस समय उन्होंने और ज्यादा जानकारी नहीं दी थी।
इससे पहले मंगलवार को ट्रंप ने कहा था कि वह ईरान और गाजा के मुद्दे पर अगले सोमवार को व्हाइट हाउस में नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। ट्रंप ने जनवरी 2025 में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली थी। इसके बाद से यह नेतन्याहू का तीसरा व्हाइट हाउस दौरा होगा। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि ईरान पर इजराइल के हमलों के बाद अब इजराइल-हमास संघर्ष को खत्म करना ट्रंप की प्राथमिकता है।

# भूकंप के तगड़े झटकों से दहशत में लोगः अफगानिस्तान में कांपी धरती

काबुल,(ईएमएस)। दक्षिण एशिया के कई देशों में बीते कुछ दिनों से बार-बार धरती हिल रही है। अफगानिस्तान, नेपाल, पाकिस्तान और तिब्बत में भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। कहीं हल्के तो कहीं मध्यम तीव्रता के भूकंप महसूस किए गए, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलकर खुले स्थानों की ओर भागते दिखे। अफगानिस्तान में आज बुधवार को 3.9 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। भूकंप के झटकों के बाद लोगों में दहशत फैल गई और कई लोग घर छोड़कर बाहर निकल आए। सोमवार को भी अफगानिस्तान में 4.7 तीव्रता के झटके महसूस किए गए थे, जिनका असर पाकिस्तान और तजाकिस्तान के कुछ हिस्सों में भी देखने को मिला था। राहत की बात यह रही कि अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

**यहां पहले कांप चुकी धरती**

नेपाल में सोमवार, 30 जून को सुबह 8:24 बजे नेपाल में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.9 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, इसका केंद्र 29.24अंश नॉर्थ अक्षांश और 81.77अंश ईस्ट देशांतर पर, जमीन से 14 किलोमीटर गहराई में था। भूकंप के कारण लोग घबराकर घरों से बाहर आ गए।

**तिब्बत में भी हिली ज़मीन**

नेपाल से सटे तिब्बत में 23 मई को सुबह 9:27 बजे 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका केंद्र जमीन से 20 किलोमीटर की गहराई में था। हालांकि, इससे किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं मिली थी।

**पाकिस्तान में 5.3 तीव्रता का भूकंप**

पाकिस्तान में रविवार तड़के करीब 3:54 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 5.3 रही। भूकंप का केंद्र 30.25अंश नॉर्थ अक्षांश और 69.82अंश ईस्ट देशांतर पर, जमीन से 150 किलोमीटर गहराई में स्थित था। भूकंप की वजह से लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए।

**विशेषज्ञों की चेतावनी**

भूकंप के इन लगातार झटकों ने इस पूरे क्षेत्र की भूकंपीय संवेदनशीलता पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। विशेषज्ञों की राय है कि हिमालयी क्षेत्र और उसके आसपास की भूगर्भीय प्लेटें लगातार सक्रिय हैं, जिससे ऐसे झटके आगे भी आ सकते हैं। इसे देखते हुए प्रशासन लगातार लोगों से सतर्क रहते हुए सजग रहने की अपील कर रहा है।

# ईरान से जुड़े एक हैकिंग समूह की ट्रंप को धमकी, निजी और आपत्तिजनक ईमेल लीक कर देगा

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच ईरान से जुड़े एक हैकिंग समूह ने अमेरिका को धमकी दी है कि वह 100 गीगाबाइट बैच का ईमेल लीक कर देगा। धमकी में ईरानी समूह ने कहा है कि इन इमेल्स में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार रोजर स्टोन और वाइट हाउस के चीफ ऑफ स्टाफ सूसी विल्स सहित उनके लंबे समय के सहयोगियों के बीच के संवाद शामिल हैं, जो कि उसने चुराए थे। रिपोर्ट में बताया गया हैं कि 2024 में राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान एक साइबर अटैक समूह ने दावा किया था कि उसके पास करीब 100 गीगाबाइट ईमेल हैं, जिन्हें वह लीक कर सकता है।
हालांकि, फर्जी नाम रॉबर्ट के तहत काम करने वाले हैकर्स ने ईमेल की सामग्री या उन्हें कब जारी करने की योजना के बारे में जानकारी नहीं दी है। हैकर ने बताया कि उसके पास ट्रम्प की वकील लिंडसे हॉलिगन और स्टॉर्मी डेनियल्स के ईमेल अकाउंट्स के भी विवरण हैं। स्टॉर्मी डेनियल्स वहीं एडल्ट फिल्मों की अभिनेत्री हैं, जिसे कथित तौर पर ट्रंप के साथ संबंधों का खुलासा नहीं करने और मुंह बंद रखने के लिए ट्रंप की ओर से 130,000 डॉलर का भुगतान किया गया था।
यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब अमेरिका ने कुछ दिनों पहले ही ईरान-इजरायल युद्ध के दौरान ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर 30,000 पाउंड के बंकर बस्टर बम गिराए हैं। इन हमलों के बाद ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान के परमाणु टिकाने पूरी तरह से तबाह हो गए हैं और भविष्य में ईरान संवर्द्धन कार्यक्रम आगे नहीं बढ़ा सकता।
रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी हैकर्स ने कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित होने के बाद चुराए गए ईमेल डेटा को लीक करने की कोई योजना नहीं थी लेकिन अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले ने अपना फैसला बदलने को मजबूर किया है। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान भी बाइडेन प्रशासन ने इस लीक कांड के पीछे ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के तीन सदस्यों का हाथ बताया था लेकिन ईरान ने इससे इंकार किया था।
दूसरी ओर, यू.एस. साइबरसिक्योरिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सीआईएसए) के प्रवक्ता मार्सी मैकार्थी ने कहा है कि यह शत्रुतापूर्ण विदेशी अभियान ध्यान भटकाने, बदनाम करने और विभाजन करने की एक कोशिश है।

## युद्ध के बीच यूक्रेन को अमेरिका ने दिया करारा झटकाः हथियारों की सप्लाई रोकी, भंडार का दिया हवाला

वाशिंगटन(ईएमएस)। रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका ने यूक्रेन को दिए जाने वाले कुछ हथियारों की आपूर्ति अस्थायी तौर पर रोक दी है, जिससे कीव को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने यह निर्णय हथियारों के घटते भंडार और नई प्रशासनिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए लिया है। अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका की आंतरिक समीक्षा में यह पाया गया कि कुछ प्रमुख हथियार प्रणालियों का भंडार जोखिमपूर्ण स्तर तक कम हो चुका है। इस स्थिति को देखते हुए पेंटागन ने यूक्रेन को हथियार भेजने की योजना पर रोक लगा दी है। वहीं व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने एक बयान में कहा है, कि हमने दुनिया भर में दी जा रही सैन्य सहायता की समीक्षा की है। यह निर्णय अमेरिका के दीर्घकालिक सामरिक हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए लिया गया है। उन्होंने आगे कहा, कि अमेरिका की सैन्य शक्ति पर कोई संदेह नहीं कर सकता ईरान से पूछिए। यह टिप्पणी हाल ही में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी मिसाइल हमलों की पृष्ठभूमि में आई है, जो ट्रंप प्रशासन की आक्रामक विदेश नीति का संकेत मानी जा रही है। हालांकि अमेरिका ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कौन से हथियारों की आपूर्ति रोकी गई है, लेकिन पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने आश्वस्त किया कि, अमेरिकी सेना पहले से कहीं अधिक तैयार और सक्षम है। हम अपने रक्षा भंडार का आधुनिकीकरण कर रहे हैं ताकि आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। रूस के हमलों से जूझ रहे यूक्रेन के लिए यह झटका ऐसे समय में आया है जबकि उसे पश्चिमी हथियारों और गोला-बारूद की तत्काल आवश्यकता है। अमेरिका द्वारा की गई यह कटौती जमीनी लड़ाई पर असर डाल सकती है, खासकर तब जबकि रूस की तरफ से सैन्य दबाव लगातार बढ़ रहा है।

## कैंसर से 23 की उम्र में मशहूर सिंगर का निधन

लंदन,(ईएमएस)। मशहूर सिंगर जेह्युन उर्फ शिम जेह्युन का 23 साल की उम्र में निधन हुआ है। जेह्यु लंबे समय से ल्यूकेमिया नाम के कैंसर से जूझ रहे थे हालांकि सिंगर की इस बीमारी का किसी को पता नहीं था। उनके निधन की जानकारी उनके दोस्त बैंडमेट होजुन ने दी। इसके बाद से उनके फैंस और करीबी दोस्त उनकी फोटो शेयर कर भावभीनी श्रद्धांजलि दे रहे हैं। किसी को यकीन ही नहीं हो पा रहा है कि इतनी छोटी उम्र में जेह्युन दुनिया छोड़कर चले जाएंगे। जेह्युन के करीबी दोस्त होजुन ने कहा कि मैंने बहुत देर बाद ये खबर सुनी।

# शुभांशु के बाद अब अंतरिक्ष में जाएंगे डॉ मेनन, नासा ने किया ऐलान

### -वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी परीक्षणों को देंगे अंजाम



टेक्सास,(ईएमएस)। शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर पहुंचे हैं और वहां वह कई जानकारी हासिल कर रहे हैं। अब एक और भारतवंशी आईएसएस जाने की तैयारी में हैं। बता दें अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने साल 2021 में अनिल मेनन का चयन किया था। इसके बाद इनको ट्रेनिंग दी गई थी।
नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री डॉ. अनिल मेनन को उनके पहले अंतरिक्ष मिशन पर भेजने की घोषणा की है।
नासा ने कहा कि डॉ. मेनन जून 2026 में रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कॉसमॉस के सोयूज एमएस-29 यान से आईएसएस के लिए उड़ान भरेंगे। इस मिशन में वे फ्लाइट इंजीनियर और एक्सपीडिशन 75 के क्रू सदस्य के रूप में शामिल होंगे। डॉ. मेनन के साथ इस अभियान में रोस्कॉसमॉस के दो अनुभवी अंतरिक्ष यात्री प्योत्र डुबरोव और अन्ना किकीना भी जाएंगे। यह टीम कजाखस्तान स्थित बैकानूर कोस्मोड्रोम से रवाना होगी और करीब आठ महीनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी परीक्षणों को अंजाम देगी।
नासा के मुताबिक इस मिशन में डॉ. अनिल मेनन मानवता के लाभ के लिए और भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों की तैयारी के तहत कई तरह के अनुसंधान कार्यों को अंजाम देंगे। डॉ. मेनन को 2021 में नासा द्वारा अंतरिक्ष यात्री के रूप में चयनित किया गया था और उन्होंने 2024 में 23वीं एस्ट्रोनॉट कक्षा के साथ प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण के बाद वे अपने पहले स्पेस स्टेशन मिशन की तैयारी में जुट गए हैं। मिनेसोटा के मिनियापोलिस में जन्मे और पले-बढ़े अनिल मेनन एक आपातकालीन चिकित्सा विशेषज्ञ, मैकेनिकल इंजीनियर और अमेरिका की स्पेस फोर्स के कर्नल हैं। उनके पिता भारतीय और माता यूक्रेनी मूल की हैं।
डॉ. मेनन वर्तमान में टेक्सास मेडिकल सेंटर में आपातकालीन चिकित्सा सेवा देते हैं और टेक्सास विश्वविद्यालय के रेजिडेंसी कार्यक्रम में छात्रों को प्रशिक्षण देते हैं। बता दें बीते करीब 25 साल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर लगातार वैज्ञानिक कार्य हो रहे हैं। यह मिशन न केवल पृथ्वी पर मानव जीवन की बेहतरी के लिए है, बल्कि चंद्रमा और मंगल जैसे गहरे अंतरिक्ष अभियानों की तैयारी में भी अहम भूमिका निभाता है। मेनन का यह मिशन न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि वैश्विक अंतरिक्ष शोध में एक और उल्लेखनीय कदम भी है।

# टी20 विश्वकप के लिए 13 टीमें तय हुईं, 22 स्थानों के लिए 22 टीमों में होगा मुकाबला

मुम्बई (ईएमएस)। अगले साल की शुरुआत में संयुक्त रुप से भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अभी तक 13 टीमें तय हो गयी हैं जबकि बचे हुए सात स्थानों के लिए 22 टीमों के बीच मुकाबला होना है। इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमों को खेलने का अवसर मिलेगा। हैं। इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका सहित कुल 13 टीमें घोषित को गयी हैं जबकि सात और टीमों की घोषणा इस साल अक्टूबर तक होगी। कनाडा की टीम ने इसके लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि यूरोप क्वालीफायर्स



के जरिए दो टीमों पर फैसला होगा। ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के प्रारुप के अनुसार ही होगा। जिसके तहत पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच खेले जाएंगे। मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका को पहले दो स्थान मिले हैं। उसके बाद अगले 10 स्थानों का पिछले संस्करण में सुपर आठ क्वालीफाइंग और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ। पिछले टी20 विश्व कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज को 2026 टी20 विश्व कप में जगह मिली। अमेरिका ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था। सुपर 8 में नहीं पहुंचने के बाद भी पाक ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी टी20I रैंकिंग के आधार पर अगले संस्करण में अपना स्थान तय किस है। अब तक भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और वेस्टइंडीज ने इसके लिए प्रवेश हासिल किया है। इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी। एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात स्थानों के लिए मुकाबला होगा। एशिया और पूर्वी एशिया पैसिफिक रीजन से तीन टीमें प्रवेश करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालिफायर और अफ्रीका क्वालिफायर से आएंगी। एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी। वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी। इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करेंगी।

# जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच हो : सैमी

बारबाडोस (ईएमएस)। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरेन सैमी ने कहा है कि टीम के जिस भी खिलाड़ी पर यौन शोषण के आरोप हैं उसकी जांच की जाये पर कहा कि इसमें सही कानूनी प्रक्रिया का पालन होना चाहिये। इससे पहले गयाना के एक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया था कि टीम के एक क्रिकेटर पर 11 युवतियों ने शोषण के आरोप लगाये हैं पर इस मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

सैमी ने कहा कि ये स्थित गंभीर है पर इसमें कानूनी प्रक्रियाओं का सम्मान होना चाहिये। पूर्व कप्तान सैमी ने कहा, ''मीडिया में जो कुछ आ रहा है, वह हम सभी को पता है। मैं अपने खिलाड़ियों के बहुत करीब हूं। मैंने उनसे बातचीत की है। एक बात मैं कह सकता हूं कि हम न्याय में विश्वास करते हैं। हमारा भी मानता है कि न्याय होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हालांकि, इसकी एक तय प्रक्रिया होती है। आरोप लगाए गए हैं और हम जांच में अपनी तरफ से सभी प्रकार से सहायेग करेंगे, जिससे उचित प्रक्रिया और सही प्रणाली का पालन तय किया जा सके।'' सैमी ने कहा कि किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले कानून को अपना काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, ''ये आरोप हैं। हम न्याय प्रणाली को जानते हैं। आपको प्रक्रिया के लिए इंतजार करना होगा। मैं कोई न्यायाधीश नहीं हूं। जो जानकारी सामने आई है, वही हमारे पास है। मुझे पूरा भरोसा है कि अंत में न्याय होगा।''

### सैमी बोले अपने बयान पर कायम हूं, मैच अधिकारियों ने भी मानी है गलती

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कोच डैरन सैमी ने कहा है कि बारबाडोस टेस्ट के बाद टीवी अंपायर की आलोचना वाले अपने बयान पर वह बरकरार हैं। सैमी को इस कारण आईसीसी से भी सजा मिली थी। इसी को लेकर अब उन्होंने कहा कि मैच अधिकारियों ने भी अब ये माना है कि उस मैच में गलतियां हुईं थीं। सैमी का कहना है कि उन्हें अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। होल्डस्टॉक को इस मामले के बादद ग्रेनेडा में दूसरे टेस्ट के लिए मैदानी अंपायर बना दिया गया है।

पहले मैच में अंपायर की आलोचना के लिए सैमी पर मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना लगाये जाने के अलावा और उन्हें अंपायर पर सवाल उठाने के लिए एक नकारात्मक अंक भी दिया गया, था। इस मैच में रोस्टन चेज और शाई होप को लेकर दिये फैसलों पर सैमी ने सवाल उठाये थे। मैच के बाद रोस्टन और होने ने भी अंपायर के फैसलों पर नाराजगी जतायी थी पर उन्हें आईसीसी ने कोई सजा नहीं दी। सैमी ने इससे बाद खिलाड़ियों को मीडिया से बात करने से रोक दिया था।

साथ ही कहा, हमने मैच अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। उन्होंने भी अपना रुख स्पष्ट करते हुए कुछ गलतियों को स्वीकार किया है। वह बारबाडोस था और अब हम ग्रेनेडा पहुंच गये हैं, इसलिए हमने उस बात को पीछे छोड़ दिया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें होल्डस्टॉक के बारे में अपने बयान के लिए खेद है सैमी ने कहा, मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने जो कहा, वह मैंने जो देखा उसके आधार पर कहा है। मुझे इसके लिए दंडित किया गया है। मुझ अंपायरों से कोई शिकायत नहीं है।

# गेंदबाजों के बचाव में उतरे पूर्व स्पिनर आर अश्विन

गचेन्नई (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली हार के लिए गेंदबाजों को जिम्मेदार बताने की आलोचना की है। अश्विन ने कहा कि जिस प्रकार से कहा जा रहा है गेंदबाजी कमजोर रही वह सही नहीं है। यहां तक कि कमेंट्री के दौरान भी गेंदबाजों पर ही निशान साधा गया उन्होंने कहा कि शुरुआती बल्लेबाजों ने शतक लगाये पर निचले क्रम के बल्लेबाज असफल रहे जिससे टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। अश्विन ने कहा है कि भारतीय गेंदबाजों के बारे में कमेंट्री अपमानजनक रही पर ये भी पुछा जाना चाहिये निचले क्रम के बल्लेबाजों ने रन क्यों नहीं बनाये ?

एक वीडियो में अश्विन ने कहा कि हार के बाद गेंदबाजों को हार के लिए दोषी बताया गया। उन्होंने बताया कि इंग्लैंड ने जिस तरह चौथी पारी में 370 रनों से ज्यादा स्कोर का पीछा किया है। उसमें सिर्फ गेंदबाजों की गलती नहीं थी। अश्विन ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों ने खेल में पांच शतक बनाए, लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाज कुछ नहीं कर पाये।

उन्होंने कहा, एक बार जब 370 से अधिक रनों के लक्ष्य का पीछा किया गया, तो मुझे लगा कि कमेंट्री भारतीय गेंदबाजों के बारे में अपमानजनक हो गई है। ऐसा कहा जाने लगा कि भारतीय गेंदबाज मैच जिताने में असफल रहे पर य नहीं भूलना चाहिये कि बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

उन्होंने गेंदबाजी को लेकर कहा, टेस्ट में, मुझे लगता है कि मेडन ओवर्स को काफी कम आंका जाता है। मुझे जसप्रीत बुमराह द्वारा हाई इकॉनमी रेट के साथ जाने में कोई दिक्कत नहीं होगी, लेकिन अन्य को कम जाना चाहिए। टेस्ट में, आपको पहले दिन से धीरे-धीरे अपनी गेंदबाजी को विकसित करना होता है और इसका लाभ अंतिम पारी में मिलता है।।



लंदन में विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में खेलती हुई पोलैंड की इगा स्वीटेक।

### बर्मिंघम में संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद भारतीय क्रिकेटरों की सुरक्षा बढ़ी

बर्मिंघम (ईएमएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले बर्मिंघम में एक संदिग्ध पैकेट मिलने के बाद भारतीय टीम की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इसके साथ ही भारतीय टीम के होटल से बाहर निकलने पर भी रोक लगा दी गयी। भारतीय खिलाड़ी आम-तौर पर घूमने के लिए आसपास के इलाकों में जाते हैं। भारतीय टीम जिस मुख्य इलाके में रुकी उसके के पास वाले इलाके में एक संदिग्ध पैकेट मिला है। पुलिस ने सोशल मीडिया पर कहा कि हालात सामान्य हैं पर वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखना चाहती है।



लंदन में विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में जीत के बाद उत्साहित यूक्रेन की डायना यसट्रीमास्का।

# क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता शनिवार को होगी

नई दिल्ली (ईएमएस)। नीरज चोपड़ा क्लासिक अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता इसी सप्ताह शनिवार को बेंगलुरु में होगी। श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में 12 खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे पहले ये प्रतियोगित 24 मई को होनी थी पर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण स्थागित कर दिया गया था। ये पहली बार है जब भारत में किसी अंतर्राष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सहयोग से किया जा रहा है और इसे भारतीय



एथलेटिक्स महासंघ से भी मंजूरी मिली हुई है। इस टूर्नामेंट में देश विदेश के कुल 12 खिलाड़ी होंगे शामिल होंगे।

इस टूर्नामेंट में नीरज चोपड़ा समेत पांच भारतीय सचिन यादव, किशोर जेना, रोहित यादव और साहिल सिलवाल शामिल होंगे। वहीं विदेश के सात सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेड के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ग विजेता थॉमस रोहलर, कीनिया के 2015 के वर्ल्ड चैंपियन जूलियस येगो, अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन, जापान के एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जेनकी डीन, श्रीलंका के रुमेश पथिरेज और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के लिए टिकट की कीमत 199 रुपये से लेकर 9,999 रुपये तक होगी। इसके अलावा 15 व्यक्तियों के लिए पांच कॉर्पोरेट बॉक्स 44,999 रुपये में उपलब्ध हैं। वहीं थ्रोअर रनवे के पास एक विशेष स्टैंड की कीमत 9,999 रुपये है, जबकि रनवे के ठीक पीछे स्थित नॉर्थ अपर स्टैंड में एक और विशेष स्टैंड 2,999 रुपये में है।

# धवन बोले शुभमन, ईशान के आने से अपना करियर समाप्त होने का अंदाजा हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा है कि शुभमन गिल और ईशान किशन के आने के बाद ही उन्हें अपने करियर के समाप्त होने का अंदाज हो गया था। इसका कारण है कि शुभगन सभी प्रारुपों में अच्छा कर रहे थे। वहीं ईशान ने एक दौहरा शतक भी लगा दिया था। जब प्रदर्शन कमजोर हो गया तब उन्हें समझ आ गया कि अब उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी। धवन ने साल 2013 में मोहाली की पिच पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85 गेंदों में शतक लगाकर टेस्ट डेब्यू में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाया था। उनकी 187 रन की आक्रामक पारी सबसे आकर्षण का केन्द्र रही। 33 टेस्ट में कई अच्छी पारियां खेलने के बाद भी धवन का टेस्ट करियर ज्यादा समय नहीं चला। साल 2018 की इंग्लैंड सीरीज के बाद उन्हें टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया। इस क्रिकेटर के अनुसार उसने प्रयास किया पर तब वह अपने सर्वश्रेष्ठ दौर में नहीं थे। वहीं जब वह अपने करियर को देखते हैं तो उन्हें काई पछतावा नहीं होता। साथ ही कहा कि मैं पीछे देखता हूं तो खुश हूं कि मैंने जो हासिल किया, वो किसी सपने से कम नहीं हैं।

धवन को टी-20 विश्व कप 2021 में जगह नहीं मिली पर वह समझ गये थे कि अब बदलाव तय है। इस क्रिकेटर ने कहा कि मैंने किसी को फोन नहीं किया क्योंकि मैं जानता था, हर किसी की अपनी सोच होती है और बात करने से कुछ नहीं होगा।

साल 2013 चैंपियंस ट्रॉफी से लेकर 2022 तक धवन भारतीय एकदिवसीय टीम के सलामी बल्लेबाज रहे। वहीं साल. 2015 विश्व कप, 2017 चैंपियंस ट्रॉफी सहित कई अवसरों पर इस क्रिकेटर ने सबसे ज्यादा रन बनाए। रोहित के साथ उनकी जोड़ी काफी अच्छी रही पर उन्हें 2023 एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली क्योंकि तब शुभमन काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरा टी20 भी जीता, इंग्लैंड को 24 रनों से हराया

लंदन (ईएमएस)। जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 मुकाबले में मेजबान इंग्लैंड को 24 रनों से हराकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त ले ली है। भारतीय टीम ने पहला मैच भी 97 रनों से जीता था। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड की टीम ने भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी इस मैच से वापसी की पर वह रन बनाने में विफल रहीं। टीम ने 31 रन देकर 3 विकेट खो दिए थे पर इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अच्छी बल्लेबाजी कर स्कोर आगे बढ़ाया।

जेमिमा ने 9 चौके और एक छक्का लगाकर 41 गेंदों में 63 रन बना दिये जबकि अमनजोत ने 40 गेंदों में 9 चौकों की सहायता से 63 रन बनाये। ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 32 रन बनाए। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाये। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने दो जबकि लॉरेन फिलर और एम अरलॉट से एक-एक विकेट लिया। इसके बाद इंग्लैंड की टीम 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना पायी इस प्रकार उसे 24 रनों से हार का सामना करना पड़ा। टैम ब्यूमोंट ने 54 जबकि एमी जोन्स ने 32 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहीं। भारतीय टीम की ओर से श्री चरणी ने दो विकेट जबकि दीप्ती व अमनजोत ने एक-एक विकेट लिया।

# ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्मिथ बोले- लाबुशेन एक बार फिर वापसी करेंगे

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ अब खराब फार्म के कारण टीम से बाहर हुए मार्नस लाबुशेन के बचाव में उतरे हैं। स्मिथ ने कहा है कि लाबुशेन की प्रतिभा और तकनीक पर किसी को भी संदेह नहीं है और वह फार्म हासिल करने के बाद वह एक बार फिर टीम से खेलते दिखेंगे। लाबुशेन को पिछले कुछ समय से लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाहनल में भी वह रन नहीं बना पाये थे। इसी कारण लाबुशेन को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए टीम से बाहर कर दिया गया





था। पूर्व कप्तान के अनुसार वह अपनी तकनीक में कुछ सुधार करने के बाद फिर वापसी करेंगे।

स्मिथ ने कहा, "वह बल्लेबाजी में खराब स्थिति में हैं। मेरा मानना है कि लाबुशेन ने डब्ल्यूटीसी फाइनल में बहुत अच्छे तरीके से गेंदों का सामना किया वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाये। इस दौरान मूवमेंट्स और बल्लेबाज का अंदाज गलत नहीं था। स्मिथ ने साथ ही कहा, "जब वह ऑफ-स्टंप लाइन से ऐसा कर रहे होते हैं, तो मुझे लगता है कि वह अच्छी स्थिति में होते हैं, उनका संतुलन अच्छा होता है और उनके मूवमेंट्स भी अच्छे होते हैं। मुझे लगा कि वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच नहीं खेला है, और उनके पास कुछ चीजों पर काम करने और उसे बेहतर करने का अवसर है। इसे वह खेल के दबाव के बिना करना चाहेंगे। अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के समय वह विश्व के बेहतरीन बल्लेबाजों की बराबरी करता है। इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि वह एक बार फिर आगे आयेगा।"

डब्ल्यूटीसी फाहनल फाइनल के बाद लाबुशेन की जगह पर शामिल सैम कॉनस्टास भी अब तक अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाये हैं पर स्मिथ के अनुसार समय के साथ वह सीख जाएंगे

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं लियोन

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि अभी उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। लियोन के अनुसार वह संन्यास लेने से पहले भारत में एक टेस्ट सीरीज जीतना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम बार भारत में साल 2004 में टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके बाद से ही कंगारु टीम मैच जीती है पर सीरीज अपने नाम नहीं कर पायी है। इस प्रकार टीम दो दशक से भारत में सीरीज जीतने में विफल रही है।

37 साल के हो रहे लियोन ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल ऑफ स्पिनर हैं। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 32 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उनको 130 विकेट भी मिले हैं पर वह कभी भी भारत में टेस्ट सीरीज जीत नहीं पाये हैं। ऑस्ट्रेलिया ने साल 2004-05 में अंतिम बार भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी पर जीती थी पर तब लियोन टीम में शामिल नहीं थे। इसके बाद से ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत में टेस्ट सीरीज नहीं जीत पायी है। लियोन ने कहा, मैंने हमेशा ही कहा है कि मैं भारत के अलावसा इंग्लैंड में भी टेस्ट सीरीज जीतना चाहता हूं। हमें कुछ सालों में यह अवसर मिल सकता है। हमें इसके लिए लगातार टेस्ट खेलना होगा और तय करना होगा कि हम पहले वेस्टइंडीज में जीत कर लय हासिल करें। फिर हमें अपनी धरती पर एशेज में बेहतर प्रदर्शन में आसानी होगी। एक और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल पर मेरी नजरें रहेंगी।

## ऋषभ ने हासिल किये 801 रेटिंग , बूमराह शीर्ष पर

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत एक स्थान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर पहुंच गए। ऋषभ को पहले टेस्ट में लगाये दो शतकों का लाभ मिला है। उनके अब सर्वश्रेष्ठ 801 रेटिंग अंक हो गये हैं। वहीं नंबर एक पर चल रहे इंग्लैंड के जो रूट के 889 अंक हैं। ऋषभ इससे पहले जुलाई 2022 में करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंचे थे। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 907 रेटिंग अंक के साथ नंबर एक पर बने हुए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट लिए थे। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बने हुए हैं जबकि कप्तान शुभमन गिल एक स्थान नीचे आकर 21वें पायदान पर फिसल गये हैं। वहीं इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं।

वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दूसरे और तीसरे स्थान पर बने हुए हैं जबकि जोश हेजलवुड एक स्थान के लाभ से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के ही रविंद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर की सूची में नंबर एक पर बरकरार हैं। वहीं वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी एक स्थान के सुधार के साथ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं

## पिता के बनाये बल्ले से खेलकर भारतीय टीम तक पहुंची अमनजोत

लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में 40 गेंद में 63 रन बनाकर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली अमनजोत कौर का यहां तक का सफर आसान नहीं रहा है। अमनजोत बचपन में एक बार जब मोहाली की गलियों में खेल रही थीं तो उन्हें इसलिए बल्लेबाजी नहीं मिली थी क्योंकि उनके पास अपना बल्ला नहीं था।' इसके बाद उनके पिता ने लकड़ी का एक बल्ला बनाकर उन्हें दिया। इसको लेकर अमनजोत लड़कों के साथ क्रिकेट खेलने लगीं। इसी बल्ले के मिलने के बाद अमनजोत का मनोबल बना और वह आगे बढ़ती गयीं। वहीं इसके एक दशक से अधिक समय क बाद जब साल 2023 में अमनजोत ने भारतीय टीम की ओर से डेब्यू मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 गेंदों पर 41 रन बनाये तो पिता की पुरानी यादें ताजा हो गयीं। अमनजोत ने अपनी सफलता का श्रेय पिता को ही दिया है। वह याद करती हैं कि कैसे पापा अपने काम छोड़कर उन्हें अभ्यास के लिए मैदान ले जाते थे। एक समय ऐसा भी आया जब मोहाली, चंडीगढ़ और पंचकूला में लड़कियों की क्रिकेट अकादमी में प्रवेश में अमनजोत को काफी परेशानी आई। इसके बाद कोच नागेश गुप्ता ने अमनजोत की प्रतिभा का निखारा। इसके बाद उसे महिला प्रीमियर लीग (डब्यलूपीएल ) की पहली नीलामी में ही मुंबई इंडियंस ने 50 लाख रुपये में खरीदा लिया।

## काउंटी में ईशान ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक लगाया, मैच के बाद भोजपुरी गाने पर डांस करते दिखे

लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आजकल इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। ईशान भारत ए टीम के साथ यहां आये थे जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर उन्हें काउंटी क्रिकेट में नॉटिंघमशायर ने अपने यहां शामिल कर लिया था। उसके बाद से वह लगातार छाये हुए हैं। ईशान ने काउंटी क्रिकेट चैंपियनशिप डिविजन 1 में लगातार दो मुकाबलों में अर्धशतक लगाये हैं। लीग के दूसरे मुकाबले में ईशान ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए 128 गेंदों में ही 77 रन बनाए हैं। अपनी इस पारी में ईशान ने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं इससे पहले मैच में भी ईशान ने अर्धशतकीय पारी खेली थी। यॉर्कशायर के खिलाफ इस डेब्यू मैच में ईशान ने 98 गेंदों में 87 रन बनाये। इस पारी में इन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट चैंपियनशिप डिविजन 1 का 42वां मैच नॉटिंघमशायर और समरसेट के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में सोमरसेट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 379 रन बनाए। वहीं नॉटिंघमशायर ने इसका पीछा करते हुए 125 ओवर में ही 5 विकेट के नुकसान पर 396 रन बना दिये। नॉटिंघमशायर ने ईशान की बल्लेबाजी से पहली पारी में ही 17 रनों की बढ़त हासिल कर ली। ईशान काउंटी मैच में लंदन की सड़कों पर भोजपुरी गाने पर डांस करते भी दिखे। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ हैं। . ईशान किशन के साथी क्रिकेटरों का भी कहना है कि जब भी उन्हें अवसर मिलता है वह भोजपुरी गाने पर डांस करने लगते हैं।

## एशिया कप 5 सितंबर से शुरु होगा !

मुम्बई (ईएमएस)। एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 को लेकर अभी तक एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है पर माना जा रहा है कि ये टूर्नामेंट 5 सितंबर से शुरु होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इस टूर्नामेंट का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में किया जाएगा हालांकि इसका मेजबानी अधिकार भारत के पास ही रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार इसमें भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 7 सितंबर को हो सकता है। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के अलावा, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई की टीमें भाग लेंगी। ये टूर्नामेंट टी-20 अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में खेला जाएगा। इसमें पहले ग्रुप स्तर का मुकाबला होगा जिसके बाद सुपर फोर दौर खेला जाएगा। इसके बाद सुपर फोर की शीर्ष दो टीम 21 सितंबर को खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। वहीं इससे पहले कहा जा रहा था कि भारत एशिया कप की मेजबानी से हट सकता है पर बाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने इस प्रकार की अटकलों को खारिज कर दिया। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इन रिपोर्टों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, एशिया कप या किसी भी एसी भी इवेंट को लेकर बोर्ड ने कोई आधिकारिक चर्चा नहीं की है और न ही एसीसी को कोई पत्र लिखा गया है। इसमें ग्रुप स्तर के बाद भारत-पाकिस्तान की टीमें 14 सितंबर को सुपर-4 राउंड में भी मुकाबला कर सकती हैं।

## साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

अस्ताना (ईएमएस)। भारतीय मुक्केबाजों साक्षी, जैस्मिन, मीनाक्षी और लक्ष्य चाहर व मनीष राठौर ने कजाकिस्तान में जारी विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 54 किग्रा भार वर्ग में साक्षी ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5-0 से हराया। साक्षी के अलावा जैस्मिन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को 5-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। महिलाओं के ही वर्ग में भारत की मीनाक्षी ने लाइट-फ्लाईवेट श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन को 5-0 से पराजित किया जबकि मुस्कान ने मिडिलवेट श्रेणी में इंग्लैंड की केरी डेविस को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराकर अगले दौर में जगह बनायी है। दूसरी ओर पुरुष वर्ग में भारत के लक्ष्य ने 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के विलियम चोलोव को 4 -1 से हराया। वहीं भारत के ही मनीष राठौर को 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। साक्षी, लक्ष्य और जैस्मिन अब सचिन सिवाच, हितेश गुलिया, मुस्कान, मीनाक्षी और संजू के साथ अगले दौर में पहुंच गये हैं। इससे पहले हितेश और सचिन सिवाच ने अपने मुकाबलों में आसानी से जीत हासिल की थी।

## शमी को हर माह पत्नी व बेटी को देने होंगे चार लाख रुपये : हाईकोर्ट

कोलकाता (ईएमएस)। कोलकाता हाईकोर्ट ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को हर माह अपनी पत्नी हसीन जहां व बेटी आयरा को गुजारा भत्ता के तौर पर चार लाख रुपये देने के निर्देश दिये हैं। निर्देश के तहत शमी को पत्नी को डेढ़ लाख और बेटी को ढाई लाख हर महीने खर्चे के लिए देने होंगे। हाईकोर्ट की बेंच ने हसीन जहां की एक याचिका पर सुनवाई के बाद ये आदेश पारित किया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता पत्नी को 1.5 लाख रुपये प्रति माह और बेटी को 2.5 लाख रुपये प्रति माह दे। अदालत ने यह भी कहा कि शमी अपनी बेटी के लिए निर्धारित राशि से अधिक शिक्षा या अन्य खर्चों के लिए दे सकते हैं।

इससे पहले हसीन जहां ने जिला सत्र न्यायालय के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसमें शमी को 2023 में अपनी पत्नी को 50 हजार रुपये और बेटी को 80 हजार रुपये देने का निर्देश दिया गया था।

# राजकीय श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर आला अधिकारियों संग मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा

## श्रावणी मेला में भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था बनाये : मुख्य सचिव



**रांचीः** राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह 9 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान लगभग 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बाबा नगरी और बाबा बासुकी नाथ धाम आने की संभावना है। श्रद्धालु बाबा धाम से सुखद अनुभव लेकर लौटें, इसकी तैयारियां विभिन्न स्तरों पर व्यापक तरीके से चल रही हैं। बुधवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने तैयारियों को लेकर सभी संबंधित विभागों के प्रमुख और देवघर तथा दुमका के उपायुक्त, एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस दौरान ठोस निर्णय लिए गए और उसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेही तय की गई। मुख्य सचिव का फोकस लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा पर थी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पुख्ता बनायें। आपात स्थिति से निपटने के लिए जो जहां तैनात हों, वे प्रशिक्षित, जवाबदेह और संवेदनशील हों।

**भगदड़ की स्थिति नहीं बने, इसके लिए तय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेंः** मुख्य सचिव ने कहा कि भगदड़ की स्थित नहीं बने, इसके लिए तय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें। श्रद्धालु एक जगह अधिक संख्या में इकट्ठे नहीं हों, इसके लिए ऐसी व्यवस्था बनायें कि वे छोटे-छोटे समूह में रहें। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मी शिफ्ट बदलने पर तभी अपना स्थान छोड़े, जब उनका विकल्प वहां आ जाये। भीड़ नियंत्रण के लिए एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन आदि के फुटेज की लगातार मॉनिटरिंग हो और लगे कि कहीं भीड़ ज्यादा हो रही है, तो बिना समय जाया करे तत्काल उसे नियंत्रित करें। इसके अलावा यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं का मार्ग समतल हो, ताकि ठोकर लग कर गिरने की आशंका खत्म हो जाये। जहां सीढ़ी आदि हो वहां फिसलन नहीं हो। श्रद्धालुओं के आने-जाने की अलग व्यवस्था हो।

अचानक बिजली गुल नहीं हो। बिजली कटने के साथ उसकी पुनर्बहाली की वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखें। कहीं भी बिजली का नंगा तार नहीं हो और वह नीचे की ओर झूलता हुआ नहीं हो। इंट्री पवाइंट पर मेटल डिटेक्टर से लोगों को गुजारने के दौरान इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि वहां अत्यधिक भीड़ की स्थिति नहीं बने। वहीं पूर्व में मंदिर का कपाट खुलने के साथ भीड़ का दबाव बढ़ने का अनुभव रहा है। इसे देखते हुए जिले के उपायुक्त और एसपी उस समय अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करते हुए व्यवस्था नियंत्रण की बागडोर संभाले। साथ ही रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की तदाद काफी बढ़ती है, इसे भी संज्ञान में रखते हुए व्यवस्था बनायें। उन्होंने निर्देश दिया कि आपात विभाग से जुड़े मुख्यालय के आला अधिकारी मौके पर जाकर तैयारियों का जायजा लें और कमियों को समय रहते दुरुस्त कराएं।

इसके अलावा समीक्षा के दौरान कावंरिया पथ समेत बाबा नगरी और बासुकी नाथ धाम की सड़कों, श्रद्धालुओं के आवासन, ट्रैफिक व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, एंबुलेस एवं चिकित्सा व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट इत्यादि पर भी संबंधित लोगों को निर्देशित किया गया।

### बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता पर पूरा फोकस करें

मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कि बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता पर पूरा फोकस करें। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। श्रद्धालुओं के लिए बने टेंट सिटी में शौचालय, पेयजल, शयन आदि की व्यवस्था के लगातार मेंटेनेंस पर बल देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए कारगर व्यवस्था बनाएं। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं के लिए डिस्पोजल बेड कवर की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित कर लें। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह होर्डिंग आदि के माध्यम से यातायात, चिकित्सा, विश्राम स्थलों आदि की सूचना प्रचारित-प्रसारित करें। शिकायत और सुझाव के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था को भी तमाम जगहों पर उपलब्ध कराएं।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई का निधन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जताया शोक



**रांचीः** कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर का आकस्मिक निधन हो गया है। वह हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में भर्ती थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोकाकुल परिवारजनों को दुख की घड़ी में सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को पोस्ट कर लिखा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के आकस्मिक निधन का दुःखद समाचार मिला। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री के अलावा कई मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने भी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के निधन पर संवेदना प्रकट की है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करें।

### धनबाद में मुहर्रम को लेकर प्रशासन ने की मुकम्मल तैयारी, डीजे बजाने पर रहेगी पाबंदी



**धनबादः** आगामी मुहर्रम को लेकर धनबाद जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। डीसी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को न्यू टाउन हॉल में मुहर्रम को लेकर जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव और ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी समेत आला अधिकारी के अलावे समिति के सदस्य उपस्थित रहे। डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि सभी अखाड़ा द्वारा निर्धारित रूट एवं समय का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। वहीं संबंधित अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी त्योहार से पहले रूट का भौतिक सत्यापन भी कर लेंगे. डीसी ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया में दुष्प्रचार, भ्रामक प्रचार, किसी की धार्मिक भावना को आहत करने या किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा. उन्होंने सोशल मीडिया में प्रसारित होने वाली अफवाह या दुष्प्रचार की जानकारी निकटतम थाना को देने का अनुरोध किया. एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे बजाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी.

### टाटा मोटर्स के जेनरल ऑफिस में मना वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह का जन्मदिन




**जमशेदपुरः** टाटा मोटर्स के जेनरल ऑफिस में टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के महामंत्री आरके सिंह का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी, एचआर हेड प्रणव कुमार, ईआर , सीएसआर एवं स्किल डेवलपमेंट विभाग के जीएम सौमिक रॉय , एडमिनिस्ट्रेशन हेड बीएन सिंह , डीजीएम केशव मणि , ईआर के डीजीएम वर्सिल सहाय, आंचल सिंहा, यूनियन के वरीय पदाधिकारियों समेत अन्य मौजूद थे। यहां महामंत्री आरके सिंह के हाथों केक काटा गया। उन्होंने इस आयोजन के लिए प्रबंधन के प्रति आभार जताया। प्लांट हेड सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि आरके सिंह स्वस्थ रहें, खुशहाल जीवन व्यतीत करें। मजदूरों एवं प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम कर यूं ही कंपनी को प्रगति के रास्ते पर आगे ले जाने में सहयोग करें ऐसी शुभकामनाएं हैं। एच आर हेड प्रणव कुमार ने कहा कि आरके सिंह जिस प्रकार तनावमुक्त होकर किसी भी समस्या का हल निकालते हैं उससे हमें भी सीख मिलती है। एकाग्र एवं स्ट्रेस फ्री होकर किसी काम को करने में सिंह जी माहिर हैं। उन्होंने अच्छी स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं दी। महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि प्लांट हेड , ईआर एवं एच आर के वरीय पदाधिकारियों ने जन्मदिन पर आमंत्रित कर जो स्नेह और सम्मान दिया उसके लिए मैं सबों के प्रति आभारी हूं।

### टाटा स्टील ने किया वन महोत्सव 2025 का शुभारंभ

**जमशेदपुरः** पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी और सतत विकास की भावना को समर्पित करते हुए, टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज़ ने वन महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में सप्ताहभर चलने वाले वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की है। यह पहल 1 जुलाई से 7 जुलाई 2025 तक आयोजित की जा रही है और टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी मुहिम "ग्रीनोवेशन – जहां स्टील और सस्टेनेबिलिटी का मेल है" के तहत पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में कंपनी की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह वृक्षारोपण अभियान जमशेदपुर के कई प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें कर्मचारियों, समुदाय के सदस्यों और हितधारकों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। इसका उद्देश्य हरियाली बढ़ाना और पर्यावरणीय जागरूकता को प्रोत्साहित करना है।

# झारखंड के सभी जिलों में चार से तीन दिनों तक लगातार होगी बारिश



**रांचीः** झारखंड के सभी जिलों में तीन दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना है। बारिश चार से छह जुलाई तक होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार बुधवार को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्यम में सबसे अधिक बारिश रांची के कांके में 110.2 मिमी रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में हुई बारिश में हेरगंज में 107 मिमी, कुरडेग में 92.2, रामगढ़ के भुरकुंडा में 89, पलामू के पांकी में 88.9, धालभूमगढ़ में 85.4, गोयलकेरा में 75.8, नीमडीह में 65.4, गुमला के चैनपुर में 65, पदमा डीवीसी में 64, जमशेदपुर में 55.2, राजधनवार में 55.2, जमशेदपुर के गुड़ाबांधामें 55.2, रामगढ़ में 52.2, तेनुघाट में 51.6, घाटशिला में 46.8, गोविंदपुर में 45, मांडू में 44.4, डुमरी में 41.4, और मांझी में 40.6 , बंदगांव में 40.6, पालगंज में 40, पलामू के लेस्लीगंज में 40, मनोहरपुर में 39.8, कुमारडुंगी 38.8, महारो 36.2, रामगढ़ के गोला में 36, नामकुम में 35.2, रामगढ़ के पतरातू में 35 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं रांची और आसपास के इलाकों में बुधवार को सुबह से बादल छाए रहे। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.4, 28.1, 32.6, 31.5 और चाईबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# दुष्कर्म मामले में पिता, भाई और मां गिरफ्तार

रांचीः रांची के बरियातू इलाके में रिश्तों को शर्मसार करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। एक नेत्रहीन नाबालिग लड़की के साथ उसके पिता और दो सगे भाइयों की ओर से पिछले तीन वर्षों से दुष्कर्म किया जा रहा था। इतना ही नहीं, नाबालिग की मां ने उसका गर्भपात भी कराया। मामले की जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिग के पिता, एक भाई और मां को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा भाई, जो राज्य से बाहर है, अभी फरार है। मामले की शिकायत मिलने के बाद बरियातू पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। जांच में पीड़िता के आरोपों की पुष्टि हुई। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि नाबालिग का गर्भपात कराया गया था, जिसमें उसकी मां की संलिप्तता थी। पुलिस ने पीड़िता के पिता, एक भाई और मां को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा भाई, जो राज्य से बाहर है उसकी तलाश जारी है।

एसएसपी ने बताया कि अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। पीड़िता ने पड़ोस के एक व्यक्ति को अपनी व्यथा सुनाई और मदद मांगी। इस व्यक्ति ने तुरंत बरियातू थाने को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

# झारखंड प्रदेश में शुरू हुआ 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान'

## सभी निकायों को मिला आवश्यक निर्देश

**रांचीः** केन्द्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर झारखंड के सभी नगर निकायों में 1 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक विशेष स्वच्छता और जागरूकता अभियान 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' 2025 चलाया जा रहा है. इसे लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार और राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक सूरज कुमार की ओर से सभी निकायों को आवश्यक निर्देश दिया गया है। इस संबंध में नगर विकास एवं आवास विभाग की अपर सचिव ज्योत्सना सिंह भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निकायों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई अभियान को सफल बनाने का निर्देश दी. इस अभियान के तहत शहरी निकायों में रहने वाले लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा. शहरी प्रशासन के द्वारा डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों का प्रसार रोकने के लिए आवश्यक निवारक सफाई और इसे बढ़ावा देने वाले उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने इस अभियान को सफल बनाने और नागरिकों को साफ-सफाई रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है. 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच राजधानी के 50 महत्वपूर्ण स्थानों पर वैरिएबल मैसेज साइन बोर्ड और पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को जल और वेक्टर जनित बीमारीयों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं. साथ ही सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के महत्वपूर्ण उदेश्यों को लोगों को बताया जा रहा है। धर, सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जागरूकता चलाया जा रहा है. वहीं, कमांड सेंटर से शहर के हर क्षेत्र में कचरा और जल जमाव की लाइव मॉनिटरिंग करते हुए रांची नगर निगम को सूचित किया जा रहा है. इसके साथ ही रांची नगर निगम की 300 से ज्यादा कचरा उठाने वाले वाहनों की लाइव निगरानी की जा रही है, जिससे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में मदद मिल रही है।

### अभियान के तहत इन बातों पर होगा जोर

- » कचरा संभावित स्थानों पर विशेष सफाई अभियान।
- » सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई।
- » जल गुणवत्ता के लिए पर्याप्त सैंपल लेना।
- » अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए त्वरित आकलन और तत्काल कार्रवाई।
- » अंतर-विभागीय समन्वय और निगरानी।
- » दैनिक अपशिष्ट संग्रह और परिवहन।
- » आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाएं।



- » सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति और जल कार्यों का रख रखाव।
- » सुरक्षा-रोकथाम और उपचार रणनीति को अपनाना।
- » घर घर जाकर लोगों को जागरुक करना।
- » रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की होगी विशेष पहल।

# गढ़वा में जंगली हाथी ने बुजुर्ग की कुचलकर ले ली जान

**72** घंटे के अंदर तीन लोगों को कुचलकर मार डाला



गढ़वाः जिले में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है. पिछले 72 घंटे में हाथियों ने तीन लोगों की जान ले ली है. मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात झुंड से बिछड़े हाथी ने रंका थाना क्षेत्र के नगारी गांव में घुसकर एक घर को ध्वस्त कर दिया. जिससे घर में सो रहे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई है।

मृतक की पहचान विजय सिंह के रूप में की गई है. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. ग्रामीण परिजनों को सांत्वना देने में लगे हैं. वहीं जानकारी मिलने के बाद पंचायत प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली. इधर, घटना के बाद वन विभाग के पदाधिकारी भी नगारी गांव पहुंच गए हैं. पदाधिकारी ने परिजनों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया है और हाथियों से जल्द ग्रामीणों को निजात दिलाने की बात कही है। इससे पहले सोमवार को भी झुंड से बिछड़े एक हाथी ने धुरकी थाना क्षेत्र के चिरका में दो लोगों की कुचल कर मार डाला था. लगातार हो रहे हाथियों के हमले से ग्रामीणों में दहशत है. साथ ही वन विभाग के प्रति नाराजगी है.ग्रामीणों ने कहा हाथियों ने तीन दिनों में तीन लोगों को कुचलकर मार डाला है, लेकिन वन विभाग हाथियों को इलाके से भगाने के लिए कोई पहल नहीं कर रहा है. हालांकि मुखिया ने कहा की डीएफओ से बात हुई है. उन्होंने हाथियों को भगाने की पहल करने की बात कही है।

इधर, विधायक और सांसद ने भी बड़े स्तर पर पहल करने की बात कही है. इस मामले को लेकर गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि लोगों के द्वारा जंगलों की कटाई की जा रही है. जिसके फलस्वरूप हाथी या अन्य जानवर गांव की ओर घुस रहे हैं और मानव जीवन को क्षति पहुंचा रहे हैं. वहीं पलामू सांसद बीडी राम ने कहा की ये सिर्फ यहां का मामला नहीं है, बल्कि देश के कई जगहों में ऐसे ही हालात हैं. इस मामले को सदन में भी उठाया गया है. निश्चित तौर पर मामले में ठोस पहल की जाएगी।

# गैस टैंकर रिसाव पर काबू




**जमशेदपुरः** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा-बारिपदा मार्ग पर जामशोला के पास मंगलवार को प्रोपलीन गैस टैंकर से हुए रिसाव पर विशेषज्ञों की मदद से पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस कार्य के लिए लगभग 23 घंटे लगे। अधिकारियों ने बताया कि गैस रिसाव को नियंत्रित कर क्षतिग्रस्त टैंकर से गैस को सुरक्षित रूप से अन्य वाहन में स्थानांतरित कर दिया गया, जिसे गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। वर्तमान में बुधवार से स्थिति सामान्य है और राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर आवागमन बहाल कर दिया गया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने राहत और बचाव कार्य में तत्परता दिखाने के लिए विशेषज्ञों की टीम, एनडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, स्थानीय ग्रामीणों तथा जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की सराहना की।

# हजारीबाग में टीएसपीसी के पूर्व सब-जोनल कमांडर की हत्या

## 8 से 10 राउंड चली गोलियां, मौके से 7-8 खोखे बरामद






**हजारीबागः** जिले के केरेडारी-बुंडू मुख्य मार्ग पर गेरुआ नदी के पास मंगलवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने टीएसपीसी (तृतीय प्रस्तुति कमेटी) के पूर्व सब जोनल कमांडर अनीश अंसारी की गोली मारकर हत्या कर दी. पुलिस सूत्रों के अनुसार अनीश पर करीब 8 से 10 राउंड गोलियां चलाई गईं. मौके से 7-8 खोखे बरामद किए गए हैं और उसके शरीर पर गोलियों के कई निशान पाए गए हैं।

घटना की जानकारी बुधवार की सुबह केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार को मिली, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज भेज दिया. अनीश अंसारी रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का रहने वाला था. पुलिस ने घटनास्थल से एक एंड्रायड मोबाइल, चार्जर और हेडफोन भी बरामद किया है।

पुलिस को मोबाइल की शुरुआती जांच में कई अहम जानकारियां मिली हैं. पुलिस के अनुसार अनीश टंडवा थाना क्षेत्र के आम्रपाली कोल माइंस में बड़ी घटना की साजिश में शामिल था और केरेडारी समेत कोल क्षेत्र में सक्रिय था. मामले की पुष्टि केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने की है।

सूत्रों के अनुसार अनीश अंसारी के खिलाफ केरेडारी समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों में 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. पहले वह टीएसपीसी के नाम पर अवैध लेवी वसूलता था और खुद को जोनल कमांडर अभिषेक का करीबी बताता था. अनुशासनहीनता और संगठन को बदनाम करने के आरोप में संगठन ने जुलाई 2024 में उसे निष्कासित कर दिया था। घटना के बाद पुलिस ने केरेडारी, सिकरी और बड़कागांव थाना क्षेत्रों में सघन जांच अभियान शुरू कर दिया है।

हत्या के पीछे वर्चस्व की प्रतिद्वंद्विता समेत कई पहलुओं की जांच की जा रही है. केरेडारी क्षेत्र में पहले भी नक्सली समूहों के बीच मुठभेड़ हो चुकी है. 20 मई 2017 को इसी इलाके में हुई मुठभेड़ में टीएसपीसी के छह हार्डकोर उग्रवादी मारे गए थे. अगले दिन 21 मई को संगठन के दर्जनों सदस्य शव लेने पहुंचे थे, जिनकी फिल्मी हरकत ने स्थानीय लोगों को भयभीत कर दिया था. घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस हर संभावित कड़ी की जांच कर रही है।

# गिरिडीह में ट्रक-कार में भीषण भिड़ंत, तीन की मौत, एक ही परिवार के थे सभी



**गिरिडीहः** जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है. यहां एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है. तीनों एक ही परिवार के सदस्य थे. घटना बेंगाबाद थाना इलाके के दामोदरडीह के पास की है. मृतकों में छोटू तुरी ( 50 वर्ष ), राजन तुरी ( 25 वर्ष ) एवं लीलो तुरी ( 45 वर्ष ) शामिल है. जबकि घायलों में संगीता देवी और रानी देवी शामिल है. मृतक और घायल जमुआ थाना इलाके के जारंगडीह के रहने वाले बताए जा रहे हैं। बताया जाता है कि लीलो तुरी आषाढी पूजा में शामिल होने अपनी बहन के घर महुआर आया था. पूजा के बाद देर रात लगभग 2 बजे सभी एक स्विफ्ट कार पर सवार होकर वापस जा रहे थे. जो जानकारी मिली है कि इसी क्रम में दामोदरडीह स्थित मोछू लायन होटल के पास ट्रक से टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटना के बाद ट्रक का तीन टायर ब्लास्ट कर गया. घटना के बाद ट्रक को लेकर ड्राइवर फरार हो गया और आगे एक पेट्रोल पंप के पास वाहन को खड़ा कर दिया।

इधर, मामले की सूचना बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह को मिली. सूचना मिलते ही थानेदार दल बल के साथ पहुंचे. कार में बुरी तरह से जख्मी संगीता देवी और रीना देवी समेत पांच को सदर अस्पताल भेजा गया, जिसमें चिकित्सक ने छोटू तुरी ( 50 वर्ष ), राजन तुरी ( 25 वर्ष ) एवं लीलो तुरी ( 45 वर्ष ) को मृत घोषित कर दिया. जबकि संगीता और रीना का इलाज चल रहा है।

इधर, मृतक के परिचित भीमलाल तुरी का कहना है कि ट्रक ने ही पीछे से टक्कर मारी है. घटना में मरे सभी गोतिया है. जबकि मृतक छोटू तुरी और राजन तुरी पिता-पुत्र थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मेदार।

# अब ओला-उबर राइड पर लगेगा दोगुना किराया: केंद्र सरकार की नई गाइडलाइंस; पीक आवर्स में फेयर बढ़ाने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली:** अगर आप ऑफिस आने जाने के टाइम या शाम के पीक आवर्स में ओला, उबर या रैपिडो से सफर करते हैं, तो अब जेब पर ज्यादा बोझ पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने नई गाइडलाइंस जारी कर दी हैं, जिसके तहत एप बेस्ड टैक्सी कंपनियां अब पीक आवर्स में बेस फेयर का दोगुना किराया तक वसूल सकेंगी।




### यहां सवाल-जवाब में जानें किराया बढ़ाने के नए नियम...

**सवाल 1: सरकार ने कैब कंपनियों के लिए क्या नया नियम बनाया है?**
**जवाब:** केंद्र सरकार ने मंगलवार को मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस 2025 जारी की हैं। इसके तहत ओला, उबर, रैपिडो और इनड्राइव जैसी कैब कंपनियों को पीक आवर्स में बेस किराए का दोगुना (2x) तक किराया वसूलने की अनुमति दी गई है। पहले यह सीमा 1.5 गुना थी।
**उदाहरण:** मान लीजिए, भोपाल में एक कैब का बेस किराया 100 रुपए प्रति 5 किलोमीटर है। नए नियमों के तहत, पीक आवर्स में कंपनी 200 रुपए तक वसूल सकती है।

**सवाल 2: पीक आवर्स क्या होते हैं?**
**जवाब:** पीक आवर्स वह समय होता है जब सड़कों पर ट्रैफिक ज्यादा होता है, तो कैब की मांग बढ़ती है, या मौसम खराब होने की वजह से लोग ज्यादा कैब बुक करते हैं। आमतौर पर यह सुबह 8-11 बजे और शाम 5-9 बजे के बीच होता है। बारिश, त्योहार या बड़े इवेंट्स के दौरान भी पीक आवर्स हो सकते हैं।
उदाहरण: जयपुर में मानसून के दौरान भारी बारिश हो रही है। ऑफिस टाइम में, जब लोग घर या ऑफिस जाना चाहते हैं, तो मांग बढ़ जाती है। वहां प्रति किलोमीटर का बेस किराया 20 रुपए है, बारिश के दौरान पीक आवर्स में 5 किलोमीटर की राइड के लिए आपको 100 की जगह 200 रुपए (2x) तक देने पड़ेंगे। पहले यह अधिकतम 150 रुपए (1.5x) होता था।

**सवाल 3: क्या नॉन-पीक आवर्स में भी किराया प्रभावित होगा?**
**जवाब:** हां, नए नियमों के अनुसार नॉन-पीक आवर्स (जब मांग कम होती है) में किराया बेस किराए का कम से कम 50% होगा। जैसे दोपहर के समय या देर रात, न्यूनतम किराया बेस किराए का 50% होगा। इसका मतलब है कि कंपनियां बेस किराए से कम किराया नहीं ले सकतीं, भले ही राइड बहुत छोटी हो। यह नियम ड्राइवरों की आय को सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। उदाहरण: लखनऊ में एक बाइक टैक्सी का बेस किराया 2 किलोमीटर के लिए 100 रुपए है। नॉन पीक आवर्स में, जैसे दोपहर 2 बजे, अगर आप 2 किलोमीटर की राइड लेते हैं, तो आपको कम से कम 50 रुपए देने होंगे। कंपनी इसके लिए पहले और कम रुपए चार्ज करती थी।

**सवाल 4: बेस किराया क्या है और इसे कौन तय करता है?**
**जवाब:** बेस किराया वह मूल किराया है, जो कैब, ऑटो-रिक्शा या बाइक टैक्सी के लिए एक निश्चित दूरी या समय के लिए तय किया जाता है। यह किराया राज्य सरकारें तय करती हैं, क्योंकि परिवहन नियम राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। बेस किराया शहर, वाहन के प्रकार (जैसे सेडान, एसयूवी, ऑटो, या बाइक) और स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर करता है।

# पीएनबी में अब मिनिमम एवरेज बैलेंस रखने की जरूरत नहीं: पहले 600 रु. तक पेनाल्टी लगती थी

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के बैंक अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस नहीं रखने पर कोई पेनल्टी (जुर्माना) नहीं लगेगी। बैंक ने 1 जुलाई से मिनिमम एवरेज बैलेंस रखने की जरूरत को खत्म कर दिया है। ये नया बदलाव सभी तरह के बैंक अकाउंट्स पर लागू हो गया है। इससे पहले तक कई बैंकों की तरह पीएनबी भी अपने ग्राहकों से मिनिमम एवरेज बैलेंस न रखने पर जुर्माना वसूलता था। ये जुर्माना अकाउंट के प्रकार और भौगोलिक स्थिति (शहरी, अर्ध-शहरी या ग्रामीण शाखाएं) के आधार पर अलग-अलग थे। ये जुर्माना 10 रुपए से लेकर 600 रुपए या उससे अधिक होता था।

### क्या होता है मिनिमम एवरेज बैलेंस?

मिनिमम एवरेज बैलेंस यानी एमएबी वो औसत रकम है जो आपके बैंक खाते में हर महीने रहनी चाहिए। आसान भाषा में कहें तो, बैंक चाहता है कि आपके खाते में हमेशा कुछ न कुछ पैसा रहे, ताकि खाता चलता रहे और बैंक को उसका रखरखाव करने में आसानी हो।

### इसे ऐसे समझिए:

- हर दिन आपके खाते में जो बैलेंस होता है,




उसका महीने भर का एवरेज यानी औसत निकाला जाता है।
- मान लो, बैंक कहता है कि आपके खाते में मिनिमम एवरेज बैलेंस 5000 रुपए होना चाहिए। इसका मतलब, महीने के अंत में जब आपके रोज के बैलेंस का औसत निकाला जाएगा, वो 5000 रुपए से कम नहीं होना चाहिए।

### एसबीआई में भी नहीं रखना होता मिनिमम एवरेज बैलेंस

देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया यानी एसबीआई भी मिनिमम एवरेज बैलेंस नहीं रखने पर कोई जुर्माना नहीं लेता है। ज्यादातर प्राइवेट बैंक में मिनिमम एवरेज बैलेंस रहना होता है।

# ईटीएफ में जमकर बरसा पैसा, 5 साल में 5 गुना बढ़कर एयूएम पहुंचा 8.38 लाख करोड़

भारत में एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) ने पिछले पांच वर्षों में जबरदस्त ग्रोथ हासिल की है। मार्च 2025 तक, ईटीएफ का कुल एसेट अंडर मैनजमेंट (एयूएम) पांच गुना से ज्यादा बढ़कर 8.38 लाख करोड़ तक पहुंच गया। मार्च 2020 में यह 1.52 लाख करोड़ था। फंड हाउस ज़ेरोधा ने यह जानकारी दी। ईटीएफ का बढ़ता आधार निवेशकों की बदलती प्राथमिकताओं की ओर स्पष्ट संकेत करता है। अब ईटीएफ भारतीय म्युचुअल फंड उद्योग की कुल 65.74 लाख करोड़ की एयूएम में 13% का योगदान कर रहे हैं, जबकि मार्च 2020 में यह हिस्सा लगभग 7% था।

### ईटीएफ की संख्या 5 साल में 3 गुना बढ़ी

ज़ेरोधा की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में भारत में ईटीएफ का दायरा काफी तेजी से बढ़ा है। देश में उपलब्ध ईटीएफ की कुल संख्या का लगभग तीन गुना हो जाना इस बात का संकेत है कि निवेश के विकल्पों की विविधता में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इस विस्तार में 2022 में सिल्वर-समर्थित नए कमोडिटी ईटीएफ की शुरुआत भी शामिल है, जिससे निवेशकों के पास अब अधिक विकल्प उपलब्ध हो गए हैं।

### ईटीएफ में रिटेल फोलियो 11 गुना बढ़ा

मार्च 2020 तक रिटेल निवेशकों का ईटीएफ में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) लगभग 5,335 करोड़ था। अगले पांच वर्षों में, यानी मार्च 2025 तक यह बढ़कर 17,800 करोड़ से ज्यादा हो गया। ईटीएफ स्कीम्स में रिटेल निवेशक फोलियो की संख्या में भी जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। मार्च 2020 में यह आंकड़ा 23.22 लाख था, जो मार्च 2025 तक बढ़कर लगभग 2.63 करोड़ हो गया—यानी रिटेल भागीदारी में दस गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। ज़ेरोधा फंड हाउस के सीईओ विशाल जैन ने कहा, "यह विश्लेषण भारतीय ईटीएफ के एक नए दौर की ओर इशारा करता है, जहां रिटेल निवेशकों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है और उत्पादों की विविधता भी बढ़ी है, जिसका असर ट्रेडिंग वॉल्यूम में साफ दिख रहा है।"

### 1 साल में ईटीएफ ट्रेडिंग वॉल्यूम दोगुना बढ़ा

भारत में ईटीएफ का ट्रेडिंग वॉल्यूम तेजी से बढ़ा है। वित्त वर्ष 2019-20 में यह 51,101 करोड़ था, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 3.83 लाख करोड़ हो गया—यह सात गुना से ज्यादा की बढ़ोतरी है। खास बात यह है कि पिछले एक साल में ही ट्रेडिंग वॉल्यूम दोगुने से ज्यादा हो गया है। फंड हाउस ने कहा कि हाई लिक्विडिटी निवेशकों के लिए एक बड़ा फायदा है, क्योंकि इससे ट्रेडिंग आम तौर पर ज्यादा आसान और प्रभावी हो जाती है। हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि ईटीएफ के अलग-अलग एसेट क्लास में ट्रेडिंग वॉल्यूम में फर्क हो सकता है।

# विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों का अधिग्रहण करेगी एनएमडीसी: सीएमडी

नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के अधिग्रहण करने के बारे में विचार कर रही है। कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि इससे कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी। एंटीमनी, लिथियम, कोबाल्ट, तांबा जैसे महत्वपूर्ण खनिज सौर पैनल, पवन चक्की, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी हैं। भारत ने उनकी दीर्घकालिक उपलब्धता और प्रसंस्करण सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) शुरू किया है। उन्होंने कहा कि खनिज विविधीकरण रणनीति के तहत, एनएमडीसी वैश्विक स्तर पर 10 रणनीतिक खनिज परिसंपत्तियों में अधिग्रहण के अवसरों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही है। एनएमडीसी वैश्विक महत्वपूर्ण खनिज मूल्य शृंखला में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रही है। दुबई में एनएमडीसी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यह शहर वैश्विक अवसरों का प्रवेश द्वार है और नया कार्यालय, कंपनी के खनन परिदृश्य को दोबारा परिभाषित करने के लिए तैयार है।

# एसबीआई ने रिलायंस कॉम के लोन को घोषित किया फ्रॉड, आरबीआई को भेजा अनिल अंबानी का नाम

**स्टेट** बैंक ऑफ इंडिया ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के लोन खाते को "धोखाधड़ी" (फ्रॉड) घोषित कर दिया है। साथ ही कंपनी के पूर्व निदेशक अनिल धीरूभाई अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह जानकारी आरकॉम ने मंगलवार को एक नियामकीय फाइलिंग में दी। एसबीआई की 23 जून, 2025 के लेटर में कहा गया है, "बैंक की फ्रॉड आइडेंटिफिकेशन कमिटी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के लोन अकाउंट को फ्रॉड घोषित करने का निर्णय लिया है।" यह लेटर 30 जून को कंपनी को मिली। इसमें रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड और अन्य समूह कंपनियों के जरिये संभावित फंड डायवर्जन समेत कई अनियमितताओं और लोन शर्तों के उल्लंघन का हवाला दिया गया है, जिनके आधार पर फ्रॉड घोषित किया गया। बैंक ने बताया कि वह आरबीआई के मास्टर डायरेक्शन और सर्कुलरों के अंतर्गत, लोन खाते और अनिल अंबानी के नाम को आरबीआई को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रहा है। नवंबर 2024 में केनरा बैंक ने भी आरकॉम के खाते को "फ्रॉड" घोषित




किया था, हालांकि बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी।

### आरकॉम की दिवालिया प्रक्रिया से पहले के हैं फ्रॉड के दावे

एसबीआई की यह कार्रवाई आरकॉम की ओर से कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी रेजोल्यूशन प्रोसेस शुरू होने से पहले लिए गए कर्ज और क्रेडिट सुविधाओं से जुड़ी है। यह प्रक्रिया जून 2019 में शुरू हुई थी और तब से कंपनी का संचालन रिजोल्यूशन प्रोफेशनल अनीश निरंजन ननावटी की निगरानी में चल रहा है। मामले की सुनवाई राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मुंबई बेंच कर रही है, जहां एक प्रस्तावित रिजॉल्यूशन प्लान विचाराधीन है।

### आईबीसी में कंपनी को 'एडवर्स एफेक्ट' से छूट: आरकॉम

रिलायंस कम्युनिकेशंस ने कहा कि कंपनी 2019 से सीआईआरपी के अंतर्गत है। लेनदारों ने समाधान योजना को मंजूरी दे दी है और एनसीएलटी से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। एसबीआई की ओर से 23 जून 2025 को भेजे गए लेटर में जिन लोन सुविधाओं का हवाला दिया गया है, वे सीआईआरपी शुरू होने से पहले की हैं। कंपनी ने कहा कि इन ऋणों को इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के अंतर्गत अप्रूव्ड रिजॉल्यूशन प्लान या लिक्विडेशन के जरिए ही निपटाया जा सकता है। आरकॉम ने कहा कि सीआईआरपी के दौरान कंपनी के खिलाफ किसी भी कानूनी कार्रवाई, मुकदमे या कार्यवाही की शुरुआत या जारी रखने पर रोक है। आईबीसी की धारा 32A के अंतर्गत इम्यूनिटी प्रावधानों के मुताबिक, अगर रिजॉल्यूशन प्लान को एनसीएलटी से मंजूरी मिल जाती है, तो कंपनी को सीआईआरपी शुरू होने से पहले किए गए किसी भी कथित अपराध के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

## दैनिक पंचांग

**3 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.21 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | सिंह | 08.37 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.49 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.00 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.14 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.30 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.35 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.22 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.55 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 00.25 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | वृष | 02.05 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.03 बजे से |

**गुरुवार** 2025 वर्ष का 184 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 14.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 13.51 बजे को समाप्त।
**योग** परिघ 18.36 बजे को समाप्त।
**करण** बव 14.07 बजे तदनन्तर बालव 03.19 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 07.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 57'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872394
**जूलियन दिन** 2460859.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** मोहर्रम
**तारीख** 07
**विशेष** मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7335



**बाएँ से दाएँ**
1. कृष्ण का एक नाम-4,3
6. धन, संपत्ति-2
7. इस युवती को बयान बदलने पर जेल की सजा हुई है-3
8. विजय, फतह-2
10. आम जनता, लोग-2
11. लाभ, कुल योग-2
13. निर्माण, कृति-3
14. उत्तर-3
15. नष्ट, विनाश-2
17. रुस्तमे हिंद का सिर्फ नाम-2
18. तह, अस्तर-2
20. राजी होना-3
21. अवरोध, रुकावट-2
22. आतंक फैलना-4,3

**ऊपर से नीचे**
2. भिड़ंत, मुठभेड़-3
3. इस्लामी महीना-4
4. हाथी, गज-4
5. न्यायाधीश-2
6. जोरदार-5
9. लालसी, आकांक्षी, पिपासु-5
10. स्त्रीत्वपूर्ण, स्त्रीय-3
12. वृतांत, घटना-3
16. हल, निष्कर्ष-4
17. राशन, भोजन-4
19. घोड़ा गाड़ी-2
21. रुकावट, अवरोध-3

**शब्द पहेली -7334 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | प | ना | प | न | ■ | प | क | ना |
| रा | ल | ■ | त | ■ | ख | स | म | ■ |
| ज | ■ | का | न | न | ■ | ■ | जो | श |
| क | ह | र | ■ | क | र | ता | र | ■ |
| ता | ■ | ग | ■ | छे | ■ | र | ■ | फ |
| ■ | ब | र | ग | द | ■ | ता | मी | र |
| द | गा | ■ | ■ | न | ज | र | ■ | मा |
| ■ | व | त | न | ■ | ह | ■ | पा | ई |
| फ | त | ह | ■ | स | र | फ | रो | श |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का इतिहास

1881 ब्रिटेन के दबाव में तुर्की ने यूनान के साथ समझौता किया.
1896 तुर्की के सुलतान हमीद द्वितीय ने क्रीट के लोगों को प्रशासन चलाने का अधिकार दिया.
1908 बाल गंगाधर तिलक राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए.
1944 द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत सैनिकों ने मिस्त्र पर कब्जा किया.
1950 कोरियाई युद्ध में अमरीका और उत्तर कोरियाई सैनिकों के बीच पहली टक्कर हुई.
1962 अल्जीरिया 132 वर्ष के फ्रांसीस शासन के बाद स्वतंत्र हुआ.
1971 इंडोनेशिया में 16 वर्ष के बाद चुनाव हुए.
1997 डॉ.शिवाजी गणेशन को वर्ष 1996 का दादा फाल्के पुरस्कार प्रदान किया गया.
2002 प्रधानमंत्री ने इनसैट-3सी उपग्रह राष्ट्र को समर्पित किया.
2004 प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अल्पसंख्यकों के आरक्षण के लिए आयोग बनाने की घोषणा की.

## अंकजाल - 6876

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 21 | 13 | 45 | 33 | ■ | ■ | 21 | 23 | ■ |
| 21 | 9 | | 7 | | ■ | | 5 | | 14 |
| 23 | | 2 | | 5 | ■ | 8 | | 5 | 20 |
| ■ | 3 | | 2 | | 3 | | 2 | | 35 |
| ■ | ■ | ■ | | 7 | | 5 | | 8 | 36 |
| 33 | 9 | | 3 | | 5 | | ■ | ■ | ■ |
| 38 | | 3 | | 4 | | 2 | | 6 | ■ |
| 14 | 3 | | 7 | ■ | 8 | | 5 | | 29 |
| 13 | | 6 | | ■ | | 6 | | 7 | 25 |
| ■ | 20 | 15 | ■ | ■ | 27 | 44 | 18 | 21 | ■ |

**अंकजाल 6875 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 25 | 19 | 23 | ■ | 31 | 19 | 16 | 11 | ■ |
| 14 | 7 | 2 | 5 | ■ | 7 | 8 | 5 | 4 | 24 |
| 18 | 9 | 2 | 7 | ■ | 5 | 8 | 7 | 5 | 25 |
| 13 | 3 | 8 | 2 | ■ | 7 | 3 | 4 | 2 | 16 |
| 32 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 2 | 5 | 9 | 2 | 3 | 21 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 29 | 8 | 8 | 5 | 8 | ■ | 6 | 4 | 4 | 14 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 26 | ■ | 21 | 16 | 18 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 5820

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | 4 | | 6 | 7 |
| | 30 | 6 | 34 | 2 | 31 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | | 6 | 2 | |
| 6 | 30 | | 33 | | 34 | 5 |
| | 5 | 2 | | 7 | 1 | 6 |
| 7 | 35 | 4 | 35 | | 28 | |
| 4 | 7 | | 6 | | 2 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**अष्टयोग 5819 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 1 | 31 | 2 | 38 | 6 | 28 | 3 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 6 | 36 | 3 | 33 | 1 | 28 | 5 |
| 3 | 5 | 7 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 7 | 32 | 4 | 31 | 4 | 33 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 6 | 7 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 5180

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 68 | | 5 | | 32 | | 45 | = | 86 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 38 | | 22 | | 31 | | 30 | = | 77 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 10 | | 5 | | 10 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 10 | | 20 | = | 10 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 20 | | 19 | | 15 | | 5 | = | 24 / 11 |

### संकेत

*खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.*

**गणित पहेली - 5179**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | + | 53 | - | 2 | - | 4 | = | 71 |
| + | ■ | - | ■ | + | ■ | x | ■ | - |
| 66 | - | 43 | + | 4 | - | 5 | = | 22 |
| - | ■ | x | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 45 | x | 1 | - | 5 | ÷ | 4 | = | 10 |
| - | ■ | x | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 20 | ÷ | 2 | x | 4 | - | 20 | = | 20 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 25 | - | 20 | + | 5 | - | 4 | = | 59 / 6 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 6867

*शब्द जाल में 10 विलोम शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

अंधेरा उजाला, लाभ हानि, एडी चोटी, हार जीत, चित पट, पूरा आधा, मर्द औरत, पास दूर, स्वर्ग नर्क, खाली भरा

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अं | धे | रा | उ | जा | ला | झ | क | चि |
| खा | ली | भ | रा | रिं | लै | ता | भ | शा | को | चि |
| ट | र | ह | झि | दा | चि | सिं | हा | र | जी | त |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | नि | दा | र | प |
| टा | पा | र | स्व | र्ग | न | र्क | चि | स | र | ट |
| ह | स | प | ए | दा | ह | ला | पू | ड़ा | न | ती |
| ट | दू | बु | अ | डी | म | ट | ह | रा | ह | क |
| बा | र | वा | ला | क | चो | सौ | न | ट | आ | ट |
| स | थो | तें | व | ह | ज | टी | ने | दा | र | धा |
| र | ल | प | ति | रं | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | म | र्द | औ | र | त | ख | ला | ह | ट |

**शब्दजाल - 6866 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | धि | अ | र | प | अ |
| न | ग | क | म | इं | डो | ने | फ | ति | मा | ना |
| अ | दा | ल | ला | मा | ग | अं | रा | ह | प | प |
| आ | ग | ल | ब | जा | न | स | त | ह | अ | श |
| ना | न | अ | र | ग | न | मे | फ | का | ग | ना |
| जा | अ | न | र | व | ल | का | री | ह | र | प |
| ना | ज | ल | फा | व | अ | ला | र | मा | म | ग |
| आ | र | पा | र | न | प | स | रा | ल | ग | ला |
| अ | पं | बा | अ | लं | न | र | ह | न | र | दे |
| र | ज | ति | मा | अ | द | ली | ब | द | ली | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार
(www.morth.nic.in)

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(www.nhai.gov.in)




# ₹6300+ करोड़ के निवेश की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का झारखंड वासियों को उपहार

## शिलान्यास

**दामोदर नदी पर हाई लेवल पुल एवं भौरा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण**
(NH-218, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹285 करोड़)

**मुर्गाताल से मानपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-218, लम्बाई 27 किमी, लागत ₹95 करोड़)

**सिमडेगा जिले में 8 हाई लेवल ब्रिजों का निर्माण**
(NH-143, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹35 करोड़)

## लोकार्पण

**पलमा से गुमला तक 4 लेन सड़क का निर्माण**
(NH-23, लम्बाई 63 किमी, लागत ₹1900 करोड़)

**बरही-कोडरमा खंड का 4 लेन का निर्माण**
(NH-31, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹825 करोड़)

**रांची शहर के अंतर्गत रातु रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण**
(NH-75, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹560 करोड़)

**गोड्डा से सुंदरपहाड़ी खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-333 A, लम्बाई 18 किमी, लागत ₹100 करोड़)

**झारखंड भाग में बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-133, लम्बाई 15 किमी, लागत ₹70 करोड़)

**गिरीडीह शहर में सड़क का चौड़ीकरण**
(NH-114 A, लम्बाई 9 किमी, लागत ₹20 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | रांची | दोपहरः 2:30 बजे**

## शिलान्यास

**छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा से गुमला तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-43, लम्बाई 32 किमी, लागत ₹1330 करोड़)

## लोकार्पण

**शंखा से खजुरी तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-39, लम्बाई 23 किमी, लागत ₹1130 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | ग्राम हुर के पास, गढ़वा बाईपास, गढ़वा, झारखंड | सुबह : 11:30 बजे**

## विकास परियोजनाओं से लाभ

- रांची शहर में रातु रोड पर लगने वाले जाम से निजात, समय और ईंधन की बचत
- आस पास के राज्यों से सुगम संपर्क, माल ढुलाई आसान और व्यापार को बढ़ावा
- रांची और पटना के बीच कनेक्टिविटी आसान
- तिलैया डैम और कोडरमा वन जैसे पर्यटन स्थलों तक आसान पहुँच
- अंजनी धाम, टांगीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों तक सुगम कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं को सुविधा
- एनएच - 114A के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से गिरडीह शहर में यातायात हुआ सुगम
- धनबाद और पश्चिम बंगाल के बीच बेहतर हुआ संपर्क, कोयला ढुलाई आसान
- लॉजिस्टिक लागत में कटौती से औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा
- स्थानीय उत्पादों एवं कृषि उपज की बड़े बाजारों तक पहुँच आसान

**नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री
भारत सरकार
के कर कमलों द्वारा

एवं

**हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखंड
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025**

### गरिमामयी उपस्थिति

- **अन्नपूर्णा देवी** — केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री
- **संजय सेठ** — केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री
- **बाबु लाल मरांडी** — नेता प्रतिपक्ष, झारखंड
- **रघुवर दास** — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड
- **शिबू सोरेन** — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड एवं सांसद (राज्यसभा)
- **संजय प्रसाद यादव** — उद्योग मंत्री, झारखंड
- **दीपिका पाण्डेय सिंह** — पंचायती राज मंत्री, झारखंड
- **सुदिव्य कुमार** — पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री, झारखंड
- **शिल्पी नेहा तिर्की** — कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, झारखंड
- **चमरा लिण्डा** — अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, झारखंड

### माननीय सांसद गण

दीपक प्रकाश, आदित्य प्रसाद, महुआ माजी, प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. सरफराज अहमद, डॉ. निशिकांत दुबे, विजय कुमार हांसदाक, विष्णु दयाल राम, चंद्र प्रकाश चौधरी, दुलू महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत

### माननीय विधायक गण

सी.पी. सिंह, प्रदीप यादव, नीरा यादव, नमन बिक्सल कोनगाडी, भूषण तिर्की, जिगा सुसरन होरो, मनोज कुमार यादव, उमाकांत रजक, रागिनी सिंह, धनंजय सोरेन, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, नरेश प्रसाद सिंह

CBC 37107/15/0005/2526

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial